दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शनिवार, 31 अक्टूबर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-247 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

पूर्व राज्यसभा सांसद व उद्योगपति आरके सिन्हा का निधन

■ राजनीतिक और कारोबारी जगत में शोक की लहर
■ पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए पटना लाया जाएगा

75 वर्ष की आयु में नोएडा आवास पर ली अंतिम सांस



पटना (एनएसबी)। उद्योगपति और भाजपा के वरिष्ठ नेता रवीन्द्र किशोर सिन्हा का शुक्रवार को नोएडा स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। भोजपुर जिले के बहियारा गांव निवासी रविन्द्र किशोर सिन्हा का जन्म 22 सितम्बर 1951 को हुआ था। पूर्व सांसद आरके सिन्हा ने नोएडा स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। डॉ आरके सिन्हा एसआईएस समूह के संस्थापक और चेयरमैन थे। राजनीति के साथ-साथ उद्योग जगत में उनकी विशिष्ट पहचान थी। उनके निधन की खबर से राजनीतिक और कारोबारी जगत में शोक की लहर है। भाजपा के शुरूआती दौर से जुड़े रहे डॉ. सिन्हा ने पार्टी और संगठन के लिए लंबे समय तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह राज्यसभा सांसद के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके थे। स्व. सिन्हा के निजी सहायक सतीश राजू और मनीष किशोर ने बताया कि बीते वर्ष से ही उनकी हालात नाजुक थी। उनका इलाज सिंगापुर से चल रहा था। आज सुबह यह दुखद समाचार हमलोगों को प्राप्त हुआ है। उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए दिल्ली से पटना लाया जाएगा। पटना के पाटलिपुत्र स्थित अन्नपूर्णा भवन में लोग उनके अंतिम दर्शन कर सकेंगे। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि पार्थिव शरीर को कब लाया जायेगा।

पत्रकारिता से की थी करियर की शुरूआत

स्व. सिन्हा ने अपने करियर की शुरूआत पत्रकारिता से की थी। राजनीति विज्ञान और कानून की पढ़ाई करने वाले आरके सिन्हा की लेखन में गहरी रुचि थी। पत्रकारिता के दौर में उन्होंने जनांदोलन नाम की किताब लिखी थी। इस किताब में जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में 1970 से 1975 के बीच चले छात्र आंदोलन का विस्तार से जिक्र किया गया। वर्ष 2016 से लेकर 2022 तक वे हिन्दुस्थान समाचार संवाद समिति के चेयरमेन के रुप में भी अपनी सेवा दी।

छपरा में पुजारी की गोली मारकर हत्या

मशरक (एनएसबी)। मशरक थाना क्षेत्र के सेरूकहा गांव में अपराधियों ने एक पुजारी की गोली मारकर हत्या कर दी। शुक्रवार के अहले सुबह पुजारी का शव गांव में सड़क किनारे मिलने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक मशरक थाना अंतर्गत जजौली पंचायत के धर्मासती गंडामन गांव निवासी स्व. वीरेंद्र मिश्रा के 37 वर्षीय पुत्र पंडित रवि प्रकाश मिश्रा बृहस्पतिवार की शाम करवाचौथ की कथा सुनाने के लिए साइकिल से पकड़ी गांव गए थे। कथा सुनाने के बाद वह घर वापस लौट रहे थे इसी दौरान सेरूकहा गांव में अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। ऐसी आशंका शव को देख सभी ने लगाया।

संक्षिप्त खबरें

मनीषा विमेंस वर्ल्ड रेसलिंग जीतने वाली पहली भारतीय



कजाकिस्तान। मनीषा भानवाला विमेंस वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। उन्होंने शुक्रवार को कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में अमेरिका की एबिगेल नेट को 59 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में 8-6 से हराया। 29 साल की मनीषा मुकाबले के एक समय 1-5 से पीछे थीं। लेकिन उन्होंने आखिरी 3 मिनट में 7 पॉइंट हासिल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ मनीषा ने अपने पिता सुरेश का सपना पूरा किया।

भागलपुर-हंसडीहा मार्ग पर अंधेरे में पानी में समाई SUV, एक की मौत

बांका। बांका जिले के रजौन थाना क्षेत्र अंतर्गत रायपुरा केमिकल फैक्ट्री के समीप धोबीडीहर गांव के पास शुक्रवार की देर रात एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में तेज रफ्तार नई एसयूवी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित गहरे पोखर में जा गिरी। हादसे में अब तक एक करीब 45 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद किया गया है, जबकि वाहन में सवार तीन से चार अन्य लोगों के गहरे पानी में डूबने की आशंका है।

गोपालगंज में शॉर्ट सर्किट से 20 से ज्यादा गाड़ियां जलकर राख

गोपालगंज। गोपालगंज में बंजारी मोड़ स्थित गोपाल मोटर गैराज में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से गैराज में मरम्मत के लिए खड़ी 20 से अधिक कारें जलकर क्षतिग्रस्त हो गईं। वहीं, मोबाइल टावर कंपनी की दो मशीनें भी आग में जल गईं। इस घटना में करीब 25 लाख रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है।

दिल्ली के मंगोलपुरी की जूता फैक्ट्री में लगी आग, चार मरे

नई दिल्ली। मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र फेज-एक स्थित जूता फैक्ट्री में शुक्रवार रात भीषण आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य झुलस गए। सभी छह लोगों को फैक्ट्री के अंदर से बेहोशी की हालत में बाहर निकालकर संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल पहुंचाया गया था। यहां चार लोगों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

कृषि को बाजार और एमएसपी से जोड़ना होगा : सम्राट चौधरी

पीएम ने देश के 9.34 करोड़ किसानों के खाते में भेजी सम्मान राशि



■ पीएम किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम में वीसी के जरिए शामिल हुए सीएम
■ बिहार के 73 लाख किसानों के खाते में 1,476 करोड़ रुपये हस्तांतरित

पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शुक्रवार को सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र परिसर स्थित ज्ञान भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के बनासकांठा में आयोजित प्रधानमंत्री किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर बनासकांठा में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त के तहत देशभर के 9.34 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 18,690 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की। इसके तहत बिहार के 73 लाख से अधिक किसान परिवारों के खाते में 1,476 करोड़ रुपये की सम्मान राशि सीधे भेजी गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम सम्राट ने कहा कि पीएम मोदी ने किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर खेती-किसानी को मजबूती प्रदान की है। इस योजना के तहत किसानों को प्रतिवर्ष तीन किस्तों में 6,000 रुपये की सहायता दी जाती है। पिछले सात वर्षों से निरंतर किसानों को सहायता दी जा रही है। सीएम ने कहा कि बिहार में बाढ़ प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए प्रति किसान 7,000 रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है। कृषि इनपुट सब्सिडी के माध्यम से भी 270 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। सरकार किसानों के साथ हमेशा खड़ी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पिछले दो दिनों में हुई बेमौसम बारिश से फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर प्रभावित किसानों को चिह्नित करें तथा उन्हें मुआवजा उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करें। सीएम ने कहा कि बिहार में पहली बार टाल और दियारा क्षेत्रों को व्यवस्थित करने के लिए गाद प्रबंधन नीति बनाकर खेती को सुचारू बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। नेपाल की तराई से आने वाले पानी के साथ बड़ी मात्रा में गाद आने से किसानों को खेती में परेशानी होती है। सभी जिलाधिकारियों एवं आपदा प्रबंधन विभाग को निर्देश दिया गया है कि बालू और गाद के कारण किसानों को होने वाली परेशानियों का समाधान सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी व बिजेंद्र प्रसाद यादव, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, मंत्री विजय कुमार सिन्हा, राम कृपाल यादव, संतोष कुमार सुमन, श्रेयसी सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

गंगा जल संधि में बिहार के हितों का रखा जाए ख्याल

■ पेयजल, सिंचाई एवं उद्योगों के लिये पर्याप्त पानी के उपयोग का मिले अधिकार
■ सीएम ने कलश में गंगा जल डालकर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

पटना (एनएसबी)। सीएम सम्राट चौधरी ने राजधानी के चाणक्या होटल में गंगा जल संधिः बिहार की जल सुरक्षा विषय पर जल संसाधन विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय सेमिनार कार्यक्रम में शामिल हुये। सीएम ने कलश में गंगा जल डालकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि बिहार की नदियों, जल संसाधन और यहां की आबादी को राज्य की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी सबसे बड़ी ताकत बनाना है। यदि हम अपनी कमजोरियों को ताकत में बदलने में सफल रहे, तो बिहार को समृद्ध राज्य बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि बिहार के समग्र विकास, कृषि के विस्तार और औद्योगिक प्रगति के लिए पर्याप्त जल की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। राज्य को पीने के पानी, किसानों के खेतों की सिंचाई और उद्योगों के संचालन के लिए पानी चाहिए। गंगा जल एवं फरक्का समझौते से जुड़े विषयों में बिहार के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए। सीएम ने कहा कि बिहार और झारखंड के बीच सोन नदी के जल बंटवारे का लगभग 25 वर्षों से लंबित विवाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सहयोग से सुलझाया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने गाद प्रबंधन को लेकर राज्यस्तरीय नीति बनाई है। गंगा सहित अन्य नदियों से निकलनेवाली गाद का वैज्ञानिक तरीके से निष्कासन और उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। गंगा की गाद एवं मिट्टी को आम लोगों के उपयोग तथा सड़क एवं अन्य निर्माण कार्यों में इस्तेमाल के लिए उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जाएगा।

मेरे साथ खेल हुआ, फिर लडूंगा मोकामा से चुनाव : अनंत सिंह



■ नीरज कुमार ने मुझे दुलारचंद हत्या मामले में फंसाया

पटना (एनएसबी)। दुलारचंद हत्याकांड में मोकामा विधायक अनंत सिंह को सुप्रीम कोर्ट ने 1 दिसंबर को सरेंडर करने का आदेश दिया है। कोर्ट के आदेश के बाद अनंत सिंह मीडिया के सामने आए। अनंत सिंह ने कहा, कोर्ट के आदेश का पालन करूंगा। मैं एक दिसंबर को सरेंडर कर दूंगा। पूरा भरोसा है मुझे न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि नीरज कुमार ने ही सारे केस करवाए हैं। नीरज ने जो कहा वही सरकार ने किया। पार्टी ने भी वही किया। नीतीश जी रहते तो कभी ऐसा नहीं होता। नीतीश कुमार के गड़बड़ाने के बाद ये सब हुआ।

अनंत सिंह ने कहा कि मेरा साथ खेला होगा तो मैं संन्यास नहीं लूंगा। मैं आगे भी मोकामा से चुनाव लडूंगा। मेरा साथ जिसने जुल्म किया है, उसे भगवान देखेगा। जब अनंत से पूछा गया कि क्या अब उनके बेटे मोकामा से चुनाव लड़ेंगे, तो उन्होंने कहा कि यह सब खेल चलता रहेगा तो आगे भी मोकामा से हम ही चुनाव लड़ेंगे। पहले उनकी इच्छा थी कि बेटा चुनाव लड़े, लेकिन अब इस पर बाद में फैसला होगा।अनंत सिंह ने अनुज सिंह को लेकर भी सफाई दी। उन्होंने कहा कि उनका अनुज सिंह से कोई रिश्ता नहीं था। उन्होंने सिर्फ नीरज कुमार का विरोध करने के लिए अनुज सिंह का समर्थन किया था। इस दौरान अनंत सिंह ने जदयू और सरकार की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पार्टी में जब तक नीतीश कुमार की स्थिति ठीक थी, तब तक ऐसा कुछ नहीं हुआ। अब उनकी सेहत ठीक नहीं चल रही है, इसलिए पार्टी की स्थिति बदल गई है।

IRCTC मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राबड़ी-तेजस्वी को पेशी से राहत



■ 19 नवंबर को कोर्ट में पेश होने के निर्देश

नई दिल्ली (एनएसबी)। आईआरसीटीसी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को अगली सुनवाई में पेश होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जिन आरोपियों को हाईकोर्ट से ट्रायल पर रोक (स्टे) नहीं मिली है, उन्हें अगली तारीख पर हर हाल में उपस्थित होना होगा। मामले की अगली सुनवाई 19 नवंबर को होगी।

हालांकि, शुक्रवार को कोर्ट ने राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को व्यक्तिगत पेशी से छूट दे दी। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने स्वास्थ्य संबंधी परेशानी और फ्लाइट में देरी का हवाला दिया। सुनवाई के दौरान लालू यादव के वकील ने बताया कि सकते हैं। इस मामले की पिछली सुनवाई में कोर्ट ने लालू यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव समेत 9 आरोपियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोप तय किए थे। अब कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 19 नवंबर की तारीख तय की है।

अब विश्वविद्यालयों के बजाय सीधे ट्रेजरी से खाते में आएगी सैलरी

शिक्षकों के वेतन भुगतान की व्यवस्था में होगा बदलाव



■ सीधे कोषागार से बैंक खातों में भेजा जाएगा वेतन

पटना (एनएसबी)। बिहार के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में कार्यरत शिक्षकों के वेतन भुगतान की व्यवस्था बदलेगी। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से तैयारी हो रही है। अब शिक्षकों के वेतन का भुगतान विश्वविद्यालयों के माध्यम से करने की जगह सीधे कोषागार से उनके बैंक खाते में भेने का प्रस्ताव है। इस नई व्यवस्था को लेकर लोक भवन से सहमति मिल गई है। अब प्रस्ताव को राज्य मंत्रिमंडल की मंजूरी के लिए भेजने की तैयारी है। कैबिनेट की स्वीकृति मिलने के बाद नई व्यवस्था लागू करने की प्रक्रिया शुरू होगी। फिलहाल वेतन भुगतान के लिए कोषागार से विश्वविद्यालयों को राशि उपलब्ध कराई जाती है। इसके बाद विश्वविद्यालय अपने स्तर से शिक्षकों के वेतन का भुगतान करते हैं। नई व्यवस्था लागू होने पर इस प्रक्रिया में बदलाव होगा और कोषागार से सीधे शिक्षकों के खातों में वेतन भेजा जाएगा। इससे विश्वविद्यालयों के माध्यम से वेतन राशि जारी करने की मौजूदा व्यवस्था समाप्त हो जाएगी।

स्कूलों में शिक्षकों के लिए औपचारिक ड्रेस अनिवार्य, जींस-टीशर्ट पर रोक

■ शिक्षा मंत्री की पहल पर अपर मुख्य सचिव ने जारी किए निर्देश

पटना (एनएसबी)। राज्य के सभी विद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में शालीन व्यवहार और गरिमामयी वातावरण बनाए रखना अनिवार्य होगा। शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों को शिक्षण और कार्यालय अवधि में औपचारिक परिधान पहनकर ही विद्यालय आना होगा। शिक्षा मंत्री श्री मिथिलेश तिवारी की पहल पर अपर मुख्य सचिव श्री सीके अनिल ने इस संबंध में निर्देश जारी कर इसका सख्ती से पालन कराने को कहा है। शुक्रवार को सभी डीईओ को जारी पत्र में कहा गया है कि पूर्व में भी इस संबंध में निर्देश जारी किए गए थे। इसके बावजूद कई विद्यालयों में इनका पालन नहीं हो रहा है। कुछ शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी जींस और टी-शर्ट जैसे अनौपचारिक कपड़े पहनकर विद्यालय आ रहे हैं। वहीं, विद्यालय परिसर में डीजे, डिस्को और अन्य अमर्यादित गतिविधियां आयोजित किए जाने की सूचनाएं भी मिल रही हैं।

बद्रीनाथ से देहरादून जा रहा हेलीकॉप्टर क्रैश पायलट समेत 6 की मौत

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड में शुक्रवार को बद्रीनाथ से देहरादून आ रहा एक प्राइवेट कंपनी का हेलीकॉप्टर जोशीमठ के पास क्रैश हो गया। हादसे में पायलट समेत 6 लोगों की मौत हो गई। सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं।हेलीकॉप्टर ने शुक्रवार की दोपहर करीब 1:14 बजे बद्रीनाथ से देहरादून के सहस्त्रधारा के लिए उड़ान भरी थी। जोशीमठ घाटी के ऊपर उड़ान के दौरान उसका संपर्क टूट गया। इसके बाद ट्रैकिंग सिस्टम पर भी उसकी लोकेशन मिलनी बंद हो गई। यह घटना ऐसे समय हुई है, जब उत्तराखंड के कई इलाकों में खराब मौसम बना हुआ है। राज्य के कई हिस्सों में बारिश और बर्फबारी हो रही है। केंद्र सरकार के मुताबिक, 2016 और 2026 के बीच उत्तराखंड में 12 हेलीकॉप्टर हादसे हुए, जिनमें 27 मौतें लोगों की मौत हुई। 2 हेलीकॉप्टर की मदद से मलबा ढूंढा गया।

इसरो के नेविगेशन सैटेलाइट NVS-03 का सफल लॉन्च



■ सेना को बॉर्डर से 1500 किमी दूर लोकेशन की जानकारी देगा, कारगिल युद्ध में जरूरत महसूस हुई थी

नई दिल्ली (एजेंसी)। इसरो ने आज अपना नेविगेशन सैटेलाइट एनवीएस-03 लॉन्च किया है। इसे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से GSLV-F18 रॉकेट के जरिए रात 11 बजकर 51 मिनट पर लॉन्च किया गया। उड़ान के करीब 18 मिनट बाद रॉकेट के तीनों चरण सफल रहे। इसके बाद 2,232 किलोग्राम वजनी यह सैटेलाइट रॉकेट से अलग होकर अपने तय ऑर्बिट में पहुंच गया। यह पूरे भारत और सीमा से 1,500 किलोमीटर दूर तक सटीक लोकेशन और नेविगेशन की सुविधा देगा। इसे बनाने की जरूरत 1999 के कारगिल युद्ध के बाद महसूस हुई थी। उस समय भारत ने अमेरिकी जीपीएस से सैन्य क्षेत्र की लोकेशन संबंधी जानकारी मांगी थी, लेकिन अमेरिका ने मना कर दिया था। इसके बाद भारत ने अपना जीपीएस तैयार कर लिया। ये सैटेलाइट एनवीआईसी-3 मिशन के तहत लॉन्च हुई है। एनवीआईसी का पूरा नाम नेविगेशन विद इंडियन कॉन्स्टेलेशन है। यह भारत का अपना क्षेत्रीय सैटेलाइट नेविगेशन सिस्टम है, जिसे इसरो ने विकसित किया है।

फ्रेंच नेवी के राफेल की INS विक्रांत पर पहली लैंडिंग



पणजी (एजेंसी)। राफेल मरीन (राफेल-ट) फाइटर जेट ने 29 अक्टूबर को आईएनएस विक्रांत पर पहली कोशिश में सफल लैंडिंग की। आईएनएस विक्रांत भारतीय नौसेना का स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर है। यह राफेल मरीन फ्रेंच नेवी का लड़ाकू विमान है। इसे फ्रेंच पायलट उड़ा रहे थे। इन ट्रायल्स से भारतीय नौसेना में राफेल मरीन विमान को ऑपरेशनल बनाने की प्रक्रिया शुरू होगी। भारत को अभी तक राफेल मरीन मिला नहीं है। समुद्र में जंगी जहाज से लड़ाकू विमान उड़ाना और उसकी जहाज पर लैंडिंग, सामान्य विमान उड़ाने के मुकाबले बहुत अलग है। राफेल मरीन के मामले में असली चुनौती यही थी कि फ्रांस के लिए तैयार इस विमान को भारतीय जंगी जहाज की तकनीक के अनुकूल बनाया जा सकता है या नहीं।

खबरें : एक नजर में

पूर्व राज्यसभा सांसद आरके सिन्हा के निधन से सामाजिक, पत्रकारिता एवं राष्ट्रसेवा के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति : डा. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। कला एवं संस्कृति विभाग के मंत्री डा. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने पूर्व राज्यसभा सांसद, वरिष्ठ समाजसेवी, प्रख्यात उद्यमी एवं राष्ट्रवादी विचारधारा के सशक्त स्तंभ आरक़े सिन्हा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। डा. चंद्रवंशी ने कहा कि भोजपुर (वर्तमान में बक्सर) की पावन धरती से निकलकर पत्रकारिता, समाजसेवा, राष्ट्रसेवा और उद्यमिता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करने वाले आरक़े सिन्हा का जीवन संघर्ष, समर्पण, दूरदर्शिता और कर्मठता की प्रेरणादायी गाथा रहा है। पत्रकारिता से अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत कर उन्होंने समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सदैव सर्वोपरि रखा। एसआईएस जैसी प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय संस्था की स्थापना कर उसे वैश्विक पहचान दिलाना उनकी अद्भुत उद्यमशीलता, नेतृत्व क्षमता और दूरदर्शी सोच का परिचायक है। वहीं, राज्यसभा सांसद के रूप में भी उन्होंने सार्वजनिक जीवन में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई और जनहित से जुड़े विषयों को प्रभावी ढंग से उठाया। डा. चंद्रवंशी ने कहा कि आरक़े सिन्हा जी का निधन बिहार के साथ-साथ पत्रकारिता, सामाजिक जीवन, उद्यमिता और राष्ट्रसेवा के क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनके व्यक्तित्व, तित्व और समाज एवं राष्ट्र के प्रति योगदान को सदैव श्रद्धापूर्वक याद किया जाता रहेगा। उन्होंने शोकाकुल परिजनों, मित्रों एवं उनके असंख्य शुभचिंतकों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा उनके परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।



कला एवं संस्कृति विभाग के मंत्री डा. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी।

राजद नेताओं ने पूर्व सांसद के निधन पर गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद , पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ,सांसद डा मीसा भारती, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदानंद सिंह, उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी,डा कांति सिंह, जयप्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा, सांसद डा सुरेंद्र प्रसाद यादव, , प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, विधान पार्षद कारी मो शोहैब , राजद के नेता शक्ति सिंह यादव, एजाज अहमद , डा उर्मिला ठाकुर, विनोद श्रीवास्तव ने कहा कि पूर्व सांसद रविंद्र किशोर सिन्हा के निधन पर राष्ट्रीय जनता दल परिवार उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता है और परिजनों एवं शुभचिंतको के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता है।

पूर्व सांसद आरक़े सिन्हा के निधन पर शोक की लहर

फतुहा / पटना (दैनिक नवसंदेश)। भाजपा नेता ऋतुराज सिन्हा के पिता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद आरक़े सिन्हा के निधन पर स्थानीय भाजपाइयों में शोक की लहर फैल गई है। लोगों ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से सामाजिक एवं राजनीतिक जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। समाज और संगठन के प्रति उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका व्यक्तित्व एवं तित्व आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। उनके निधन पर ई सत्येंद्र सिंह, रजनीकांत गिरी, टीपू सिंह, मुन्ना सिंह, अनामिका अग्रवाल, मनीषा कुमारी, रंजना पटवा, अरविंद यादव आदि ने अपनी संवेदना प्रकट की है।

निर्वाचित सदस्यों को दी बधाई

फतुहा / पटना (दैनिक नवसंदेश)। पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित राजद के प्रत्याशी डा. संजीव कुमार एवं दरभंगा स्नातक निर्वाचन के प्रत्याशी अनिल कुमार झा की जीत पर बधाइयों का तांता लगा हुआ है। दोनों की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए फतुहा राजद के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि यह जीत शिक्षकों एवं स्नातक मतदाताओं की जीत है। बधाई देने वालों में विधायक डा रामानन्द यादव, शिवपूजन प्रशांत, भोला सिंह, महेन्द्र यादव, सुजीत कुमार, दिलीप मुखिया, मनोज यदुवंशी, देवनी यादव, ऋषिकेश यादव आदि शामिल रहे। दूसरी ओर पटना itak से विजयी जदयू के नीरज कुमार की जीत पर स्थानीय राजग कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। उनकी जीत पर श्यामसुंदर उर्फ मोनी सिंह, टीपू सिंह, मुन्ना सिंह, रंजना पटवा, शोभा देवी, अनामिका अग्रवाल, मनीषा कुमारी आदि ने उन्हें जीत की बधाई दी है।

मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी का निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप 1 नवंबर को, जरूरतमंदों को मिलेगी चिकित्सा सुविधाएं

पटना (दैनिक नवसंदेश)। मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी की ओर से मानव सेवा के संकल्प के तहत रविवार, 1 नवंबर 2026 को राजेंद्र नगर स्थित सोसायटी परिसर, रोड नंबर-7 में निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा। एम पी जैन ने बताया कि इस मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी द्वारा तथा प्रायोजन मारवाड़ी एकता मंच, पटना द्वारा किया जा रहा है।

शिविर का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा उन्हें समय पर बीमारी की जांच और उपचार के प्रति जागरूक करना है। शिविर में आंख, मधुमेह, रक्तचाप, हृदय, पेट, हड्डी, बच्चों एवं महिलाओं से संबंधित बीमारियों सहित विभिन्न रोगों की जांच एवं चिकित्सा परामर्श की सुविधा उपलब्ध रहेगी। शिविर में मिलने वाली प्रमुख सुविधाएं इस प्रकार हैं मोतियाबिंद का अपरेशन निःशुल्क। ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर की निःशुल्क जांच। आंखों की जांच निःशुल्क। जरूरतमंदों को निःशुल्क दवा एवं चश्मा। एक्स-रे, ईसीजी एवं रक्त जांच में 50 प्रतिशत की छूट। विभिन्न रोगों के लिए चिकित्सकीय परामर्श। शिविर के लिए पंजीकरण का समय सुबह 8:30 बजे से 10 बजे तक निर्धारित किया गया है। मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस जनकल्याणकारी पहल की जानकारी अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाएं, ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित न रहे।

दो साल से पुराने राजस्व मामलों का प्राथमिकता के आधार पर करें निष्पादन : जय सिंह

सचिव सीमा त्रिपाठी का राजस्व न्यायालयों में डिजिटल मोड में सुनवाई सुनिश्चित करने पर जोर, लंबित मामलों की नियमित करें समीक्षा

दैनिक नवसंदेश

पटना। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने राज्य के सभी भूमि सुधार उप समाहर्ताओं (डीसीएलआर) को दो साल से अधिक समय से लंबित राजस्व मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने राजस्व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली के तहत सभी राजस्व न्यायालयों में हर हाल में डिजिटल मोड में सुनवाई करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन और न्यायालयों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों से राजस्व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली पर हो रही सुनवाई की स्थिति जानी और कमियों में तत्काल सुधार का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों को अभियान बसेरा के तहत 30 हजार भूमिहीन परिवार को जमीन देने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए अपने नेतृत्व में पूरा कराने को कहा।

शुक्रवार, 30 अक्टूबर को राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा लगातार कार्यो की समीक्षा करने का उद्देश्य जनता को समयबद्ध और पारदर्शिता के साथ विभागीय सेवाओं का लाभ देना है। दो पालियों में भूमि सुधार उप समाहर्ताओं की इस समीक्षा बैठक का संचालन विभाग के अपर सचिव अमित कुमार पांडेय ने किया।



शुक्रवार, 30 अक्टूबर को राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर में आयोजित समीक्षा बैठक में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह, सचिव श्रीमती सीमा त्रिपाठी व अन्य।

राजस्व न्यायालयों में डिजिटल मोड में ही करें सुनवाई : सीमा त्रिपाठी

सचिव श्रीमती सीमा त्रिपाठी ने राजस्व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली के तहत सभी राजस्व न्यायालयों में प्रत्येक सुनवाई डिजिटल मोड में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डिजिटल व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन से न्यायालयों की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और जवाबदेह बनाने पर उन्होंने जोर दिया।

राज्य के सभी भूमि सुधार उप समाहर्ताओं की दो पालियों में कार्यो की हुई समीक्षा

इस दौरान राजस्व न्यायालयों के कार्यो और लंबित वादों की स्थिति की समीक्षा की गई। अतिक्रमण से संबंधित मामलों, दाखिल-खारिज अपीलों तथा बिहार भूमि विवाद निराकरण अधिनियम के तहत लंबित मामलों पर भी डेटा के साथ चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे पुराने मामलों को चिति कर उनके त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक कदम उठाएं। साथ ही, सभी राजस्व न्यायालयों में डिजिटल मोड में सुनवाई की व्यवस्था का अनिवार्य रूप से अनुपालन सुनिश्चित करें।

दाखिल-खारिज अपील के लंबित मामलों की समीक्षा : दाखिल-खारिज के मामलों में निष्पादन और अस्वीति की स्थिति के साथ आवेदनों में पाई जाने वाली त्रुटियों की भी समीक्षा की गई। त्रुटियों के निराकरण और लंबित आवेदनों के नियमानुसार निष्पादन पर जोर दिया गया। परिमार्जन प्लस के लंबित आवेदनों, डिजिटाइज्ड जमाबंदी और छूटी हुई जमाबंदी से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए इनके त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया गया। भूमि अभिलेखों में त्रुटियों के सुधार और छूटे हुए अभिलेखों के अद्यतीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाने पर भी बल दिया गया।

सरकारी भूमि और जनकल्याणकारी अभियानों की प्रगति की समीक्षा : बैठक में सरकारी भूमि के सत्यापन, सरकारी भूमि की जमाबंदी, अभियान बसेरा और राजस्व महा-अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्तई-मापी सेवा और अनलाइन राजस्व सेवाओं की स्थिति पर भी चर्चा हुई। लोक शिकायतों के निष्पादन की समीक्षा करते हुए आम नागरिकों को समयबद्ध, पारदर्शी और सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने स्तर पर लंबित मामलों की नियमित निगरानी करें और निष्पादन में आने वाली बाधाओं को दूर कर निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करें।

बैठक का मुख्य उद्देश्य दो साल से अधिक समय से लंबित राजस्व मामलों के निष्पादन में तेजी लाना, सभी राजस्व न्यायालयों में डिजिटल सुनवाई को प्रभावी ढंग से लागू करना तथा आम लोगों को भूमि संबंधी विवादों के त्वरित समाधान के माध्यम से राहत उपलब्ध कराना था।

इस अवसर पर विभाग के अपर सचिव अमित कुमार पांडेय, अपर सचिव डा. महेंद्र पाल, उप निदेशक श्रीमती मोना झा, उप सचिव अविनाश कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी अनुपम प्रकाश, सहायक निदेशक सह जनसंपर्क पदाधिकारी सुश्री जूही कुमारी, आईटी मैनेजर आनंद शंकर, प्रशाखा पदाधिकारी राजीव शंकर, दीन दयाल राम सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर बिहार के स्टॉल पर पहुंचे प्रधानमंत्री का मिथिला पाग से स्वागत

केवड़िया (गुजरात)/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर गुजरात के केवड़िया में आयोजित भव्य समारोह में बिहार पर्यटन विभाग ने सहभागिता की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटित इस आयोजन ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं विविधता में एकता के गौरवशाली संदेश को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया। बिहार के स्टल पर पहुंचे प्रधानमंत्री का पारंपरिक मिथिला पाग और शल भेंटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहरों और पर्यटन की असीम संभावनाओं को इस राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित किया गया। मधुबनी चित्रकला का जीवंत प्रदर्शन, एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत मखाना, सिक्की कला, टिकुली कला एवं पत्थरकट्टी शिल्प की प्रस्तुति ने बिहार की विशिष्ट लोककलाओं और पारंपरिक शिल्पकला को आकर्षक रूप से सामने रखा। बिहार के प्रमुख पर्यटन आकर्षणों में महाबोधि मंदिर, मां जानकी पुनौराधाम मंदिर, देव सूर्य मंदिर एवं प्राचीन नालंदा महाविहार के पुरातात्विक स्थल को प्रदर्शित किया गया। साथ ही, बिहार के पारंपरिक व्यंजनों ने आगंतुकों को राज्य की समृद्ध पाक-संस्कृति से परिचित कराया।



बिहार के स्टॉल पर पहुंचे प्रधानमंत्री का मिथिला पाग से स्वागत।

मोदी, शाह और ज्ञानेश संवैधानिक व्यवस्था को ध्वस्त कर नागरिकों के वोट के अधिकार को छीन रहे हैं : तेजस्वी

1 नवंबर को रैली में भाग लेने के लिए लालू और तेजस्वी दिल्ली रवाना

पटना (दैनिक नवसंदेश)। 1 नवंबर को इंडिया गठबंधन के द्वारा आयोजित वोट बचाओ देश बचाओ रैली में शामिल होने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव पटना से दिल्ली के लिए रवाना हो गये।

एजाज अहमद ने बताया कि रामलीला मैदान में होने वाले रैली में राष्ट्रीय जनता दल के सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, विधान पार्षद पूर्व विधान पार्षद, नेताओं और कार्यकर्ता के अलावा बड़ी संख्या बिहार एवं देश भर से लोग इंडिया गठबंधन के नेताओं के साथ रैली में शामिल होंगे।

दिल्ली रवाना होने से पहले तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता ने भारत के संवैधानिक व्यवस्था को ध्वस्त करके नागरिकों के वोट के अधिकार को छीनने का कार्य किया है उससे लोगों में गुस्सा और रोष है। जिस



तरह से साढ़े तेरह करोड़ मतदाताओं के नाम विलोपित करके चुनाव आयोग ने लोकतंत्र को कमजोर करने वाली कार्रवाई की है उसके प्रतिकार में लोकतांत्रिक अधिकार के लिए रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। इन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने चुनाव आयोग के माध्यम से जिस तरह से एसआईआर करवा कर चुनाव जीतने की कवायद की, और इसका फायदा उठाया उसके कारण बिहार ,पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों में चुनाव हुए एसआईआर के बाद उसका भाजपा और एनडीए के अनुसार सरकार बनी । और वोट चोरी करके बीजेपी और एनडीए की सरकार बनाई गई है, उस मुद्दे पर पूरे देश में लोकतंत्र बचाने की लड़ाई को मजबूत करना बनाने के अभियान को रामलीला मैदान से गति मिलेगी।

खबरें — खास-खास

विद्यालयों को आपदा व जोखिम से बचाने के लिए 280 मास्टर ट्रेनर्स होंगे प्रशिक्षित

राजधानी में शुरू हुआ राज्यस्तरीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, 'अगले दो माह में 1,25,211 माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों का होगा उन्मुखीकरण

पटना (दैनिक नवसंदेश)। विद्यालयों को सुरक्षित बनाने और आपदा प्रबंधन की तैयारी मजबूत करने के लिए शुक्रवार से राजधानी में राज्यस्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। इसके तहत चयनित मास्टर प्रशिक्षकों को दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसका आयोजन बिहार शिक्षा परियोजना परिषद और यूनिसेफ ने संयुक्त रूप से किया है। यह कार्यक्रम 12 नवम्बर तक चलेगा। इसमें 280 मास्टर ट्रेनर्स को पांच बैच में प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद ये मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने जिलों में शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। अगले दो माह के भीतर राज्य के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के 1,25,211 शिक्षकों का उन्मुखीकरण किया जाएगा। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक नवदीप शुक्ला के मार्गदर्शन में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी मेहताब रहमानी, अपर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डा. उदय कुमार उज्ज्वल, बसंत कुमार सिन्हा, राजीव कुमार और यूनिसेफ के पल्लव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। पहले दिन मास्टर प्रशिक्षकों को विद्यालय परिसर में संभावित खतरों की पहचान करने की जानकारी दी गई। उन्हें सुरक्षित निकासी योजना बनाने और मक ड्रिल कराने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। साथ ही, विद्यार्थियों में आपदा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सुरक्षा की आदत विकसित करने पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. उदय कुमार उज्ज्वल ने किया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों को आपदा और विभिन्न प्रकार के जोखिमों से सुरक्षित बनाना है। इसके माध्यम से विद्यालय स्तर पर सुरक्षा संबंधी तैयारियों को मजबूत किया जाएगा। साथ ही, विद्यालयों में सुरक्षित और आपदा के प्रति जागरूक शैक्षिक वातावरण विकसित करने में मदद मिलेगी।



विद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में एआई के उपयोग को मिलेगा बढ़ावा

शिक्षा मंत्री की पहल के बाद सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र जारी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी की पहल के बाद राज्य के सरकारी विद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में एआई के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। इस संबंध में शुक्रवार को अपर मुख्य सचिव सीके अनिल के निर्देश पर सभी डीईओ को पत्र जारी किया गया। इसमें विद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में कार्यरत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को एआई के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया गया है। पत्र में कहा गया है कि आज पूरी दुनिया में शिक्षा के क्षेत्र में एआई का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। इससे समय की बचत होती है और कामकाज आसान बनता है। साथ ही, तकनीकी प्रगति और कार्यक्षमता को भी बढ़ावा मिलता है। जिला स्तर पर विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की निगरानी एवं समीक्षा में भी एआई उपयोगी साबित हो सकता है। इसके लिए चौटजीपीटी और क्लाउड जैसे एप्लिकेशन का इस्तेमाल किया जा सकता है। शिक्षा मंत्री श्री तिवारी मानते हैं कि एआई के इस्तेमाल से शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यो को अधिक सरल, सुगम और प्रभावी बनाया जा सकेगा। इसी उद्देश्य से सभी जिलों को इसके उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने को कहा गया है।



शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी।

बिहार पर्यटन को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में बड़ी पहल

ब्रिटेन में पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने किया बिहार का प्रतिनिधित्व

मैनचेस्टर और लंदन में आयोजित पर्यटन रोड शो में बिहार की सांस्कृतिक विरासत, बौद्ध पर्यटन एवं निवेश की संभावनाओं को किया गया प्रस्तुत

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिलाने और राज्य में विदेशी पर्यटकों एवं निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने यूनाइटेड किंगडम के मैनचेस्टर एवं लंदन में आयोजित पर्यटन रोड शो में सहभागिता की। इस अवसर पर बिहार पर्यटन विभाग के निदेशक उदयन मिश्रा सहित विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

रोड शो के दौरान अंतरराष्ट्रीय पर्यटन क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों, टूर ऑपरेटरों एवं विभिन्न हितधारकों के साथ बिहार में पर्यटन विकास, अंतरराष्ट्रीय सहयोग, निवेश की संभावनाओं तथा पर्यटन स्थलों के वैश्विक प्रचार-प्रसार को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि बिहार भगवान बुद्ध और महावीर की पावन धरती होने के साथ-साथ विश्व की प्राचीनतम ज्ञान एवं सांस्तिक परंपराओं का केंद्र रहा है। बोधगया, राजगीर, नालंदा, वैशाली और पावापुरी जैसे ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन स्थल विश्वभर के पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण रखते हैं।

उन्होंने कहा कि बिहार सरकार का उद्देश्य राज्य की समृद्ध विरासत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाना, पर्यटन के क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करना तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित करना है। ब्रिटेन में आयोजित इन पर्यटन रोड शो के माध्यम से बिहार की बौद्ध सर्किट, धार्मिक पर्यटन, ऐतिहासिक धरोहरों, सांस्तिक परंपराओं एवं उभरते पर्यटन स्थलों की संभावनाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया गया। पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता ने कहा की हमारा लक्ष्य बिहार को विश्व पर्यटन के प्रमुख गंतव्यों में स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि बिहार की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक विरासत हमारी सबसे बड़ी ताकत है, इसे वैश्विक पहचान दिलाने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं।



ब्रिटेन में पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने किया बिहार का प्रतिनिधित्व।

आरके सिन्हा के निधन पर जीकेसी में शोक, राजीव रंजन प्रसाद समेत पदाधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि

पटना (दैनिक नवसंदेश)। ग्लोबल कायस्थ कान्फ्रेंस (जीकेसी) के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व राज्यसभा सांसद एवं एसआईएस ग्रुप के संस्थापक डा. रविन्द्र किशोर सिन्हा (आरके सिन्हा) के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

श्री प्रसाद ने कहा कि डा. आरके सिन्हा का निधन कायस्थ समाज के साथ-साथ देश के सामाजिक, राजनीतिक और औद्योगिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने पत्रकारिता से अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत कर उद्यमिता, राजनीति और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय मुकाम हासिल किया। उनका संघर्षपूर्ण जीवन, दूरदर्शिता और कार्यशैली आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगी।



डा. रविन्द्र किशोर सिन्हा (फाइल फोटो)।

जीकेसी की प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन ने कहा कि डा. आरके सिन्हा का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से समाज को नई दिशा दी। उनकी उपलब्धियां और समाज के प्रति समर्पण हमेशा याद किए जाएंगे। आरके सिन्हा कायस्थ समाज के लिए प्रेरणादायी व्यक्तित्व थे और उनका मार्गदर्शन हमेशा याद आएगा।

जीकेसी के ग्लोबल उपाध्यक्ष सह बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार अभिषेक ने कहा कि डा. सिन्हा ने अपनी मेहनत, लगन और दूरदर्शिता से उद्यमिता के क्षेत्र में राष्ट्रीय पहचान बनाई।

विद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में एआई के उपयोग को मिलेगा बढ़ावा

शिक्षा मंत्री की पहल के बाद सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र जारी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी की पहल के बाद राज्य के सरकारी विद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में एआई के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। इस संबंध में शुक्रवार को अपर मुख्य सचिव सीके अनिल के निर्देश पर सभी डीईओ को पत्र जारी किया गया। इसमें विद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में कार्यरत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को एआई के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया गया है। पत्र में कहा गया है कि आज पूरी दुनिया में शिक्षा के क्षेत्र में एआई का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। इससे समय की बचत होती है और कामकाज आसान बनता है। साथ ही, तकनीकी प्रगति और कार्यक्षमता को भी बढ़ावा मिलता है। जिला स्तर पर विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की निगरानी एवं समीक्षा में भी एआई उपयोगी साबित हो सकता है। इसके लिए चौटजीपीटी और क्लाउड जैसे एप्लिकेशन का इस्तेमाल किया जा सकता है। शिक्षा मंत्री श्री तिवारी मानते हैं कि एआई के इस्तेमाल से शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यो को अधिक सरल, सुगम और प्रभावी बनाया जा सकेगा। इसी उद्देश्य से सभी जिलों को इसके उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने को कहा गया है।

बिहार लोक सेवा आयोग ने सहायक पर्यावरण वैज्ञानिक केपरिणाम जारी किया

पटना (दैनिक नवसंदेश)। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार के अन्तर्गत बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् में विज्ञ 88/2025 के तहत सहायक पर्यावरण वैज्ञानिक के पदों पर नियुक्ति हेतु 11-06-2026 को आयोजित लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर साक्षात्कार हेतु सफल उम्मीदवारों के परीक्षाफल का प्रकाशन किया गया है । परीक्षा नियंत्रण य बिहार लोक सेवा आयोग के मुताबिक परीक्षाफल आयोग के वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

विराट कायस्थ महासम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की होगी विशेष प्रस्तुति, पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर

पटना (दैनिक नवसंदेश)। ग्लोबल कायस्थ कान्फ्रेंस (जीकेसी) की प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन की अध्यक्षता में आयोजित वर्चुअल बैठक में आगामी 20 दिसंबर को नवी मुंबई के खारघर में होने वाले विराट कायस्थ महासम्मेलन के तहत कला एवं संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में जीकेसी के राष्ट्रीय महासचिव नवीन कुमार, कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ के ग्लोबल कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम कुमार तथा ग्लोबल महासचिव पवन सक्सेना शामिल हुए। जीकेसी की प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन ने कहा कि कला और संस्कृति समाज की पहचान तथा उसकी विरासत को संरक्षित रखने का सशक्त माध्यम हैं। महासम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए प्रतिभाओं को मंच देने और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सभी प्रदेशों में कला एवं संसति प्रकोष्ठ को सक्रिय बनाने तथा साहित्य, संगीत, नृत्य और रंगमंच से जुड़े प्रतिभाशाली लोगों को संगठन से जोड़ने पर जोर दिया।

पटना नगर निगम ने पहले म्यूनिसिपल बॉन्ड के माध्यम से 199.99 करोड़ की राशि जुटाई

बिहार में पहली बार किसी नगर निकाय ने जारी किया म्यूनिसिपल बॉन्ड

पटना (दैनिक नवसंदेश)। पटना नगर निगम ने शुक्रवार को अपने पहले म्यूनिसिपल बॉन्ड के माध्यम से सफलतापूर्वक 199.99 करोड़ की राशि जुटाई है। यह बिहार राज्य का पहला म्यूनिसिपल बॉन्ड इश्यू है। 100.03 करोड़ के आधार निर्गम आकार के मुकाबले इस बॉन्ड को निवेशकों से दोगुने से अधिक की मांग प्राप्त हुई। नेशनल स्टक एक्सचेंज के इलेक्ट्रनिक बिडिंग प्लेटफर्म के माध्यम से निजी नियोजन प्रक्रिया के तहत बॉन्ड जारी किए गए। इन बॉन्ड पर 9.20 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर निर्धारित की गई है।

वर्तमान बाजार परिस्थितियों में, जहां ब्याज दरों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है, पटना नगर निगम के म्यूनिसिपल बॉन्ड को निवेशकों का उत्साहजनक समर्थन प्राप्त हुआ है। यह निगम की वित्तीय साख और विकास योजनाओं के प्रति निवेशकों के भरोसे को दर्शाता है। म्यूनिसिपल बॉन्ड को इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तथा एक्यूइट रेटिंग्स एंड रिसर्च लिमिटेड द्वारा की क्रेडिट रेटिंग प्रदान की गई है। इस रेटिंग का अर्थ है कि इन प्रतिभूतियों में वित्तीय दायित्वों का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने की उच्च क्षमता है तथा इनमें ऋण जोखिम बहुत कम है।



'बॉन्ड से प्राप्त राशि का उपयोग' : बॉन्ड के माध्यम से प्राप्त राशि का उपयोग पटना में 15 नए वेंडिंग जोन विकसित करने तथा

संक्षिप्त खबरें

बाइक सवार चाचा-भतीजो को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, चाचा की मौत

आरा/शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। आरा-बक्सर फोरलेन पर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव के समीप गुरुवार की रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार चाचा-भतीजों को टक्कर मार दी। हादसे में चाचा की मौत हो गई। जख्मी दोनों भतीजो को इलाज शहर के निजी अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार मृतक सिकरहटा थाना क्षेत्र के हरपुर गांव वार्ड नंबर-3 निवासी स्व. नथुनी पाल के 43 वर्षीय पुत्र श्याम बिहारी पाल है। वह पेशे से किसान थे। वही जख्मियों में उसी गांव के लाल बिहारी पाल का 10 वर्षीय पुत्र सुमित पाल एवं 14 वर्षीय पुत्र अमित पाल शामिल है। तीनों रिश्ते में चाचा-भतीजे लगते है। इधर, मृतक के पुत्र अमरजीत पाल ने बताया कि उसके नाना का देहांत हो गया था। गुरुवार को उसके पिता अपने दो भतीजे सुमित पाल एवं अमित पाल के साथ बाइक द्वारा उन्ही के श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए शाहपुर थाना क्षेत्र के रंडाडीह गांव अपने ससुराल गए थे। गुरुवार की रात जब वे दोनों भतीजे सुमित पाल एवं अमित पाल के साथ बाइक द्वारा वापस गांव लौट रहे थे। उसी दौरान बिलौटी गांव के समीप अज्ञात वाहन ने उनके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए शहर में स्थित निजी अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद शुक्रवार की अहले सुबह उन्हें पटना रेफर कर दिया गया था। पटना ले जाने के क्रम में उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

जनसंख्या परिगणना का 4 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला प्रारंभ

भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण:

आरा (दैनिक नवसंदेश)। भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण-जनसंख्या परिगणना का 4 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला उप विकास आयुक्त कार्यालय स्थित विद्या भवन सभागार में प्रारंभ हुआ। उद्घाटन प्रधान जनगणना पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी द्वारा किया गया। इसके पूर्व जिला सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा पौधा गमला देकर जिला पदाधिकारी एवं अपर समाहर्ता, का स्वागत किया गया। बता दें कि जनगणना के प्रथम चरण-मकान सूचीकरण एवं मकान गणना के सफलता पूर्वक संपन्न होने के उपरांत जनगणना के द्वितीय चरण-जनसंख्या गणना का कार्य अगले वर्ष फरवरी में प्रारंभ किया जाना है। इस चरण के अंतर्गत प्रगणक घर घर जाकर लोगो से उनके आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति के संबंध में विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से आंकड़े एकत्र करेंगे।द्वितीय चरण के प्रारंभ से पूर्व इसकी तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में मास्टर ट्रेनरों, फील्ड ट्रेनरों, प्रगणकों तथा पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया जाना है। इसी क्रम में जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार के निदेशानुसार जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं जनगणना से संबंधित लिपिकों तथा तकनीकी सहायकों के प्रशिक्षण के निमित्त विद्या भवन में 2 बैचों में प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया है। कार्यशाला के प्रथम बैच में 30 और 31 अक्टूबर को जिलास्तरीय पदाधिकारियों, सभी अनुमंडलाधिकारियों एवं सभी प्रखंडों एवं नगर निकायों के चार्ज पदाधिकारियो का प्रशिक्षण निर्धारित किया गया है।

चक्रवातीय वर्षा से पसरा सन्नाटा, कारोबार पर पड़ी मार

दुकानें खुलीं, लेकिन ग्राहक नदारद,कुछ ने समेट ली दुकानें



आरा/शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। चक्रवातीय तूफान अर्णब के असर से शुक्रवार की सुबह से हो रही लगातार वर्षा ने भोजपुर जिला काफी प्रभावित रहा। शाहपुर प्रखंड क्षेत्र के बाजारों की रौनक छीन ली है। बाजार में दुकानें तो खुलीं, लेकिन ग्राहकों की आवाजाही काफी कम रही। बारिश के कारण कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। शाहपुर बाजार के अलावा करनामेपुर, भरौली सहित आसपास के बाजारों में भी कमोबेश यही स्थिति देखने को मिली। शाहपुर नगर पंचायत क्षेत्र से गुजरने वाले एनएच-84 के दोनों ओर करीब दो किलोमीटर तक फैले बाजार में सामान्य दिनों में चहल-पहल रहती है। लेकिन शुक्रवार को लगातार वर्षा होने के कारण सड़कों पर लोगों की आवाजाही काफी कम रही। दुकानों पर ग्राहक नहीं पहुंचने से बाजार में वीरानी छाई रही। कई दुकानदार ग्राहकों के इंतजार में बैठे रहे, जबकि कुछ दुकानदारों ने दुकानें समेटकर घर लौटना ही बेहतर समझा। लगातार वर्षा ने मिठाई और सब्जी कारोबार को भी प्रभावित किया है। मिठाई दुकानदार मनोज शाह ने बताया कि वर्षा के कारण दुकानदारी काफी मंदी रही। इक्का-दुक्का ग्राहक ही पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि दो-तीन दिनों तक इसी तरह वर्षा होती रही तो कारोबार पर सीधा असर पड़ेगा। मिठाई बनाने के लिए बाहर से मंगाई जाने वाली आवश्यक सामग्री की आपूर्ति भी प्रभावित हो सकती है। वहीं सब्जी दुकानदार वर्षा से बचाव के लिए तिरपाल लगाकर अपनी दुकानें संभालते नजर आए। इसके बावजूद ग्राहकों की कमी के कारण बिक्री काफी कम रही। वर्षा थमने के बाद ही बाजार में पहले जैसी चहल-पहल लौटने की उम्मीद है।

विज्ञान व गणित शिक्षकों को दिया गया प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग का प्रशिक्षण



पीरो (दैनिक नवसंदेश)। बिहार शिक्षा परियोजना व राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद के द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार सरकारी विद्यालयों में गणित व विज्ञान पढाने वाले वर्ग 6-8 के शिक्षकों को प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। पीरो प्रखंड में इसके लिए राम दिहल सिंह यादव प्लस टू उच्च विद्यालय जितौरा में प्रशिक्षण केंद्र निर्धारित किया गया था जहां प्रखंड अंतर्गत कुल 81 मध्य विद्यालयों के विज्ञान व गणित पढाने वाले शिक्षक प्रशिक्षण में शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को बच्चों के माध्यम से विज्ञान व गणित से संबंधित नवाचार कराने के बारे में आवश्यक टिप्स दिए गए। प्रशिक्षण के लिए बतौर प्रशिक्षक जिला स्तर से आई टीम में इसरार अहमद, आशीष उपाध्याय, अरुण कुमार सिंह, मो कलीम, भारती कुमारी शामिल थे जबकि प्रखंड स्तरीय तकनीकी टीम के सदस्य वीरेंद्र कुमार व भास्कर कुमार सहयोगी के रुप में प्रशिक्षण स्थल पर मौजूद थे।

आर के सिन्हा के निधन पर विधायक ने जताया शोक

आरा (दैनिक नवसंदेश)। भारतीय जनसंघ से भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य, पूर्व राज्यसभा सांसद, एसआईएस बहुदेशीय सिक्युरिटी कंपनी के संस्थापक आरके सिंह की लम्बी बीमारी के बाद निधन होने पर विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त किया। विधायक श्री सिंह ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि आरके सिन्हा जी का निधन हमारे लिए ह्दय विदारक है। बहुत दिनो से इलाजरत थे। हमे विश्वास था कि वे स्वस्थ होकर हमलोगों के बीच जरूर आएँगे, लेकिन नियति को कुछ और ही पसंद था। उन्होंने कहा कि मेरे पास शब्द नही है। उनका जाना पार्टी एवं समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। शोक संवेदना व्यक्त करनेवाले मे जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, संजय कुमार सिंह, संजय तिवारी, धनंजय तिवारी, धीरज सिंह, संतोष सिंह संटु, रंजीत गुप्ता, हरेराम चंद्रवंशी, मनोरंजन तिवारी, शैलेश कुमार गुड्डू, मंडल अध्यक्ष शुभम पांडेय,संजय कुशवाहा, मुन्ना सिंह,टुनटुन महतो, दीपक तिवारी, प्रशांत सिंह आदि थे।

तीन आरोपित गिरफ्तार, भेजे गए जेल

कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)। चांदी थाना पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में एक शराब से जुड़े मामले का आरोपी है, जबकि दो अन्य न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर पकड़े गए हैं।

युवक की मौत से मचा कोहराम

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जगदीशपुर थाना क्षेत्र के उगना गांव में शुक्रवार की सुबह तबियत बिगड़ने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के उगना गांव निवासी वशिष्ठ नारायण मिश्रा का 29 वर्षीय पुत्र बसंत कुमार मिश्रा है। वशिष्ठ नारायण मिश्र ने बताया कि वह काफी नशा करता था। जिसके कारण 28 अक्टूबर को उसकी तबीयत काफी खराब हो गई। तब परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए पटना ले जाया गया। इसके बाद परिजन उसे वापस घर ले आये थे।

भोजपुर एवं बक्सर जिले के पैक्स एवं ब्यापार मंडल अध्यक्षों की बैठक



आरा (दैनिक नवसंदेश)। सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि०, आरा से संबद्ध भोजपुर एवं बक्सर जिले के पैक्स एवं ब्यापार मंडल अध्यक्षों की बैठक धान अधिप्राप्ति कार्य में हो रहे कठिनाईयों एवं विभिन्न मांगो के संबंध में होटल आरा ग्रांड के सभाकक्ष में संपन्न हुई। अध्यक्षता सत्येन्द्र नारायण सिंह, अध्यक्ष सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक आरा ने की। बैठक में 15 नवम्बर से प्रारंभ होने वाले अधिप्राप्ति कार्य के सुचारू संचालन तथा पैक्स एवं ब्यापार मंडल के समक्ष उत्पन्न वित्तीय एवं प्रशासनिक समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि धान-अधिप्राप्ति कार्य से संबंधित लंबित समस्याओं का निराकरण किए बिना समितियों के लिए इस वर्ष अधिप्राप्ति कार्य करना अत्यंत कठिन होगा। इस संबंध में पांच सूत्री मांगो का ज्ञापन जिला पदाधिकारी को सौपा गया। जिसमें अधिप्राप्ति मद में अतिरिक्त ब्याज की प्रतिपूर्ति, एसएफसी के साथ त्रिपक्षीय समझौता कराने, मिल टैगिंग में पैक्स को स्वायत्तता एवं मिलरी द्वारा एडवांस सीएमआर आपूर्ति, अधिप्राप्ति मद में बकाया राशि के भुगतान एवं प्रबंधकीय अनुदान एवं बोरे की दर में वृद्धि आदि मांगे शामिल थीं। वर्तमान में समितियों को प्रबंधकीय अनुदान मद में 20 से 30 रुपए प्रति क्विंटल सीएमआर देय है। धान अधिप्राप्ति कार्य में समितियों को हो रही आर्थिक हानि तथा बढ़ती परिचालन लागत को देखते हुए प्रबंधकीय अनुदान की दर 60 रुपए प्रति क्विंटल सीएमआर की जाय। साथ ही बोरे की वर्तमान दर 25 रुपए प्रति क्विंटल धान से बढ़ाकर 100 रुपए प्रति क्विंटल धान किए जाने की मांग की जाती है, ताकि समितियों को कार्य संचालन में होने वाली आर्थिक कठिनाईयों से राहत मिल सके। बैठक में बैंक के निदेशक परिषद के सदस्य त्रिवेणी प्रसाद सिंह, रमेश कुमार सिंह, सत्यदेव ओझा सहित निदेशक परिषद के सभी सदस्यगण, शिवकुमार सिंह, परमानंद सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, रघुनाथ सिंह, अनिल राय, जेपी सिंह, विमलेश सिंह, प्रेम कुमार सिंह, सोनू कुशवाहा, हिमांशु यादव, मार्कण्डेय सिंह, सहित दोनों जिले के सभी पैक्स एवं ब्यापार मंडल के अध्यक्ष उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय युवा महोत्सव आयोजित

विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक विधाओं में प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा



आरा (दैनिक नवसंदेश)। कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार तथा जिला प्रशासन, भोजपुर के संयुक्त तत्वावधान में आज नागरी प्रचारिणी सभा, आरा में जिला स्तरीय युवा महोत्सव-2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा तथा विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने युवा महोत्सव के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक अभिरुचियों को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने युवाओं को अपनी कला एवं कौशल को निरंतर निखारने तथा जिले एवं राज्य का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। महोत्सव के दौरान समूह लोक नृत्य, समूह लोक गायन, चित्रकला (पेंटिंग), कविता लेखन एवं नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक विधाओं में जिले के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के माध्यम से बिहार की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपराओं एवं सामाजिक सरोकारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। महोत्सव की विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भोजपुर जिले का प्रतिनिधित्व करने हेतु किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान नशामुक्त बिहार अभियान के तहत नशे के दुष्परिणामों के प्रति युवाओं एवं आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसमें उपस्थित पदाधिकारियों, प्रतिभागियों एवं श्रोताओं ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ ली। इस अवसर पर विशेष कार्य पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, सहायक आयुक्त, मद्यनिषेध, जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम सहित विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

छठ घाटों एवं पूजा स्थलों का करें भौतिक निरीक्षण-जिलाधिकारी

डीएम एवं एसपी की संयुक्त अध्यक्षता में हुई बैठक

सुरक्षा एवं व्यवस्थागत तैयारियां समय से हो पूर्ण



आरा (दैनिक नवसंदेश)। समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को दीपावली एवं छठ महापर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान आगामी दीपावली और छठ महापर्व के मद्देनजर जिले में विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। विशेष रूप से विभिन्न थाना क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले छठ घाटों, पूजा स्थलों एवं संवेदनशील स्थानों की स्थिति की जानकारी ली गई। घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, आवागमन, यातायात प्रबंधन एवं सुरक्षा संबंधी आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सभी छठ घाटों एवं पूजा स्थलों का भौतिक निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षा एवं व्यवस्थागत तैयारियां समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। भीड़-भाड़ वाले एवं संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने, पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने तथा नियमित गश्ती एवं निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी रखने, अफवाहों एवं भ्रामक सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई करने तथा आम नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक, यातायात मनोज कुमार सुधांशु, पुलिस उपाधीक्षक, साइबर रोशन कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-2 रंजीत कुमार सिंह, थानाध्यक्ष आरा नगर देवराज राय, थानाध्यक्ष आरा नवादा कुमार रजनीकांत, थानाध्यक्ष यातायात सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

नदी में डूबे युवक का शव तीसरे दिन बरामद

आरा (दैनिक नवसंदेश)। नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा गांव के समीप मछली मारने के दौरान बुधवार को नदी में डूबे युवक का शव तीसरे दिन बरामद हुआ है। उसका शव टाउन थाना क्षेत्र के बिंद टोली मोहल्ला स्थित नदी से शुक्रवार की सुबह बरामद हुआ। मृतक नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा दलित टोला निवासी छपित राम का 18 वर्षीय पुत्र सरसो मुसहर है। मृतक अपने पांच भाई व दो बहन में बड़ा था, उसके परिवार में मां मीरा देवी, चार भाई विमलेश मुसहर, रामबाबू मुसहर, टेंगर मुसहर, नेपाली मुसहर, दो बहन लक्ष्मीनिया कुमारी एवं उर्मिला कुमारी है।

अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक में लंबित वादों के त्वरित निष्पादन का निर्देश



आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी, मनेश कुमार मीणा के निदेर्शानुसार आज अनुमंडल सभागार में अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी-सह-विशेष कार्य पदाधिकारी, भोजपुर की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न न्यायालयों में लंबित एवं निष्पादित अभियोजन वादों, मजिस्ट्रेट ट्रायल, स्पीडी ट्रायल, सत्र न्यायालय से संबंधित मामलों तथा गंभीर अपराधों के त्वरित विचारण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों को लंबित वादों के शीघ्र निष्पादन एवं अभियोजन कार्यों में प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। लंबित मामलों में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) को आवश्यक निर्देश दिया गया। साथ ही, आर्म्स एक्ट से संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन पर विशेष बल दिया गया। लंबित वादों के शीघ्र निष्पादन में आवश्यक सहयोग एवं संबंधित चिकित्सकीय प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराने हेतु सिविल सर्जन, भोजपुर से अपेक्षा की गई। बैठक में मुख्य अभियोजक, लोक अभियोजक, सभी अनुमंडल अभियोजन पदाधिकारी, सभी सहायक अभियोजन पदाधिकारी, सभी विशेष अभियोजन पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

आरा-छपरा फोरलेन एवं सकड्डी नासरीगंज पथ पर बालू वाले ट्रकों का जाम

जनजीवन प्रभावित, कुल्हड़िया टोल प्लाजा पर भी लग रही लंबी कतार



कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। जिले के कोईलवर क्षेत्र में बालू ढुलाई में लगे ट्रकों की बढ़ती संख्या से यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। कोईलवर-डोरीगंज फोरलेन और सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाईवे पर ट्रकों की लंबी कतार के कारण महाजाम की स्थिति बनी हुई है। दोनों प्रमुख बालू कॉरिडोर पर लग रहे जाम का असर अब पटना-बक्सर एनएच-922 पर भी साफ दिखाई देने लगा है। इससे पटना, आरा और बक्सर के बीच सफर करने वाले यात्रियों समेत आम राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कोईलवर-डोरीगंज फोरलेन पर बालू लदे ट्रकों के साथ खाली ट्रकों की भी लंबी कतार लगी रह रही है। सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाईवे पर भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से यातायात की रफ्तार थम जा रही है।एक मार्ग पर जाम लगते ही दूसरे मार्ग पर भी वाहनों की कतार बढ़ने लगती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बालू ढुलाई में लगे ट्रकों की बेतहाशा बढ़ती संख्या के कारण कोईलवर क्षेत्र में जाम अब रोजमर्रा की समस्या बन गई है। पहले कोईलवर-झलकुनगर फोरलेन पर ट्रकों की लंबी कतार से लोगों को परेशानी होती थी। कई बार खाली ट्रकों की कतार छपरा शहर तक पहुंचने की नौबत आ चुकी है। अब सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाईवे पर भी लगभग यही स्थिति बनती जा रही है। इसका असर कुल्हड़िया स्थित टोल प्लाजा पर भी पड़ रहा है, जहां वाहनों की लंबी कतार लगने से टोल संचालन में भी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक बालू ढुलाई में लगे ट्रकों के परिचालन को व्यवस्थित नहीं किया जाएगा और यातायात प्रबंधन की ठोस व्यवस्था नहीं होगी, तब तक इस समस्या से स्थायी राहत मिलना मुश्किल है। कोईलवर थानाध्यक्ष सुशांत कुमार मंडल ने बताया कि पिछले दो-तीन दिनों से सड़क पर वाहनों का दबाव बढ़ा है। जाम की समस्या से निपटने के लिए यातायात व्यवस्था में लगे जवानों के साथ वे स्वयं भी अधिकारियों के साथ सड़क पर मौजूद रहकर स्थिति को नियंत्रित करने में जुटे हैं।

पूर्व राज्यसभा सांसद आरके सिन्हा का निधन, शोक की लहर

250 रुपए की नौकरी से की थी करियर की शुरूआत, 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान की थी रिपोर्टिंग



आरा (दैनिक नवसंदेश)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व राज्यसभा सांसद और देश की प्रमुख सुरक्षा सेवा कंपनी एसआईएस (सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज) के संस्थापक रविन्द्र किशोर सिन्हा (आरके सिन्हा) का शुक्रवार को निधन हो गया। उन्होंने दिल्ली स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। मूल रुप से बिहार के भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड अंतर्गत बहियारा गांव निवासी रविंद्र किशोर सिन्हा को कुछ समय पहले ही ब्रेन स्ट्रोक आया था, जिसके बाद उनकी सर्जरी की गई थी। उपचार के दौरान वह विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में रहे। परिवार की ओर से लगातार उनके स्वस्थ होने की जानकारी साझा की जा रही थी, लेकिन आखिरकार शुक्रवार को उनका निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर अन्नपूर्णा भवन पटना लाया जाएगा।

जीवन परिचय

आरके सिन्हा का पुरा नाम रविंद्र किशोर सिन्हा था, उनका जन्म 22 सितंबर 1951 को बिहार के भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड अंतर्गत बहियारा गांव में हुआ था। प्रारंभिक शिक्षा के बाद उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में कदम रखा और 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की रिपोर्टिंग कर अपनी अलग पहचान बनाई।

उद्यमिता की शुरूआत

श्री सिन्हा ने 250 रुपये की नौकरी से अपने करियर की शुरूआत की। पत्रकारिता छोड़ने के बाद उन्होंने जयप्रकाश नारायण की प्रेरणा से 1974 में पटना के एक छोटे गैराज से सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज (एसआईएस) की स्थापना की। बाद में यह संस्था देश की अग्रणी निजी सुरक्षा एजेंसियों में शामिल हो गई और विदेशों तक अपना विस्तार किया।

एसआईएस की सफलता

एसआईएस भारत समेत कई देशों में सुरक्षा सेवाएं प्रदान करती है। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे देशों में भी कंपनी की मौजूदगी है। मामूली स्तर से शुरू हुई यह कंपनी लाखों लोगों को रोजगार देने वाली बड़ी कॉर्पोरेट संस्था के रूप में स्थापित हुई।

राजनीति में योगदान

संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से भी उनका गहरा जुड़ाव था। संगठन और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के बाद भाजपा ने उन्हें राज्यसभा भेजा था। राजनीतिक और व्यावसायिक क्षेत्र में उनके योगदान को लंबे समय तक याद किया जाएगा। निधन से राजनीति, उद्योग जगत और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके समर्थक और शुभचिंतक उन्हें एक सफल उद्यमी, पत्रकार और जनसेवक के रूप में याद कर रहे हैं।

फायरिंग मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

आरा (दैनिक नवसंदेश)। टाउन थाना पुलिस द्वारा फायरिंग मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया गया, उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के शिवगंज मोहल्ले से की गयी। गिरफ्तार आरोपी टाउन थाना क्षेत्र के शिवगंज मोहल्ला निवासी जीउत रजक का पुत्र दीपक कुमार है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी। बता दें कि बड़हरा थाना क्षेत्र के बखोरापुर गांव (वर्तमान टाउन थाना क्षेत्र के महाजन टोली नंबर-एक) निवासी अजीत सिंह का पुत्र मंजीत कुमार 12 सितंबर 2025 को रात अपनी गर्लफ्रेंड के कॉल करने पर बुढ़िया माई मंदिर के समीप उसके घर जा रहा था। जैसे वह बुढ़िया माई मंदिर के समीप पहुंचा तभी वहाँ खड़े दो युवकों से उसकी नोंकझोंक हो गई। जिसके बाद उक्त युवकों द्वारा उस पर फायरिंग कर दी गई थी।

संक्षिप्त खबरें

जदयू के स्थापना दिवस पर निशांत कुमार को बताया भविष्य का नेतृत्व

अलीनगर (एनएसबी)। जनता दल यू के स्थापना दिवस पर अलीनगर जदयू प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद मुस्लिम आजाद ने पार्टी के नेताओं, कार्यकताओं एवं समर्थकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि 30 अक्टूबर 2003 को स्थापित जदयू ने सामाजिक न्याय, विकास और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के साथ बिहार की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा के संगठनात्मक नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में पार्टी संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। साथ ही स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार को पार्टी के भविष्य के नेतृत्व के रूप में नई पहचान मिलने से युवा कार्यकताओं में उत्साह है। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार सहित सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी।

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के प्रचार के लिए बेनीपुर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन

बेनीपुर (एनएसबी)। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार के लिए विद्युत विभाग कार्यालय, बेनीपुर द्वारा सहायक विद्युत अभियंता मोने लाल कुमार के नेतृत्व में बेनीपुर हाट गाछी स्थल पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।नुक्कड़ नाटक में भारी संख्या में आमजन पहुंचे एवं योजना के बारे में जानकारी प्राप्त की। लोगों ने काफी अभिरुचि दिखाई और योजना से संबंधित कई सवाल भी पूछे, जिनका विद्युत विभाग के पदाधिकारियों ने विस्तार से जवाब दिया। आयोजित नुक्कड़ नाटक का सफल संचालन किया गया। लोगों ने शांतिपूर्वक नाटक देखा और विद्युत विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम की काफी सराहना की। उम्मीद है कि जानकारी प्राप्त होने के बाद लोगों में सोलर कनेक्शन के प्रति जागरूकता आएगी एवं वे इसका लाभ ले सकेंगे। अंत में सहायक विद्युत अभियंता मोने लाल कुमार ने आमजनों को कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद दिया।

स्नातक सीट पर भाजपा की हार के लिए दोनों संजय जिम्मेदार : कांग्रेस

बेनीपुर (एनएसबी)। दरभंगा शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से प्रो. सुरेश प्रसाद राय और अनिल झा की जीत पर बधाई देते हुए दरभंगा ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिथिलेश चौधरी ने एनडीए पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह हार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी और जद (यू) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा की राजनीतिक विफलता है। महाभारत में संजय युद्धभूमि का हाल धृतराष्ट्र को सुनाते थे, लेकिन आज के दोनों संजय चुनावी रण में जीत का समाचार नहीं दिला सके। चौधरी ने तंज कसते हुए कहा कि एनडीए के दोनों सेनापतियों के रहते एनडीए गठबंधन को मिथिलांचल में हार का सामना करना पड़ा। यह परिणाम एनडीए के लिए विद्वतजनों का स्पष्ट संदेश है।बधाई देने वालों में देवकीनंदन ठाकुर, रामेन्द्र मोहन झा, संजय झा, बालकृष्ण यादव, राम मनोज ठाकुर, धीरज झा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

रामपुरा में नशेड़ी पति को पत्नी ने किया पुलिस के हवाले

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। स्थानीय थानाक्षेत्र मे घर मे नशे की हालत मे हंगामा कर रहे नशेडीयो के खिलाफ परिजनो ने सख्त रूख अपना लिया है। पिता पुत्र को पत्नी पति को भाई भाई को पुलिस के हवाले कर रही है। रामपुरा गांव में पत्नी ने अपने नशेड़ी पति को पुलिस के हवाले कर दिया। पति शराब के नशे में घर पहुंच कर हंगामा कर रहा था। बार-बार समझाने बुझाने के बावजूद उसकी हरकत कम नहीं हुई। इसके बाद घटना की जानकारी पत्नी ने पुलिस को दी। नशे में हंगामा कर रहे पति धनंजय कुमार को पत्नी की शिकायत पर डायल 112 की पुलिस ने हिरासत में ले लिया। नशे में होने की पुष्टि होते ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। रामपुरा निवासी प्रीति कुमारी ने थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में बताया कि 29 अक्टूबर की रात उनके पति धनंजय कुमार नशे की हालत में घर आए और हल्ला-हंगामा करने लगे। अजीज होकर उन्हें पुलिस को सूचना देनी पड़ी। सिंहवाड़ा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि इस मामले में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

अनुमंडल विधिक सेवा सचिव ने उपकारा बेनीपुर का किया निरीक्षण

बेनीपुर (एनएसबी)। अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सह सचिव अनुमंडल विधिक सेवा समिति बेनीपुर रोहित कुमार गुप्ता ने उपकारा बेनीपुर का निरीक्षण कर बंदियों के रहन-सहन, खानपान, स्वास्थ्य, सुरक्षा आदि का जायजा लिया।उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से स्थापित जेल लीगल एड क्लिनिक का मुआयना कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जेल मैनुअल के अनुसार बंदियों के लिए मनोरंजन, कौशल विकास, खेलकूद आदि के लिए उचित प्रबंधन को लेकर जेल अधीक्षक वीरेंद्र कुमार राय से चर्चा हुई। बंदियों को समय-समय पर परिजनों से मुलाकात कराने एवं परिजनों के साथ उचित व्यवहार करने का निर्देश दिया गया। मौके पर उपकारा उपाधीक्षक विनोद कुमार, सहायक कुमार गौरव, पीएलवी नितीश कुमार राम आदि मौजूद थे।

दरभंगा दर्शन में गौरवशाली इतिहास को पुस्तक के माध्यम से संरक्षित करना अत्यंत सराहनीय : प्रो. संजय कुमार

कुलपति ने किया 'दरभंगा दर्शन' 2026 दरभंगा की गौरव गाथा पुस्तक का विमोचन



पुस्तक का विमोचन करते कुलपति, पूर्व खेल पदाधिकारी व अन्य।



पुस्तक का अवलोकन करते कुलपति।



कुलपति का स्वागत करते संजीव कुमार व अन्य।

दरभंगा (एनएसबी)। पुस्तक 'दरभंगा दर्शन' दरभंगा की गौरव गाथा का विमोचन ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मिथिला विश्वविद्यालय के पूर्व खेल पदाधिकारी सह खेल निदेशालय के निदेशक प्रो. अजय नाथ झा, दरभंगा के ब्यूरो चीफ संजीव कुमार, वरिष्ठ पत्रकार आशीष सिंह, छात्र नेता उत्सव कुमार पराशर, कृष्णा डायमंड दरभंगा के प्रोपराइटर संतोष कुमार सिंह, पुनीत कुमार सिन्हा, मनोज कुमार, केशव कुमार चौधरी, सुनील भारती, चंदन कुमार दत्त सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी ने पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और कहा कि दरभंगा जैसे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध क्षेत्र की उपलब्धियों, इतिहास और प्रशासनिक जानकारियों को पुस्तक के माध्यम से संरक्षित करना अत्यंत सराहनीय कार्य है। यह पुस्तक वर्तमान पीढ़ी के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपयोगी साबित होगी। उन्होंने विशेष रूप से ब्यूरो प्रभारी संजीव कुमार के नेतृत्व में पूरी टीम द्वारा किए गए सामूहिक प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह का प्रकाशन समाज और क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने पूरी टीम को हार्दिक बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक प्रयास जारी रखने की शुभकामनाएं दीं। वहीं, मिथिला विश्वविद्यालय के पूर्व खेल पदाधिकारी प्रो. अजय नाथ झा ने कहा कि 'दरभंगा दर्शन' मिथिला की ऐतिहासिक पहचान, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक उपलब्धियों को सहेजने का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इस तरह के प्रकाशन से नई पीढ़ी को अपनी माटी, इतिहास और गौरवशाली परंपराओं को जानने का अवसर मिलता है। उन्होंने इस सार्थक पहल के लिए पूरी प्रकाशन टीम की सराहना की और अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर पुस्तक के प्रकाशन में उत्कृष्ट योगदान और बेस्ट परफॉर्मर के रूप में केशव कुमार चौधरी, मनोज कुमार, पुनीत कुमार सिन्हा, राजेश कुमार झा रतन एवं संजय कुमार सिंह को कुलपति के हाथों मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी ने सम्मानित सदस्यों को बधाई देते हुए उनके योगदान की सराहना की। 'दरभंगा दर्शन' के प्रकाशन को दरभंगा की ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक पहचान, प्रशासनिक जानकारी और क्षेत्रीय विकास की संभावनाओं को एक साथ प्रस्तुत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि 'दरभंगा दर्शन' पुस्तक दरभंगा की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्रशासनिक विरासत को एक स्थान पर संजोने का सराहनीय प्रयास है। इसमें दरभंगा के गौरवशाली अतीत से लेकर वर्तमान तक की महत्वपूर्ण उपलब्धियों, ऐतिहासिक तथ्यों, प्रशासनिक व्यवस्था और विभिन्न महत्वपूर्ण पदाधिकारियों से संबंधित जानकारियों को विस्तार से समाहित किया गया है। पुस्तक में मिथिला पंचांग के अनुसार शादी-विवाह, मंडप, गृह प्रवेश सहित विभिन्न मांगलिक कार्यों की महत्वपूर्ण तिथियों को भी शामिल किया गया है। कुछ माह पूर्व दरभंगा के पुलिस पदाधिकारियों का नया नंबर जारी किया गया था उसे भी इस पुस्तक में जगह दी गई है। जिससे यह आम लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी बन गई है। पुस्तक की एक विशेषता यह भी है कि इसमें दरभंगा जिले के विभिन्न क्षेत्रों की स्थानीय जरूरतों, विकास संबंधी मांगों, जनआकांक्षाओं और भविष्य की विकास संभावनाओं को भी स्थान दिया गया है। विशेष रूप से बिरौल और बेनीपुर अनुमंडलों की प्रमुख मांगों, संभावित योजनाओं और आने वाले समय में विकास की संभावनाओं से जुड़ी जानकारियों का संकलन किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों की जानकारी भी पुस्तक में उपलब्ध कराए गए हैं। गौरतलब है कि 'दरभंगा दर्शन' का प्रकाशन विगत कई वर्षों से लगातार किया जा रहा है। गयाथोकी इससे पूर्व दरभंगा दर्शन शिक्षा एवं स्वास्थ्य परिशिष्ट, दरभंगा एक विरासत हम सभी को गर्व है, दरभंगा दर्पण, ब्रांड दरभंगा का प्रकाशन पूर्व में किया जा चुका है।

दरभंगा के गौरवशाली अतीत से वर्तमान तक की उपलब्धियों, प्रशासनिक व्यवस्था, विकास की संभावनाओं और मिथिला की सांस्कृतिक विरासत का अनूठा संकलन है 'दरभंगा दर्शन'

कृषि विज्ञान केंद्र जाले में 135 किसानों ने देखा सम्मान निधी जारी किए जाने का लाइव प्रसारण

जाले (एनएसबी)। शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र जाले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी द्वारा गुजरात के बनासकाँठा से जारी किए जाने का सीधा प्रसारण किया गया।

जाले कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में आयोजित लाइव प्रसारण को बड़े पर्दे पर 135 किसानों ने देखा। इस प्रसारण में प्रधानमंत्री ने देशभर के 9.34 करोड़ किसानों के बैंक खातों में सम्मान निधि की 18, 690 रुपये की राशि हस्तांतरित किया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष डॉ दिव्यांशु शेखर ने किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के उद्देश्य एवं महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना के अंतर्गत पात्र किसान परिवारों को प्रतिवर्ष ₹6,000 की आर्थिक सहायता तीन किस्तों में प्रदान की जाती है , जो किसानों को कृषि संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करने तथा खेती की लागत में सहयोग प्रदान करने में सहायक है। कार्यक्रम के दौरान केंद्र के ई. निधि कुमारी , डॉ. पूजा कुमारी, डॉ अभिषेक राणा, फार्म मैनेजर डॉ चंदन कुमार आदि ने किसानो को आवश्यक जानकारी दी।



लाइव प्रसारण देखते किसान।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मैथिल मंच के स्टॉल का लिया जायजा



मणिभूषण राजू वअन्य।

दरभंगा (एनएसबी)। लौहपुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल के 151 जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भारत पर्व 2026, एक भारत श्रेष्ठ भारत" का आयोजन स्टैचू ऑफ युनिटी, एकता नगर, गुजरात में किया जा रहा है।

इसमे बिहार टूरिज्म की तरफ से एक जिला एक उत्पाद हेतु मैथिल मंच के चयन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष मणिभूषण राजू के नेतृत्व में बिहार के प्रतिनिधित्व किया गया और मिथिला पेंटिंग का लाईव डेमोंस्ट्रेशन राखी कुमारी के द्वारा किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री का मिथिला परंपरा से पाग और दोपटा से स्वागत किया गया।

■ एक जिला एक उत्पाद हेतु मैथिल मंच को गुजरात में प्रदर्शनी लगाने का मिला मौका

विदित हो कि राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर प्रारंभ होनेवाला यह आयोजन 30 अक्टूबर से 15 नवंबर तक चलेगा जिसमे देशभर के सभी राज्यों से ओ डी ओ पी प्रोडक्ट और लाईव परफॉर्मेंस हेतु एक एक कलाकार का चयन हर विधा मे किया गया है। मिथिला पेंटिंग हेतु राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी और डेमोंस्ट्रेशन के लिए दरभंगा की कलाकार राखी का चयन हमलोगों के लिए गर्व की बात है।

अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार सचिव ने उपकारा का किया निरीक्षण

■ जाना खान-पान के साथ रहन- सहन का हाल

बेनीपुर (एनएसबी)। अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सह सचिव अनुमंडल विधिक सेवा समिति बेनीपुर रोहित कुमार गुप्ता ने शुक्रवार को उपकारा बेनीपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने उपकारा का निरीक्षण कर बंदियों के रहन-सहन, खानपान, स्वास्थ्य, सुरक्षा आदि का जायजा लिया। इस क्रम में उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से उपकारा में स्थापित जेल लीगल एड क्लिनिक का भी मुआयना३ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने जेल मैनुअल के अनुसार बंदियों के लिए मनोरंजन, कौशल विकास, खेलकूद आदि के लिए उचित प्रबंधन को लेकर जेल अधीक्षक वीरेंद्र कुमार राय से चर्चा कर निदेशित किया । साथ ही बंदियों को समय-समय पर परिजनों से मुलाकात कराने एवं परिजनों के साथ उचित व्यवहार करने का निर्देश भी दिया। मौके पर उपकारा उपाधीक्षक विनोद कुमार, सहायक कुमार गौरव, पीएलवी नितीश कुमार राम आदि मौजूद थे।



निरीक्षण करते रोहित कुमार गुप्ता व अन्य।

भाजपा द्वारा 5 नवंबर को दरभंगा में आयोजित होगा 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' कार्यक्रम



बैठक में प्रदेश अध्यक्ष साथ में सांसद विधायक वअन्य।

■ केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव होंगे मुख्य अतिथि, प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला कोर कमिटी की बैठक आयोजित

दरभंगा (एनएसबी)। दरभंगा परिसदन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं दरभंगा नगर विधायक संजय सरावगी की अध्यक्षता में जिला कोर कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 5 नवंबर 2026 को आयोजित होने वाले ह्यलोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओह्ण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने के लिए पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई।यह पदयात्रा पोलो मैदान से प्रारंभ होकर लोहिया चौक होते हुए, नाका नंबर 6, कपुरी चौक के रास्ते लहेरियासराय टावर तक पहुंचेगी।

पदयात्रा के माध्यम से लोकतंत्र की रक्षा, जनहित के मुद्दों और अराजकता के विरुद्ध पार्टी का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा आगामी 5 नवंबर को लहेरियासराय स्थित पोलो मैदान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री माननीय भूपेंद्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के पश्चात जिले के हजारों भाजपा कार्यकताओं की सहभागिता से एक विशाल पदयात्रा निकाली जाएगी। ह्यलोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओह्ण अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और जनजागरण का व्यापक अभियान है। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जायसवाल ने कहा कि संगठन की असली ताकत समर्पित कार्यकर्ता हैं। इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए बूथ स्तर तक व्यापक संपर्क एवं संवाद स्थापित करना आवश्यक है। दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि दरभंगा की धरती हमेशा से राजनीतिक एवं सामाजिक जागरूकता की केंद्र रही है। 5 नवंबर का कार्यक्रम जिले में एक नई ऊर्जा का संचार करेगा। हजारों कार्यकताओं की पदयात्रा के माध्यम से लोकतंत्र की मजबूती और जनहित के संकल्प को व्यापक स्तर पर पहुंचाया जाएगा। वहीं बिहार सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री रामचंद्र प्रसाद जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन राष्ट्रहित, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनसेवा के प्रति समर्पित है। इस प्रकार के अभियान कार्यकताओं को एकजुट करने के साथ-साथ जनता के बीच सकारात्मक राजनीतिक संवाद को मजबूत करते हैं। बैठक में पूर्व मंत्री हरी सहनी,केवटी विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा, पूर्व विधायक अमरनाथ गामी, भाजपा दरभंगा पश्चिमी जिलाध्यक्ष प्रो. आदित्य नारायण मन्ना, पूर्वी जिलाध्यक्ष विनय पासवान, पूर्व जिलाध्यक्ष जीवछ सहनी, प्रदेश मंत्री अंजनी निषाद , प्रदेश सह कोषाध्यक्ष अंकुर गुप्ता सहित जिला कोर कमिटी के सभी सदस्यगण उपस्थित रहे।

दरभंगा तारामंडल में स्थापित होगा इसरो स्पेस गैलरी एवं इनोवेशन सेंटर : डॉ. गोपाल जी ठाकुर

सांसद ने कहा छात्र छात्राओं को मिलेगी आधुनिक विज्ञान के अध्ययन की सुविधा



सांसद के साथ निरीक्षण करते इसरो की टीम।

■ इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने किया स्थल निरीक्षण, हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

दरभंगा (एनएसबी)। दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र को आधुनिक विज्ञान के अध्ययन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी तथा यहां के छात्र छात्राओं तथा युवाओं को वैज्ञानिक बनने का अवसर मिलेगा। संपूर्ण मिथिलावासियों के शैक्षणिक, वैज्ञानिक और तकनीकी विकास की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ा तथा इसरो स्पेस गैलरी एवं इनोवेशन सेंटर की स्थापना की परिकल्पना धरातल पर साकार हुआ।

स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने इस संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि दरभंगा तारामंडल सह ज्ञान-विज्ञान संग्रहालय परिसर में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के सहयोग से अत्याधुनिक 'स्पेस गैलरी' एवं 'स्पेस इनोवेशन सेंटर' की स्थापना के लिए इसरो के क्षमता निर्माण कार्यक्रम कार्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिकों , विशेषज्ञ टीम, जिला के प्रमुख शिक्षण संस्थानों एवं जिला के प्रशासनिक अधिकारियों ने दरभंगा तारामंडल स्थित प्रस्तावित स्थल का दौरा किया तथा विभिन्न तकनीकी पहलुओं की समीक्षा की। सांसद डॉ ठाकुर ने बताया कि इसरो के वैज्ञानिकों के दल ने दरभंगा तारामंडल परिसर का विस्तृत स्थलीय एवं भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रस्तावित स्पेस गैलरी, प्रदर्शनी स्थलों, इनोवेशन लैब तथा अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाओं की स्थापना के लिए उपलब्ध भूमि एवं आधारभूत संरचनाओं का जायजा लिया तथा तारामंडल परिसर की उपलब्ध सुविधाओं एवं संभावनाओं का अवलोकन किया।सांसद डॉ ठाकुर ने बताया कि स्थल निरीक्षण के उपरांत दरभंगा परिसदन के सभागार में सांसद डॉ ठाकुर की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा एवं समन्वय बैठक आयोजित हुई जिसमें इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री वंशीधर एवं अन्य वैज्ञानिकों के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी, दरभंगा अभियंत्रण महाविद्यालय के प्राचार्य श्री चन्दन कुमार, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ जमशेद आलम, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम महिला प्रौद्योगिकी संस्थान की प्राचार्या नेहा कुमारी/ निदेशक, विश्वविद्यालय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक तथा तारामंडल के प्रभारी पदाधिकारी मयंक कुमार सिंह, तकनीकी अधिकारी अंकित कुमार,सहित विभिन्न तकनीकी एवं शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुख उपस्थित रहे। सांसद डॉ ठाकुर ने बताया कि बैठक में परियोजना की तकनीकी रूपरेखा, उपलब्ध भूमि, आधारभूत संरचना, संस्थागत सहयोग तथा आगे की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही इसरो की तकनीकी टीम एवं संबंधित विभागों के बीच निरंतर समन्वय स्थापित कर परियोजना को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने पर सहमति बनी।सांसद डॉ ठाकुर ने बताया कि प्रस्तावित केंद्र में भारतीय अंतरिक्ष अभियानों की प्रदर्शनी में प्रक्षेपण यानों के आकर्षक 3 डी मॉडल तथा चंद्रयान, मंगलयान, आदित्य-एल1और गगनयान जैसे महत्वपूर्ण अंतरिक्ष अभियानों से जुड़े मॉडल एवं प्रदर्शन सामग्री की व्यवस्था की जाएगी तथा विद्यार्थियों और आम नागरिकों के लिए वर्चुअल रियलिटी ऑगमेंटेड रियलिटी स्पेस वॉक सिमुलेशन, डिजिटल इंटरैक्टिव डिस्प्ले तथा अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित रोचक अनुभवात्मक गतिविधियाँ के अध्ययन के साठ साथ स्पेस इनोवेशन एवं इनोवेशन लैब, स्कूली विद्यार्थियों, कॉलेज के छात्रों एवं इंजीनियरिंग के युवाओं के लिए रॉकेट्री, मिनी सैटेलाइट , रोबोटिक्स, सेंसर टेक्नोलॉजी, कोडिंग और वैज्ञानिक प्रयोगों से जुड़ी व्यावहारिक गतिविधियों के अध्ययन का अवसर प्राप्त होगा। सांसद डॉ ठाकुर ने बताया कि इस सेंटर में विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने, नवाचार को बढ़ावा देने तथा अंतरिक्ष विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में भविष्य के वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ तैयार करने के लिए कार्यशालाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। सांसद डॉ ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान, आधुनिक तकनीक और अनुसंधान अध्ययन के लिए अब दरभंगा नवाचार के साथ साथ आधुनिक विज्ञान का केंद्र भी बनेगा तथा यहां के बच्चों को बेंगलुरु, अहमदाबाद या देश के अन्य बड़े शहरों में जाने की बाध्यता खत्म हो जाएगी। सांसद डॉ ठाकुर ने बताया कि प्रस्तावित केंद्र के लिए 61 करोड़ की लागत में 36 करोड़ रुपए की मंजूरी भी मिल चुकी है तथा शेष राशि की स्वीकृति भी शीघ्र मिल जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त का हस्तांतरण



कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी।

मधुबनी (एनएसबी)। गुजरात के बनासकांठा से आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त के तहत देश के 9.34 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में कुल 18,690 करोड़ से अधिक की सम्मान राशि का हस्तांतरण शुक्रवार को किया गया। जिसमें मधुबनी जिलांतर्गत कुल 283843 पीएम किसान लाभार्थियों को 56 करोड़ 82 लाख 14 हजार रुपए डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में हस्तांतरित किया गया। उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण (वेबकास्ट) जिला कृषि कार्यालय, मधुबनी के सभागार में भी वेबकास्ट के प्रसारण की विशेष व्यवस्था की गई, जिसमें जिला कृषि पदाधिकारी सुदामा ठाकुर सभी जिला स्तरीय कृषि पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण (वेबकास्ट) मधुबनी जिले के सभी 21 प्रखंडों, पंचायत स्तर पर द्वारा और मंडियों में किसानों के बीच किया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने माननीय प्रधानमंत्री के संबोधन एवं विभिन्न कृषि योजनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों को देखा एवं सुना। इस अवसर पर किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित कृषि क्षेत्र के आधारभूत संरचना विकास एवं बागवानी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य किसानों को केंद्र सरकार की कृषि संबंधी योजनाओं, नवीन पहलों एवं कृषि क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों से जोड़ना तथा योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

महाकवि विद्यापति के गीतों पर चार दिवसीय कार्यशाला का होगा आयोजन

मधुबनी (एनएसबी)। बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा संचालित आम्रपाली कला प्रशिक्षण केंद्र,मधुबनी में मिथिला के महाकवि विद्यापति द्वारा रचित गीतों पर आधारित चार दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 4 नवंबर से 7 नवंबर 2026 तक आयोजित होगी। कार्यशाला का संचालन सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ पंडित राधा मोहन मिश्रा द्वारा किया जाएगा। कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को महाकवि विद्यापति के अमूल्य गीतों, उनकी गायन शैली, संगीत परंपरा एवं सांस्कृतिक महत्ता से परिचित कराया जाएगा। साथ ही प्रतिभागियों को इन गीतों के गायन एवं प्रस्तुतीकरण का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। कार्यशाला में कुल 50 प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। प्रतिभागियों का चयन 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर किया जाएगा। इच्छुक बच्चे एवं विद्यार्थी निर्धारित सीटों की उपलब्धता के अनुसार इस कार्यशाला में सहभागिता कर सकते हैं। आवेदन प्राप्त करने एवं जमा करने के लिए प्रतिभागी कार्यालय अवधि में आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र, ग्राउंड फ्लोर, जिला परिषद कार्यालय संपर्क कर सकते हैं। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए कार्यालय के संपर्क नंबर 9931747796 पर सम्पर्क करें। कार्यशाला के दौरान प्रतिदिन दो प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रथम सत्र अपराह्न 3:00 बजे से 4:00 बजे तक तथा द्वितीय सत्र अपराह्न 4:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक संचालित होगा। इस आयोजन का उद्देश्य महाकवि विद्यापति की समृद्ध संगीत एवं सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाना तथा युवाओं में मैथिली गीत-संगीत के प्रति रुचि एवं अभिरुचि विकसित करना है।

हर बच्चे का बचपन सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी : अजय कुमार शर्मा



जागरूकता रथ को रवाना करते जिला जज।

दरभंगा (एनएसबी)। सुरक्षित बचपन अभियान को सफल बनाने के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार दरभंगा अजय कुमार शर्मा ने न्यायालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में ऐसे विद्यालय जो सूदूरवर्ती क्षेत्रों में है वहां के बच्चों को जानकारी उपलब्ध कराने के लिए पैनल अधिवक्ता एवं पारा विधिक स्वयंसेवकों को जागरूक रथ के साथ भेजा जा रहा है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि हर बच्चे का बचपन सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। बच्चे देश के भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के जरिए बच्चों में आत्मविश्वास विकसित करने तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। अभियान को सफल बनाने एवं जागरूकता कार्यक्रम में न्यायिक पदाधिकारी, लीगल ऐड डिफेंस सिस्टम सदस्य, पैनल अधिवक्ता, पीएलवी, पुलिस पदाधिकारी, एनजीओ आदि सक्रिय रूप से शामिल हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रभारी सचिव एसीजेएम राजीव रंजन ने बताया कि मध्य विद्यालय दोनार में सिविल जज सीनियर डिवीजन अंकिता जयसवाल, राजेंद्र प्रसाद बालिका उच्च विद्यालय में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सलभ शर्मा, वंशीदास बालिका मध्य विद्यालय में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अमित कुमार आर्यन एवं बेनीपुर अंतर्गत महिनाम उच्च विद्यालय में अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी रोहित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, न्यायिक मजिस्ट्रेट आनंद सौरव,लीगल ऐड डिफेंस डेप्युटी चीफ विरेंद्र कुमार झा,पैनल अधिवक्ता संजीव कुमार झा आदि मौजूद थे।

नगर निगम एक्शन मोड में, छठ पर 90 घाट जगमगाएंगे त्योहार बाद ट्रेड लाइसेंस पर चलेगा विशेष अभियान

■ छठ घाटों की साफ-सफाई से लेकर शहर की रोशनी तक की तैयारी पूरी करने का निर्देश, बिना ट्रेड लाइसेंस कारोबार करने वालों पर होगी कार्रवाई



बैठक करते नगर के अधिकारी।

मधुबनी (एनएसबी)। मधुबनी नगर निगम सशक्त स्थायी समिति की बैठक गुरुवार को मेयर अरुण राय की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में दीपावली एवं लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारियों के साथ-साथ नगर निगम की आय बढ़ाने, ट्रेड लाइसेंस जारी करने और शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए मेयर अरुण राय ने कहा कि दीपावली और छठ जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों में घाटों एवं शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में चिह्नित 90 छठ घाटों की सूची तैयार कर ली गई है। सभी घाटों पर साफ-सफाई, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, चूना, बैरिकेडिंग, लाइटिंग एवं चेंजिंग रूम की व्यवस्था की जाएगी। छठ तक विशेष स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जाएगा। इसके लिए तीन शिफ्ट में सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। कचरा उठाव सुबह-शाम होगा तथा सभी वार्डों में पार्किंग अनिवार्य की गई है। शहर के सभी 45 वार्डों में फ्यूज स्ट्रीट लाइटों को 48 घंटे के अंदर बदलने और गड्ढों को भरने का निर्देश नगर प्रबंधक को दिया गया है।

ट्रेड लाइसेंस को लेकर सख्त रुख

बैठक में राजस्व बढ़ोतरी को लेकर ट्रेड लाइसेंस पर विस्तार से चर्चा हुई। नगर आयुक्त उमेश कुमार भारतीय ने स्पष्ट कहा कि शहर के सभी व्यवसायियों के लिए ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य है। बिना लाइसेंस के दुकान, प्रतिष्ठान, होटल, कोचिंग संस्थान या अन्य व्यवसाय संचालित नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहार के दौरान व्यवसायियों को परेशानी नहीं हो, इसलिए छठ महापर्व के तुरंत बाद नगर निगम विशेष अभियान चलाकर ट्रेड लाइसेंस निर्गत करेगा। इसके तहत टीम बनाकर दुकान-दुकान जाकर लाइसेंस की जांच और ऑन-द-स्पॉट निबंधन किया जाएगा। लाइसेंस नहीं लेने वाले प्रतिष्ठानों पर नियमानुसार जुमार्ना लगाया जाएगा।

94.90 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति

बैठक में कुल आठ विचारणीय विषयों पर चर्चा हुई। इनमें पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, दीपावली एवं छठ पर साफ-सफाई, जीएसटी विवरणी, टीडीएस, आयकर, भविष्य निधि, ईएसआई, रोकड़ बही एवं उपयोगिता प्रमाण-पत्र के लिए एजेंसी चयन सहित विवाह भवन की मरम्मत एवं साज-सज्जा के लिए 94.90 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति शामिल है। इसके अतिरिक्त विभागीय अधिसूचना 1769 पर विमर्श, खराब सड़कों के फुटपाथ की मरम्मत, जर्जर शौचालयों के नीचे स्थायी प्याऊ तथा आवश्यकतानुसार चापाकल लगाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में वार्ड 40 की पार्षद विभा देवी, वार्ड 07 की कविता झा, वार्ड 08 के बद्री नारायण राय, वार्ड 15 की रूमी देवी, वार्ड 24 के जमील अंसारी, वार्ड 28 की सुनीता देवी एवं वार्ड 42 की प्रभा देवी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

दरभंगा स्नातक चुनाव में अनिल झा की जीत लोकतांत्रिक संघर्ष और सामाजिक न्याय की जीत



अनिल झा प्रमाण पत्र लेते।

मधुबनी (एनएसबी)। दरभंगा स्नातक सीट पर तीन दिनों तक चले मतगणना एवं परिणाम के बाद नवनिर्वाचित एम एल सी अनिल झा को राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सह राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विष्णुदेव सिंह यादव ने सहर्ष बधाई देते हुए इस जीत को समाजिक न्याय , लोकतांत्रिक संघर्ष ओर युवा बेरोजगारों शिक्षकों की जीत बताया हैं।

सांसद प्रतिनिधि विष्णुदेव सिंह यादव ने कहा कि 50 घंटों से अधिक चली मतगणना मतगणना के दौरान भाजपा द्वारा फजीर्वाड़े कर अपनी जीत का माहौल बना ही रहे थे कि राजद नेताओं एवं कार्यकताओं की फौज मतगणना स्थल पर जुटने लगी। यही वजह हैं कि पिछले तीन दिनों से जारी मतगणना के दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव एवं उनके वरिष्ठ सलाहकार सह सांसद संजय यादव लगातार चुनाव परिणाम पर पैनी नजर बनाए हुए थे। भाजपा के प्रशासनिक तंत्रों के विरुद्ध तेजस्वी यादव द्वारा किए जा रहे ट्वीट के त्वरित बाद से ही तमाम प्रशासनिक तंत्र हड़कत में आई ओर कुछ ही घंटों बाद राजद के जीत की घोषणा अधिकारिक रूप से की गई। सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि मिथिलांचल की धरती पर अनिल झा की जीत से यह सुनिश्चित हो गई कि समाजिक न्याय की धारा किसी जाति मजहब तक सीमित नहीं रहेगी। शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार के लिए आवाजें बुलंद करनी ही होगी। जीत के बाद राजद सांसद डॉ फैयाज अहमद, एमएलए आसिफ अहमद, युवा राजद के निवर्तमान जिलाध्यक्ष रविरंजन उर्फ राजा यादव, डॉ विजय चंद्र घोष, अमरेंद्र चौरसिया, मो गालिब , डॉ नोमान, राजेश मिश्रा, प्रकाश झा एवं मुन्ना यादव ने बधाई दिया हैं।

श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया करवा चौथ का पर्व

बिस्फी (एनएसबी)। जिले के बिस्फी प्रखंड सहित आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार, 29 अक्टूबर 2026 को सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ का पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया। इस अवसर पर महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना को लेकर पूरे दिन निर्जला व्रत रखा। करवा चौथ को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। शाम के समय शुभ मुहूर्त में महिलाओं ने करवा माता की पूजा-अर्चना की और विधि-विधान से कथा सुनी। परंपरा के अनुसार, महिलाओं को रात में चंद्रमा के दर्शन के बाद अर्घ्य देकर व्रत खोलना था। हालांकि, मौसम खराब रहने और बारिश होने के कारण चंद्रमा का दीदार नहीं हो सका। ऐसे में महिलाओं ने चंद्रमा के दर्शन के बिना ही छलनी से अपने पति का चेहरा देखकर व्रत खोला। इस दौरान महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

डीएसपी ने अनुसंधानकर्ताओं के साथ लंबित कांडों की समीक्षा की, दिए अहम निर्देश



निरीक्षण करते डीएसपी।

बिस्फी/सं (एनएसबी)। थाना का औचक निरीक्षण एसडीपीओ अमित कुमार ने किया. निरीक्षण में लंबित कांडों की समीक्षा के साथ थाना के सभी अनुसंधानकताओं को लंबित मामलों की त्वरित निष्पादन किए जाने को लेकर दिशा निर्देश दिए. उन्होंने न्यायालय से जारी वारंट, कुर्की प्राप्त कर वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तार सुनिश्चित करने को कहा. सभी अनुसंधानकताओं को वारंट इश्तेहार और कुर्की की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए.एसडीपीओ अमित कुमार ने थाना में संधारित विभिन्न पंजीयों का भी अवलोकन किया. इनमें जमानती पंजी, अजमानतीय पंजी ,कांड दैनिक की पंजी, पासपोर्ट पंजी, आरटीआई पंजी, महिला हेल्थ डेस्क, लोक शिकायत पंजी, केस डायरी और वारंट इश्तेहार आदि शामिल है. अवलोकन के बाद कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए. इन निदेर्शों में वारंटी की तत्काल गिरफ्तारी, थाना के प्रतिवेदन को गुणवत्तापूर्ण समीक्षा, सभी पंजी को अध्यतन रखने और कांड दैनिकों की नियमित रूप से अपडेट करना शामिल है. इसके अतिरिक्त शराब माफिया पर लगाम लगाने, थाना क्षेत्र में दीपावली एवं महापर्व छठ सहित अन्य पर्वों को ध्यान में रखते हुए रात्रि एवं संध्याकालीन गस्ती तत्परता के साथ करने को कहा. डायल 112 से संबंधित आवश्यक दिए गए. इस मौके पर थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार, एसआई अमित कुमार, राजेश कुमार मिनी कुमारी, टिंकू कुमार, राजेश कुमार,संजय कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

सरकारी कार्यों में जवाबदेही, समयबद्धता व पारदर्शिता सुनिश्चित करें : जिलाधिकारी



जिलाधिकारी आनंद शर्मा।

मधुबनी (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी द्वारा सरकारी कार्यसंस्कृति को अधिक जवाबदेह, पारदर्शी, अनुशासित एवं परिणामोन्मुख बनाने तथा आम लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके तहत जिला से लेकर प्रखंड एवं पंचायत स्तर तक के अधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही, उपस्थिति की नियमित एवं प्रभावी निगरानी के लिए जिला एवं प्रखंड स्तर पर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ-साथ आम जनता के कार्यों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन करना है। जिलाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने स्पष्ट किया है कि सरकारी सेवाओं में लापरवाही, अनावश्यक विलंब एवं जवाबदेही की कमी स्वीकार्य नहीं होगी। प्रत्येक पदाधिकारी एवं कर्मी को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, तत्परता एवं जिम्मेदारी के साथ करना है। जिलाधिकारी द्वारा प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर कार्यरत सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रतिदिन पूर्वाह्न 10:00 बजे से 10:10 बजे तक बायोमेट्रिक मशीन के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करने का निर्देश दिया है। इसके पश्चात उपस्थिति की फोटोग्राफ एवं प्रतिवेदन संबंधित प्रखंड के निर्धारित व्हाट्सएप ग्रुप में साझा करना अनिवार्य किया गया है। इस व्यवस्था के दायरे में पंचायत कार्यपालक सहायक, ग्राम कचहरी सचिव, न्याय मित्र, लेखापाल सह आईटी सहायक, तकनीकी सहायक, पंचायत सचिव, राजस्व कर्मचारी, आवास सहायक, रोजगार सेवक, पंचायत तकनीकी सहायक, मनरेगा कर्मी, किसान सलाहकार, विकास मित्र सहित अन्य संबंधित कर्मी शामिल हैं। सभी संबंधित कर्मियों को प्रतिदिन पूर्वाह्न 10:10 बजे तक अपनी उपस्थिति दर्ज कर उसका साक्ष्य निर्धारित ग्रुप में साझा करना अनिवार्य है। वहीं, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पूर्वाह्न 1010 बजे से 10:20 बजे तक प्रखंडवार उपस्थिति का रिपोर्ट प्राप्त कर उसे समेकित करते हुए निर्धारित ग्रुप में साझा करने का निर्देश दिया गया है।

जिला एवं प्रखंड स्तर पर निर्धारित की गई निगरानी की जिम्मेदारी

बायोमेट्रिक उपस्थिति व्यवस्था का प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट जिम्मेदारी निर्धारित की गई है। प्रखंड स्तर पर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को अनुश्रवण की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि जिला स्तर पर अपर समाहर्ता एवं स्थापना उपसमाहर्ता को नामित किया गया है। इससे उपस्थिति संबंधी सूचनाओं का नियमित संकलन, समीक्षा एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है तथा आम लोग लाभान्वित हो रहे हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि यदि कोई कर्मी लगातार तीन कार्यदिवस तक निर्धारित ग्रुप में अपनी उपस्थिति साझा नहीं करता है तो उसे अनधिकृत रूप से अनुपस्थित मानते हुए बिहार सरकारी सेवक आचरण नियमावली, 1976 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

अक्टूबर माह की समीक्षा में 11 कर्मी अनुपस्थित, कारण पृच्छा जारी

जिला मॉनिटरिंग शाखा द्वारा अक्टूबर माह की बायोमेट्रिक उपस्थिति की समीक्षा के क्रम में पंचायती राज विभाग से जुड़े 11 कर्मी पूर्वाह्न 10:30 बजे तक अनुपस्थित पाए गए हैं। यह स्थिति दशार्ती है कि उपस्थिति व्यवस्था की निगरानी केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं है, बल्कि निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप वास्तविक अनुपालन की भी समीक्षा कर अपेक्षित कार्रवाई भी की जा रही है।

ई-ऑफिस से सरकारी कार्यों के निष्पादन में तेजी एवं पारदर्शिता

जिलाधिकारी द्वारा प्रशासनिक व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी एवं अधिक प्रभावी बनाने के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति के साथ-साथ ई-ऑफिस प्रणाली के उपयोग पर भी विशेष जोर दिया गया है। ई-ऑफिस के माध्यम से सरकारी संचिकाओं एवं पत्रों का डिजिटल संचालन, ऑनलाइन अग्रसारण, संबंधित पदाधिकारियों के स्तर पर समयबद्ध समीक्षा तथा निर्णय लेने की प्रक्रिया को अधिक सुगम बनाया गया है। ई-ऑफिस प्रणाली से संचिकाओं के अनावश्यक लंबित रहने की संभावना कम हुई है। इसके माध्यम से यह पता लगाना आसान होता है कि कोई संचिका किस स्तर पर लंबित है तथा उसके निष्पादन में कितना समय लग रहा है। इससे कार्यों की जवाबदेही निर्धारित करने, पारदर्शिता बढ़ाने एवं प्रशासनिक निर्णयों में तेजी लाने में मदद मिलती है।

आम जनता को मिल रहा सीधा लाभ

बायोमेट्रिक उपस्थिति एवं ई-ऑफिस प्रणाली का व्यापक उद्देश्य प्रशासनिक व्यवस्था को नागरिक केंद्रित बनाना है। कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मियों की समय पर उपस्थिति से आम लोगों को अपने कार्यों के लिए अनावश्यक इंतजार नहीं करना पड़ता। वहीं, ई-ऑफिस के माध्यम से आवेदन, शिकायत, प्रमाण-पत्र, राजस्व एवं अन्य प्रशासनिक मामलों के निष्पादन की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित एवं समयबद्ध हुई है। जिला पदाधिकारी की प्रभावी पहल से सरकारी कार्यालयों के प्रति आम लोगों का भरोसा मजबूत हुआ है तथा उन्हें अपने कार्यों के लिए बार-बार कार्यालयों का चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होती। इस पहल का मूल उद्देश्य स्पष्ट है कि प्रशासनिक व्यवस्था में समय की पाबंदी, कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता एवं जवाबदेही को संस्थागत स्वरूप दिया जाए। तकनीक आधारित निगरानी एवं डिजिटल कार्यप्रणाली के समन्वय से जिला प्रशासन सरकारी सेवाओं को अधिक सुलभ, पारदर्शी, प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है।

स्वच्छता केवल अभियान नहीं, हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी : डीपीओ आनंद अंकित

मधुबनी (एनएसबी)। जिला गंगा समिति 'नमामि गंगे', मधुबनी के तत्वावधान में विशेष अभियान 6.0 के अंतर्गत वॉटसन मध्य विद्यालय, मधुबनी में छात्र-छात्राओं के बीच स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर संगोष्ठी सह क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जलस्रोतों के महत्व से संबंधित प्रश्नों के माध्यम से अपनी जानकारी और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में आयुष ने प्रथम, प्रेम कुमार ने द्वितीय तथा विकास कुमार यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सफल प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर डीपीओ नमामि गंगे आनंद अंकित ने कहा कि स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने में विद्यार्थियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बच्चों में छोटी उम्र से ही स्वच्छता, जल संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना आवश्यक है। विद्यार्थी स्वयं स्वच्छता अपनाने के साथ अपने परिवार और समाज को भी इसके लिए प्रेरित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ नदियां, स्वच्छ जलस्रोत और स्वच्छ पर्यावरण एक स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य की आधारशिला हैं। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि कल+2 वाटसन उच्च विद्यालय, मधुबनी में स्थानीय विद्यालयों के छात्र छात्राओं के बीच भाषण प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक भारती कुमारी ने की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के विशिष्ट शिक्षक एवं गंगा मित्र मनीष कर्ण ने किया। वहीं, प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका सरस्वती विद्या निकेतन (+2 मनमोहन उच्च विद्यालय), रामपट्टी के नवाचारी शिक्षक एवं गंगा मित्र पवन कुमार ने निभाई। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने, पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिका मनीषा रानी,शबाना प्रवीण,नस्र कौशर आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी।

कोलकाता भगदड़ : मुजफ्फरपुर के पीड़ित परिवार को मिला 50 लाख का मुआवजा

भगदड़ में पिता-पुत्र की मौत पर पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री उमेश राय ने मुजफ्फरपुर आकर मृतक के परिजन को सौपे दो चेक

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में नवरात्रि के दौरान हुई भगदड़ में मुजफ्फरपुर के साकेतपुरी निवासी अभिषेक और उनके पुत्र आयांश की असामयिक मृत्यु के बाद पश्चिम बंगाल सरकार ने पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की पहल पर गुरुवार को पश्चिम बंगाल सरकार के नगर विकास विभाग के राज्यमंत्री उमेश राय मुजफ्फरपुर पहुंचे और शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उन्हें 25-25 लाख रुपये के दो चेक सौंपे।

बंगाल सरकार के मंत्री उमेश राय मुजफ्फरपुर भाजपा के जिला पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ साकेतपुरी स्थित पीड़ित परिवार के आवास पहुंचे। जहां उन्होंने परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढ़स बंधाया। इस दौरान वीडियो कॉल के माध्यम से मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने भी पीड़ित परिवार से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।



मृतक अभिषेक श्रीवास्तव के परिजन को सहायता राशि का चेक देते मंत्री उमेश राय।



कोलकाता भगदड़ में मृत पिता एवं पुत्र को श्रद्धांजलि अर्पित करते बंगाल सरकार के मंत्री।

इस मौके पर मंत्री उमेश राय ने कहा कि अभिषेक और आयांश का असामयिक निधन अत्यंत दुखद और अपूरणीय क्षति है। इस पीड़ा की भरपाई किसी भी आर्थिक सहायता से संभव नहीं है, लेकिन संकट की इस घड़ी में परिवार को संबल देना और उनके साथ खड़ा रहना पश्चिम बंगाल सरकार का मानवीय दायित्व है। मौके पर नगर विधायक रंजन कुमार, भाजपा मुजफ्फरपुर पूर्वी के जिलाध्यक्ष विवेक कुमार, पश्चिमी जिलाध्यक्ष हरिमोहन चौधरी, पूर्व प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा, वरिष्ठ नेता संतोष रंजन राय, प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अशोक झा, अरविंद कुमार सिंह, मनोज तिवारी, धर्मेंद्र साहू, अरविंद सिंह, अमिताभ कुमार, रंजन कुमार ओझा, जुनैद खान और दिवाकर शर्मा समेत कई नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी नेताओं ने दिवंगत पिता-पुत्र को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में भाजपा परिवार पीड़ित परिजनों के साथ खड़ा है।

बंगाल के मंत्री को काँटी विधायक ने मुजफ्फरपुर में किया सम्मानित

कहा : बंगाल सरकार में मंत्री बन उमेश राय ने बढ़ाया बिहार की मिट्टी का मान

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। पश्चिम बंगाल में हुए हादसे में मारे गए मुजफ्फरपुर के अभिषेक श्रीवास्तव और उनके पुत्र के परिजनों को मुआवजे की राशि सौंपने शुक्रवार को मुजफ्फरपुर पहुंचे पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री उमेश कुमार राय का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं कांटी विधायक ई. अजीत कुमार ने अपने समर्थकों के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

मौके पर विधायक अजीत कुमार ने मंत्री उमेश कुमार राय को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधायक ने कहा कि उमेश कुमार राय ने पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए बिहार की मिट्टी का मान-सम्मान बढ़ाया है। यह पूरे बिहार के लिए गर्व की बात है।



पश्चिम बंगाल के मंत्री उमेश राय को सम्मानित करते काँटी विधायक।

उन्होंने कहा कि दूसरे राज्य में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाते हुए बिहार के लोगों के प्रति संवेदनशीलता दिखाना सराहनीय है। बंगाल हादसे में जान गंवाने वाले मुजफ्फरपुर के दो लोगों के परिजनों को मुआवजा उपलब्ध कराने के लिए मंत्री का यहां पहुंचना पीड़ित परिवारों के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दशार्ता है। इस अवसर पर स्थानीय कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

गश्ती के दौरान बिजली के पोल से टकराई पुलिस की गाड़ी, बाल-बाल बचे पुलिसकर्मी

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिले के मुसहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत मणिका चौक के समीप देर रात पुलिस गश्ती के दौरान एक सड़क हादसा हो गया। सामने से आ रही गाड़ी को बचाने के प्रयास में पुलिस वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पुलिस की गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वही बिजली का पोल भी क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, राहत की बात यह रही कि वाहन में सवार पुलिस अधिकारी और जवान सुरक्षित बच गए। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम नियमित रात्रि गश्ती पर निकली थी। इसी दौरान मणिका चौक के पास सामने से एक गाड़ी आती दिखाई दी। उसे बचाने के प्रयास में पुलिस वाहन के चालक ने गाड़ी को दूसरी दिशा में मोड़ा। इसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से जा टकराया। टक्कर के बाद पुलिस वाहन को काफी नुकसान पहुंचा। हादसे के बाद घटनास्थल पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। क्षतिग्रस्त वाहन को देखकर दुर्घटना की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। रात्रि गश्ती के दौरान हुई इस दुर्घटना में पुलिसकर्मियों के सुरक्षित रहने से राहत मिली है।

मणिका चौक के पास सामने से आ रही गाड़ी को बचाने में हुआ हादसा, वाहन क्षतिग्रस्त



बिजली के पोल से टकराकर क्षतिग्रस्त पुलिस वाहन।

नगर के बटलर रोड में महिला पॉलिटेक्निक की छात्रा बेहोशी की हालत में मिली, एसकेएमसीएच में भर्ती

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिले के काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के बटलर चौक के समीप सड़क किनारे महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज की एक छात्रा बेहोशी की हालत में मिली। सूचना मिलने पर डायल 112 की पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छात्रा को इलाज के लिए एसकेएमसीएच में भर्ती कराया। उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को बटलर चौक के समीप एक युवती के अचेत अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली थी। इसके बाद डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और छात्रा को अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल चिकित्सकों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, छात्रा की पहचान 20 वर्षीय चंचल कुमारी के रूप में हुई है। वह मूल रूप से बक्सर जिले की रहने वाली है और मुजफ्फरपुर स्थित महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में पढ़ाई करती है। घटना की जानकारी मिलने के बाद कॉलेज प्रशासन और पुलिस महकमे में हलचल मच गई है। प्रारंभिक जानकारी में छात्रा द्वारा कथित तौर पर एसिड का सेवन किए जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, घटना की वास्तविक वजह और परिस्थितियां अभी स्पष्ट नहीं हैं। यह भी जांच का विषय है कि एसिड का सेवन किन परिस्थितियों में किया गया। काजी मोहम्मदपुर थाना पुलिस मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। घटना से जुड़े तथ्यों का पता लगाने के लिए पुलिस आवश्यक जानकारी जुटा रही है। फिलहाल छात्रा की चिकित्सकीय स्थिति और जांच के निष्कर्षों के आधार पर ही मामले की वास्तविकता स्पष्ट हो सकेगी।



पुलिस अभिरक्षा में बेहोश मिली छात्रा का एसकेएमसीएच में चल रहा इलाज।

बक्सर की रहने वाली है 20 वर्षीय छात्रा चंचल कुमारी, एसिड सेवन की आशंका

मुजफ्फरपुर पिकअप लूटकांड में बिहार एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई, शातिर आदर्श उर्फ पप्पू गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र में हुए चर्चित पिकअप वैन लूट और धोखाधड़ी मामले में बिहार एसटीएफ को बड़ी सफलता मिली है। एसटीएफ की विशेष टीम ने कार्रवाई करते हुए मामले के अप्राथमिकी अभियुक्त आदर्श कुमार उपाध्याय उर्फ पप्पू को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी मुजफ्फरपुर के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत भगवानपुर से की गई। गिरफ्तार आरोपी मूल रूप से सारण जिले के मकेर थाना क्षेत्र के सेमराढ़िया गांव का निवासी है। उसके पिता का नाम महेश उपाध्याय बताया गया है। पुलिस के अनुसार, साहेबगंज थाना क्षेत्र के रामपुरा असली निवासी टाइल्स-मार्बल दुकानदार रणधीर कुमार पटेल ने 26 मई 2026 को इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। शिकायत के मुताबिक, घटना 25 मई की दोपहर करीब एक बजे की है। उस समय एक व्यक्ति उनकी दुकान पर पहुंचा और साहेबगंज से गोपालगंज जिले के मोहम्मदपुर जाने के लिए उनकी पिकअप वैन संख्या बीआर 06जीई 1951 को दो हजार रुपये में भाड़े पर तय किया। आरोप है कि रास्ते में उसने चालक मोहम्मद तौहीद को नशीला पदार्थ खिला दिया, जिससे वह बेहोश हो गया। इसके बाद आरोपी चालक को रास्ते में छोड़कर पिकअप वैन लेकर फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी।

एके -47 बरामदगी मामले में एनआईए की टीम ने मुजफ्फरपुर में की बड़ी कार्रवाई

हाईकोर्ट के अधिवक्ता संदीप सिन्हा गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। मुजफ्फरपुर एके -47 बरामदगी मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पटना हाईकोर्ट के अधिवक्ता संदीप कुमार सिन्हा को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, एजेंसी की टीम ने देर रात वैशाली जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जौहरी बाजार स्थित उनके कार्यालय के पास से उन्हें गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद एनआईए की टीम अधिवक्ता को अपने साथ ले गई। इस कार्रवाई के बाद इलाके में चचाओं का बाजार गर्म है।

बताया जा रहा है कि अधिवक्ता की गिरफ्तारी केस नंबर RC-11/2024/NIA/DLI के सिलसिले में की गई है। यह मामला मुजफ्फरपुर में एके -47 बरामदगी से जुड़ा हुआ है। इस मामले में एनआईए पहले भी कई लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है। हालांकि, अधिवक्ता की कथित भूमिका और उनकी गिरफ्तारी के विस्तृत कारणों को लेकर एजेंसी का आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आया है। अधिवक्ता की गिरफ्तारी के बाद उनके परिजनों ने एनआईए की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। उनके पिता का दावा है कि एजेंसी की टीम पहले भी दो बार उनके घर पर छापेमारी कर चुकी है। उनके मुताबिक, पहली छापेमारी के दौरान कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ था। वहीं, दूसरी छापेमारी को लेकर उन्होंने आरोप लगाया कि घर के बाहर स्थित एक कमरे में रिवॉल्वर रखकर उसकी बरामदगी दिखाई गई। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। अधिवक्ता के चचेरे भाई ने भी आरोप लगाया कि दूसरी छापेमारी और उससे संबंधित जब्ती सूची को पटना स्थित एनआईए की विशेष अदालत में चुनौती दी गई है। उनके अनुसार, अदालत ने इस मामले में जांच एजेंसी से जवाब मांगा है। परिजनों का दावा है कि इसी कानूनी कार्रवाई से नाराज होकर अधिवक्ता को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने गिरफ्तारी को कथित तौर पर दुर्भावना से प्रेरित बताया है। इन आरोपों पर एनआईए की ओर से कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की गई है। अधिवक्ता के पिता ने आरोप लगाया कि दूसरी छापेमारी के दौरान एनआईए की टीम उनके लाइसेंसी हथियार और कुछ नकदी भी अपने साथ ले गई थी। उन्होंने दावा किया कि इस संबंध में एनआईए के महानिदेशक से लेकर प्रधानमंत्री तक शिकायत की गई है। परिजनों का कहना है कि शिकायतों के बाद से उनके परिवार को परेशान किया जा रहा है। हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि संबंधित दस्तावेजों और एजेंसी के आधिकारिक पक्ष से होना बाकी है।

वैशाली के जौहरी बाजार स्थित कार्यालय के पास से देर रात हुई गिरफ्तारी



वैशाली का जौहरी बाजार जहां से हुई अधिवक्ता संदीप की गिरफ्तारी।

मुजफ्फरपुर एके-47 बरामदगी मामले में अब तक छह से अधिक लोगों की गिरफ्तारी की बात सामने आई है। एनआईए इस मामले के विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है। इसी क्रम में अधिवक्ता संदीप कुमार सिन्हा की गिरफ्तारी को जांच की महत्वपूर्ण कड़ी माना जा रहा है। फिलहाल इस मामले में एनआईए की कार्रवाई और अधिवक्ता के परिजनों के आरोपों को लेकर स्थिति स्पष्ट होने का इंतजार है। अब सबकी निगाहें जांच एजेंसी के आधिकारिक बयान, अदालत की कार्यवाही और मामले में सामने आने वाले साक्ष्यों पर टिकी हैं।

शहवाजपुर जमीन फर्जीवाड़ा मामले में राजस्व अधिकारी करुण कर्ण निलंबित

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिले के मुशहरी अंचल के शहवाजपुर में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी विजय कुमार से जुड़ी जमीन के कथित फजीवाड़े का मामला एक बार फिर चर्चा में है। जमीन के नामांतरण और दाखिल-खारिज में कथित तौर पर फर्जी दस्तावेजों तथा कूटरचित कागजातों के इस्तेमाल के मामले में राजस्व विभाग ने तत्कालीन राजस्व अधिकारी करुण कर्ण को निलंबित कर दिया है। इससे पहले तत्कालीन अंचलाधिकारी महेंद्र कुमार शुक्ला के खिलाफ भी कार्रवाई की गई थी। दोनों अधिकारियों की भूमिका को लेकर जांच के दौरान गंभीर आरोप सामने आए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार अहियापुर थाना क्षेत्र में करीब 70 डिसमिल जमीन के कथित फर्जी केवाला के आधार पर अवैध रूप से दाखिल-खारिज किए जाने का मामला सामने आया था। इस मामले में मुशहरी, अहियापुर और सदर थानों में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने दस्तावेजों और तकनीकी साक्ष्यों की जांच के बाद तत्कालीन सीओ महेंद्र कुमार शुक्ला और राजस्व अधिकारी करुण कर्ण को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा था। दोनों अधिकारियों पर आपराधिक षड्यंत्र में संलिप्तता के आरोप लगे थे। इस मामले में तत्कालीन अंचलाधिकारी महेंद्र कुमार शुक्ला को जेल भेजे जाने से एक दिन पहले निलंबित कर दिया गया था। अब राजस्व विभाग ने तत्कालीन राजस्व अधिकारी करुण कर्ण को भी निलंबित कर दिया है। हालांकि, विशेष अदालत से जमानत मिलने के बाद दोनों अधिकारियों को रिहा किए जाने की जानकारी सामने आई है, लेकिन विभागीय स्तर पर कार्रवाई जारी है। जमानत पर रिहाई के बावजूद मामले से जुड़े आरोपों और जांच की प्रक्रिया को लेकर स्थिति बनी हुई है। इस प्रकरण में अन्य मामलों में प्राथमिकी दर्ज होने की भी जानकारी सामने आई है। ऐसे में जांच का दायरा बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।



मुशहरी प्रखंड के निलंबित आरओ करुण कर्ण।

दूसरे चरण की जनगणना के लिए अधिकारियों और कर्मियों का प्रशिक्षण शुरू

25 जनवरी से 28 फरवरी तक होगी जनगणना

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण यानी जनसंख्या परिगणना के सफल संचालन को लेकर शुक्रवार को मुजफ्फरपुर समाहरणालय में जिला एवं चार्ज स्तरीय पदाधिकारियों और सरकारी कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी कुमार गौरव ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण 30 अक्टूबर से 4 नवंबर तक तीन बैचों में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में जनगणना निदेशालय द्वारा नामित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण-सह-नोडल पदाधिकारी नीतू कुमारी और मोनी शर्मा ने अधिकारियों एवं कर्मियों को जनगणना की प्रक्रिया, तकनीकी कार्यप्रणाली और जिम्मेदारियों की जानकारी दी।

इस दौरान स्वयं गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की सुविधा पर विशेष जोर दिया गया। इसके माध्यम से नागरिक ऑनलाइन अपनी आवश्यक जानकारियां दर्ज कर सकेंगे। प्रशिक्षकों ने प्रेजेंटेशन के जरिए इस सुविधा के उपयोग और कार्यप्रणाली को विस्तार से समझाया। इसके अलावा ईवी स्प्लिटिंग और जनसंख्या गणना के लिए विकसित मोबाइल ऐप के संचालन, विभिन्न फीचर्स और डेटा प्रविष्टि की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। बताया गया कि जनसंख्या परिगणना का कार्य पूरी तरह डिजिटल माध्यम से किया जाएगा। इसकी निर्धारित अवधि 25 जनवरी से 28 फरवरी तक होगी। जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 8(1) के तहत प्रत्येक नागरिक या परिवार से निर्धारित 40 बिंदुओं पर सूचनाएं एकत्र की जाएंगी। प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना के कार्य को सटीक, पारदर्शी और त्रुटिरहित तरीके से संपन्न कराना है। जिलाधिकारी ने सभी चार्ज पदाधिकारियों को जनगणना के व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया, ताकि आम नागरिकों को स्वयं गणना सहित पूरी प्रक्रिया की जानकारी मिल सके। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मियों से प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी निष्ठा के साथ कार्य संपादित करने को कहा।



उद्घाटन के पश्चात मतगणना कर्मियों को संबोधित करते जिलाधिकारी।

मुजफ्फरपुर सेंट्रल जेल में डीएम-एसएसपी की औचक छापेमारी

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा में शुक्रवार की अहले सुबह जिलाधिकारी कुमार गौरव और एसएसपी कांतिश कुमार मिश्रा ने औचक छापेमारी कर संयुक्त निरीक्षण किया। सुबह करीब तीन बजे शुरू हुई कार्रवाई ढाई घंटे से अधिक समय तक चली। इस दौरान जेल के विभिन्न वार्डों और कक्षों की सघन तलाशी ली गई। अधिकारियों ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, रखरखाव और बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कोई भी आपत्तिजनक या प्रतिबंधित सामग्री नहीं मिली।

जिलाधिकारी और एसएसपी ने बताया कि यह नियमित जांच का हिस्सा था। निरीक्षण के दौरान जेल की व्यवस्था सामान्यतः संतोषजनक पाई गई। अधिकारियों ने काराधीक्षक को जेल मैनुअल के सभी प्रावधानों का कड़ाई से पालन करते हुए कारा का संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने बंदियों के व्यावसायिक प्रशिक्षण और शैक्षणिक कार्यक्रमों को बेहतर बनाने का निर्देश दिया। महिला खंड में बंद महिला कैदियों के लिए भी विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने को कहा गया। इसके अलावा जेल में बंद वृद्ध और बीमार कैदियों की देखभाल पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। जेल भवन के अनुरक्षण, मरम्मत और निर्माण से संबंधित कार्यों की समेकित सूची तैयार कर भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को उपलब्ध कराने को कहा गया, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके। जेल की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके लिए जिला समादेष्टा, मुजफ्फरपुर से पत्राचार कर गृह रक्षकों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने को भी कहा गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जेल के अंदर किसी भी तरह की अवैध गतिविधि को रोकने के लिए नियमित निगरानी और प्रभावी कार्रवाई जरूरी है। सरकार के निदेर्शानुसार भविष्य में भी जेल परिसर में औचक छापेमारी और जांच जारी रहेगी।

इस संयुक्त निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर पूर्वी, नगर पुलिस अधीक्षक, काराधीक्षक, जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षक, विभिन्न थानों के थानाध्यक्ष सहित कुल 162 पुलिसकर्मी मौजूद थे।



मुजफ्फरपुर सेंट्रल जेल में निरिक्षण को पहुँचे डीएम-एसएसपी एवं अन्य अधिकारी।

162 पुलिसकर्मियों के साथ तड़के 3 बजे पहुंचे अधिकारी, ढाई घंटे तक चली सघन तलाशी में नहीं मिली कोई प्रतिबंधित सामग्री

प्रसाद हॉस्पिटल में बोन एंड जॉइंट हेल्थ स्पेशल अवेयरनेस प्रोग्राम, विशेषज्ञों ने बचाव व उपचार की दी जानकारी

मजबूत हड्डियां और स्वस्थ जोड़ बेहतर जीवन के आधार : डॉ. उपेंद्र

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। हड्डियों एवं जोड़ों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ब्रह्मपुरा स्थित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल प्रसाद हॉस्पिटल के सभागार में बोन एंड जॉइंट हेल्थ-स्पेशल अवेयरनेस प्रोग्राम 2026 का आयोजन किया गया। दर्द निवारक दवा जीरोडाल के निमार्ता कंपनी ईपका लेबोरेटरीज लिमिटेड के प्रायोजकत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रसाद हॉस्पिटल के सीएमडी एवं वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. उपेंद्र प्रसाद ने कहा कि स्वस्थ शरीर की कल्पना मजबूत हड्डियों और स्वस्थ जोड़ों के बिना अधूरी है। अक्सर लोग घुटने, कमर या जोड़ों में दर्द शुरू होने के बाद ही स्वास्थ्य के प्रति गंभीर होते हैं। जबकि संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, सही जीवनशैली और समय पर चिकित्सकीय सलाह से इन समस्याओं से बचाव में मदद मिल सकती है। मुख्य वक्ता सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. ज्ञानेंदु शेखर ने ऑस्टियोपोरोसिस, हड्डियों की कमजोरी तथा कैल्शियम एवं विटामिन-डी की कमी पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। युवा विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. कुमार गौतम ने कहा कि घुटने, कमर और कंधे का लगातार दर्द तथा जोड़ों की जकड़न को उम्र का सामान्य प्रभाव मानकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय पर जांच और उपचार जरूरी है।



कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञ चिकित्सक, प्रसाद हॉस्पिटल के स्वास्थ्य कर्मी, ईपका लेबोरेटरीज के प्रतिनिधि व अन्य।

घुटने, कमर और कंधे का लगातार दर्द तथा जोड़ों की जकड़न को उम्र का सामान्य प्रभाव मानकर नजरअंदाज नहीं करें : डॉ. कुमार गौतम

विशेषज्ञों ने हड्डियों एवं जोड़ों से जुड़ी बीमारियों की पहचान, बचाव और आधुनिक चिकित्सा विकल्पों पर भी विस्तार से मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में डॉ. नौशाद, डॉ. निधि सहित अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मी तथा ईपका लेबोरेटरीज के प्रतिनिधि ब्रजेश कुमार, संतोष कुमार, आशीष कुमार, संजीव कुमार, मो. जावेद आलम, आशीष कुमार भारती एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सुनीं जन समस्याएं



सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सात निश्चय-3 अंतर्गत सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने विमर्श कक्ष में जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने आमजनों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं जहां परिवादों को सुना गया एवं उसके समाधान में कदम उठाए गए।

जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए जिसमें भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना,आई सी डी एस, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क, राशन कार्ड,अतिक्रमण, सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी परिवाद प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसमस्याओं के निष्पादन में जिले के सभी पदाधिकारी पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल समाधान निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

संक्षिप्त खबरें

11 सूत्री मांगों को लेकर नगर निगम कार्यालय का घेराव, 3 नवंबर से हड़ताल की चेतावनी

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फेडरेशन एवं नगर निकाय कर्मचारी संघ के आह्वान पर शुक्रवार को नगर निगम कर्मचारियों ने सीतामढ़ी नगर निगम कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। कर्मचारी अपनी 11 सूत्री मांगों के समर्थन में आंदोलनरत हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष चंदन राउत ने की, जबकि संचालन नगर निगम कर्मचारी संघ के संरक्षक सह मंत्री संजय कुमार पप्पू ने किया। घेराव कार्यक्रम में नगर निगम के बड़ा बाबू अरुण चौबे, कालिका नंदन प्रसाद, दिनकर, रामप्रवेश, बिंदेश्वर राउत, राजू राउत, अल्ताफ, रंजीत, विजय पाल, राहुल रंजन सहित दर्जनों महिला एवं पुरुष कर्मचारी शामिल हुए।



भंसार चोरी कर लाए गए करीब 10 लाख 12 हजार रुपये के कपड़े जप्त

बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)। नेपाल के गौर शहर स्थित एक मकान पर सशस्त्र एवं जनपथ पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर 10 लाख 12 हजार रुपये मूल्य के कपड़ा को जप्त किया है। सशस्त्र पुलिस के डीएसपी दुर्गा प्रसाद भट्ट ने बताया कि गुप्त सूचना के आलोक में सशस्त्र एवं जनपथ पुलिस की संयुक्त टीम ने गौर नगरपालिका-1 स्थित मनोज साह उर्फ छोटका के घर में छापेमारी कर भारतीय क्षेत्र से तस्करी के माध्यम से भंसार चोरी कर लाए गए करीब 10 लाख 12 हजार रुपये के कपड़े को जप्त किया है, लेकिन गृहस्वामी सह कारोबारी फरार हो गया है। श्री भट्ट ने बताया कि छठ पर्व के मद्देनजर भारतीय क्षेत्र से तस्करी के माध्यम से भंसार चोरी कर कपड़ा सहित अन्य सामग्री नेपाल में लाए जाने के मद्देनजर सशस्त्र, जनपथ पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है।

वस्तानिया परीक्षा का कार्यक्रम जारी, 25 से 31 जनवरी 2027 तक होगी परीक्षा

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना की ओर से वस्तानिया (आठवीं) परीक्षा 2027 का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। परीक्षा 25 से 31 जनवरी 2027 तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगी। बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना के सचिव अब्दुस सलाम अंसारी ने बताया कि वस्तानिया परीक्षा के लिए विषयवार कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 25 जनवरी को पहली पाली में विज्ञान, 27 जनवरी को पहली पाली में दिनियात और दूसरी पाली में अरबी, 28 जनवरी को पहली पाली में उर्दू और दूसरी पाली में अंग्रेजी, 30 जनवरी को पहली पाली में हिंदी और दूसरी पाली में फारसी तथा 31 जनवरी को पहली पाली में हिसाब और दूसरी पाली में मुताला-ए-तहजीब की परीक्षा आयोजित की जाएगी। मदरसा डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (एमडीओ) के प्रदेश मीडिया प्रभारी मो. अरमान अली एवं प्रदेश प्रवक्ता मो. मनाजेरुल इस्लाम ने वस्तानिया परीक्षा का कार्यक्रम जारी होने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

लंबित वादों के निष्पादन की धीमी गति पर डीएम नाराज

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में अभियोजन की बैठक की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित रंजन, विधि शाखा के प्रभारी पदाधिकारी, जिला अभियोजन पदाधिकारी, सहायक लोक अभियोजक, विशेष लोक अभियोजक, पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य विधि पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी अभियोजन पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी के साथ सामंजस्य बनाकर कार्य करें। बैठक में स्पीडी ट्रायल से संबंधित मामले एवं सामान्य वाद मामले की समीक्षा की गई। लंबित वादों के निष्पादन की धीमी गति पर नाराजगी प्रकट की गई। निर्देश दिया गया कि सभी विधि पदाधिकारी स्पीडी ट्रायल से संबंधित सभी मामलों का निष्पादन यथा शीघ्र करना सुनिश्चित करें साथ ही समान्य मामलो के निष्पादन में भी प्रगति लाएं। साथ ही प्रत्येक वाद में राज्य का पक्ष दृढ़तापूर्वक रखा जाय जिससे कि विभिन्न वादों में अधिकाधिक दोष सिद्धि कराया जा सके। दोषसिद्धि के मामले की संख्या कम होने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी प्रकट की गई एवं सख्त निर्देश दिया गया कि अधिकाधिकदोशसिद्धि करवाया जाए। उन्होंने सभी अभियोजन पदाधिकारियों को अपने कार्यों में पर्याप्त सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

लापता युवक किसलय की हत्या का 55 दिनों बाद हुआ खुलासा, दोस्त गिरफ्तार; अपराध स्वीकारा

मुजफ्फरपुर। अहियापुर थाना क्षेत्र से लापता 29 वर्षीय युवक किसलय हत्याकांड का घटना के 55 दिनों बाद पुलिस ने पदार्फाश किया है। पुलिस ने हत्या में संलिप्त एक नामजद अभियुक्त अनुकूल कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, युवक किशलय की हत्या उसके दोस्तों ने मिलकर की थी और शव को रेवा स्थित नदी में फेंक दिया था। मामले में अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। यह जानकारी देते हुए सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने बताया कि बीते 5 सितंबर को अहियापुर थाना क्षेत्र के किसलय के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने की सूचना मिली थी। युवक के घर नहीं लौटने और मोबाइल फोन बंद रहने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। इस दौरान स्थानीय स्तर पर जानकारी मिली कि उसे कलमबाग चौक और गन्नीपुर स्थित एक लॉज में देखा गया था, जहां कुछ अन्य लोगों के साथ उसका विवाद भी हुआ था। परिजनों ने पुरानी रंजिश के कारण किसी अनहोनी की आशंका जताई थी। इसके बाद परिजनों के आवेदन पर अहियापुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी के निर्देशन, नगर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण और नगर एसडीपीओ-2 के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

बाल शोषण, बाल श्रम और बाल तस्करी से बचाव के प्रति किया गया जागरूक, बताए गए अधिकार

गुड टच-बैड टच की दी गई जानकारी

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सीतामढ़ी के तत्वाधान में सुरक्षित बचपन अभियान के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर आयोजित इन शिविरों में बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा और कानून के प्रति जागरूक किया गया।

डुमरा स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में आयोजित जागरूकता शिविर में न्यायिक पदाधिकारियों ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, स्वास्थ्य, खेलकूद और सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार है। शिविर में बाल शोषण, बाल श्रम, बाल तस्करी, हिंसा तथा बच्चों के विरुद्ध होने वाले अन्य अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। शिविर में बच्चों और अभिभावकों को किसी भी आपात स्थिति या दुर्व्यवहार की घटना में सहायता प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। बच्चों की सहायता के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, आपातकालीन सहायता के लिए 112 तथा साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत के लिए 1930 पर संपर्क करने की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर न्यायिक पदाधिकारी रामप्रकाश यादव, अजहर आलम, रोशन कुमार एवं ईश्वर चन्द्र अकेला सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार, शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अभियान के तहत डुमरा स्थित चिनमया इंटरनेशनल स्कूल में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। न्यायिक दंडाधिकारी द्वितीय श्रेणी ऋषभ रंजन ने विद्यार्थियों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पॉक्सो एक्ट) के प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को गुड टच और बैड टच के बीच अंतर समझाते हुए किसी भी असहज स्थिति में सतर्क रहने तथा भरोसेमंद अभिभावक या शिक्षक को इसकी जानकारी देने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को सोशल मीडिया और इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करने, अनजान लोगों से ऑनलाइन बातचीत में सावधानी बरतने तथा संदिग्ध लिंक और संदेशों से दूर रहने की सलाह दी गई।



सेंट जोसेफ स्कूल में सम्बोधित करतीं छात्रा व मंचासीन न्यायिक पदाधिकारी, शिक्षक व अन्य।



चिनमया इंटरनेशनल स्कूल के कार्यक्रम में न्यायिक दंडाधिकारी, शिक्षक, छात्रायें व अन्य।

रेडक्रॉस ने संस्था के आजीवन सदस्य मो. शफीक खां के निधन पर शोकसभा आयोजित कर दी श्रद्धांजलि



सीतामढ़ी (एनएसबी)। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा सीतामढ़ी की ओर से संस्था के आजीवन सदस्य, प्रबंध समिति के पूर्व सदस्य एवं राजद के पूर्व जिलाध्यक्ष तथा प्रदेश उपाध्यक्ष दिवंगत हाजी मो. शफीक खां के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को याद किया। पूर्व विधायक सुनील कुमार कुशवाहा ने कहा कि उनका जीवन और सामाजिक सरोकार नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे। रेड क्रॉस के चेयरमैन डॉ. महावीर ठाकुर ने उनके साथ बिताए संस्मरण साझा करते हुए कहा कि उनके निधन से सामाजिक एवं मानवीय सेवा के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

रेड क्रॉस के सचिव राजेश कुमार सुंदरका ने कहा कि हाजी शफीक खां जनसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व थे। रेड क्रॉस से उनका जुड़ाव भी मानव सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण था। दिवंगत के पुत्र मो. जलालुद्दीन खां ने पिता के सामाजिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए रेड क्रॉस के प्रति आभार जताया तथा उनकी सेवा भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। मौके पर कोषाध्यक्ष राजेश महतो, कार्यसमिति सदस्य अमित कुमार झा, मो. नसीबुर रहमान एवं संजीव कुमार ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन राजेश कुमार सुंदरका ने किया। अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की गई।

सक्षम के प्रांतीय अधिवेशन की तैयारी पूरी, 1 नवंबर को सीतामढ़ी में जुटेंगे बिहार के सैकड़ों दिव्यांगजन

सीतामढ़ी (एनएसबी)। दिव्यांगजनों के अधिकार, सम्मान, सशक्तीकरण और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सक्षम, उत्तर बिहार प्रांत के तत्वावधान में 1 नवंबर 2026 को सरस्वती विद्या मंदिर, रिंग बाँध, सीतामढ़ी में प्रांतीय अधिवेशन आयोजित होगा। आयोजन समिति के अनुसार तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। इसमें बिहार के विभिन्न जिलों से लगभग 200 दिव्यांगजनों सहित करीब 400 लोगों के शामिल होने की संभावना है। बेगूसराय, कटिहार, दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर, सीवान, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी और पटना सहित विभिन्न जिलों से प्रतिभागी आएँगे।

आयोजन समिति के संयोजक डॉ. राजेश कुमार सुमन ने बताया कि अधिवेशन का उद्देश्य दिव्यांगजनों की प्रतिभा और उपलब्धियों को मंच प्रदान करना तथा उन्हें सरकारी योजनाओं, अधिकारों और उपलब्ध सुविधाओं के प्रति जागरूक करना है।

अधिवेशन में राष्ट्रीय न्यास, स्टेट नोडल एजेंसी सेंटर, बिहार की ओर से विशेष स्टॉल लगाया जाएगा। यहाँ राष्ट्रीय न्यास की निरामया स्वास्थ्य बीमा योजना, कानूनी अभिभावकता तथा अन्य संबंधित योजनाओं की जानकारी और आवेदन प्रक्रिया के संबंध में मार्गदर्शन दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआईडी), दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 तथा पुनर्वास से जुड़े विषयों पर भी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

आरोग्या फाउंडेशन फॉर हेल्थ प्रमोशन एंड कम्युनिटी-बेस्ड रिहैबिलिटेशन एवं लायंस क्लब सीतामढ़ी यूथ की पेशेवरों और देखभालकताओं की टीम अधिवेशन स्थल पर उपस्थित रहेगी। उद्घाटन सत्र सुबह 10 बजे से आयोजित होगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार की समाज कल्याण मंत्री डॉ. श्वेता गुप्ता, मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय संयुक्त सचिव अभय परगल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में चंद्रभूषण पाठक आमंत्रित हैं। अध्यक्षता डॉ. राम किशोर सिंह करेंगे। द्वितीय सत्र में नीतियों, योजनाओं, सेवा मॉडल, सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों और भविष्य की दिशा पर विचार-विमर्श होगा। समापन सत्र अपराह्न 2 बजे से होगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद देवेश चंद्र ठाकुर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक सुनील कुमार पिंटू और भारतीय भौतिक चिकित्सा संघ, बिहार के सचिव डॉ. उमाशंकर सिन्हा आमंत्रित हैं। अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. रविंद्र कुमार यादव करेंगे। आयोजन समिति ने जिले के सभी सामाजिक संगठनों, पुनर्वास पेशेवरों, दिव्यांगजनों एवं उनके परिवारों से इस महत्वपूर्ण आयोजन में सहभागिता का आग्रह किया है।

ट्रैक्टर एवं बाइक की टक्कर में पुलिस जवान की मौत

बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)। नेपाल के रौतहट जिले में ट्रैक्टर एवं बाइक की टक्कर में पुलिस जवान की मौत हो गयी है जबकि उनकी पत्नी पुलिस जवान अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रही है। पुलिस प्रवक्ता सह डीएसपी बसंत गौतम ने बताया कि जिले के फतुवा विजयपुर नगरपालिका-11 राडिंग टोल स्थित दुधीअवा-बालचनपुर सड़क खंड में गुरुवार की देर शाम ना.2 त-4786 नम्बर के ट्रैक्टर एवं बागमती प्रदेश 02-053 प-8202 नम्बर के बाइक की टक्कर में जिले के गुजरा नगरपालिका-4 पोखर भिंडा निवासी 35 बर्षीय पुलिस जवान सुभाष चौधरी एवं उनकी पत्नी 30 बर्षीय निशा खड़का पुलिस जवान जख्मी हो गए।

घटना की सूचना पर पुलिस चौकी दुधीअवा के सब इंस्पेक्टर नरेश यादव के नेतृत्व में पुलिस बल घटना स्थल पर पहुँचकर जख्मी दम्पति पुलिस जवान को इलाज के लिए बीरगंज भेजने के साथ ही ट्रैक्टर को नियंत्रण में ले लिया और फरार चालक की गिरफ्तारी को लेकर अग्रेतर करवाई कर रही है।

बाइक पुलिस जवान सुभाष चला रहे थे जबकि पीछे उनकी पुलिस पत्नी बैठी हुई थी। श्री गौतम ने बताया कि इलाज के दौरान सुभाष की मौत हो गयी है जबकि उनकी पत्नी निशा की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। उन्होंने बताया कि मामले को गंभीरता से लेकर अनुसंधान किया जा रहा है।

पुनौरा धाम मंदिर निर्माण कार्यों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

सीतामढ़ी (एनएसबी)। पुनौरा धाम मंदिर एवं परिसर के समग्र विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने शुक्रवार को मंदिर परिसर स्थित सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में रीगा विधायक बैद्यनाथ प्रसाद भी उपस्थित थे।

बैठक में मंदिर निर्माण सहित परिसर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। निर्माण एजेंसी अहलूवालिया कॉन्ट्रैक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने कार्यों की प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया। इस दौरान उपलब्ध मानव संसाधन, मशीनरी, निर्माण सामग्री एवं उपकरणों के साथ अस्थायी निर्माण कार्यों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा सड़क नेटवर्क, संपर्क मार्ग तथा परिसर से जुड़े अन्य आधारभूत कार्यों पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं। उन्होंने परियोजना को सरकार की प्राथमिकता वाली महत्वपूर्ण योजनाओं में बताते हुए निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी एवं प्रगति में निरंतरता बनाए रखने पर जोर दिया।

मंदिर परिसर में जलजमाव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने नगर निगम एवं बुडको के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर जलजमाव की समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परिसर के विकास से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए।

बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं अभियंताओं को आपसी समन्वय के साथ लंबित प्रक्रियाओं का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया, ताकि निर्माण कार्य निर्बाध रूप से आगे बढ़ सके। बैठक के बाद जिलाधिकारी और विधायक ने मंदिर निर्माण एवं परिसर में चल रहे विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण भी किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए मौके पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर उप विकास आयुक्त श्वेता भारती के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



मंदिर परिसर का निरीक्षण करते जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया, विधायक बैद्यनाथ प्रसाद व अन्य।



मंदिर परिसर स्थित सभाकक्ष में समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी, उपस्थित विधायक व अन्य।

सम्पादकीय

'एक नागरिक, एक मत'

विपक्ष चुनावी हार के बाद अब संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बना रहा है। एसआईआर, ईवीएम और चुनाव प्रक्रिया को लेकर भ्रम फैलाकर लोकतंत्र, संविधान और चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। विधान परिषद चुनाव के परिणाम ने कांग्रेस के दावों की पोल खोल दी है। पटना में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत भाजपा ने आयोजित विशेष प्रेस वार्ता में कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधा।

कांग्रेस लंबे समय से बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग करती रही है। विधान परिषद चुनाव में प्रेफरेंशियल वोटिंग के कारण बैलेट से मतदान होता है। इसके बावजूद 28 सीटों में कांग्रेस को केवल एक सीट मिली है। कर्नाटक में भी कांग्रेस सभी चार सीटें हार गई। भाजपा ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस लगातार चुनावी हार के बावजूद जनता के बीच भ्रम फैलाने और संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल खड़े करने की राजनीति कर रही है। एसआईआर का अधिकार संविधान के तहत चुनाव आयोग को प्राप्त है और वर्ष 1950 से यह व्यवस्था लागू है। उनके अनुसार, इससे पहले भी आठ बार एसआईआर हो चुका है, जिनमें सात बार कांग्रेस के शासनकाल में यह प्रक्रिया अपनाई गई। बिहार में पिछले वर्ष एसआईआर के दौरान 47 लाख मतदाताओं के नामों में सुधार किया गया। इनमें मृत, दूसरे स्थान पर स्थानांतरित और दोहरी प्रविष्टियों वाले मतदाता शामिल थे। एक वर्ष बाद भी इन नामों के सुधार को लेकर किसी प्रभावित व्यक्ति के सामने आने की जानकारी नहीं है।

मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए भारतीय नागरिकता, 18 वर्ष की आयु और संबंधित स्थान का स्थायी निवासी होना आवश्यक है। भारत का संविधान किसी विदेशी घुसपैठिए को मतदान का अधिकार नहीं देता। मतदाता सूची में त्रुटि होने पर संबंधित व्यक्ति नोटिस का जवाब देकर और निर्वाचन अधिकारियों से संपर्क कर सुधार करा सकता है। भारत का संविधान किसी भी घुसपैठिए को मतदान का अधिकार नहीं देता है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के शासनकाल में बांग्लादेशियों को फर्जी दस्तावेजों के जरिए बसाने और मतदाता सूची में शामिल कराने का चलन बढ़ा। कई जगहों पर पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिकों के पास 24 साउथ परगना के फर्जी आधार कार्ड मिलने की बात सामने आई है। भारत हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन और पारसी सहित सभी धर्मों के नागरिकों का देश है, लेकिन बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं को मतदान का अधिकार नहीं दिया जा सकता। एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध करना है और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मतदाता बनने वालों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए।

विपक्ष एसआईआर के माध्यम से फर्जी, स्थानांतरित और मृत मतदाताओं के नामों में सुधार की प्रक्रिया को विवादित बनाने का प्रयास कर रहा है। कांग्रेस चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर भ्रम फैला रहा है। मतदाता सूची में गड़बड़ी का दावा करने वालों को ठोस प्रमाण सामने रखना चाहिए। भाजपा कि बिहार की जनता से अपील है कि वह तथ्यों के आधार पर स्थिति को समझे और किसी भी भ्रामक प्रचार से प्रभावित न हो। मतदाता सूची में सुधार लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आवश्यक है।

भाजपा ने कहा कि एसआईआर सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष लगातार संवैधानिक संस्थाओं को सवालों के घेरे में लाने का प्रयास कर रहा है। संवैधानिक प्रक्रियाओं के खिलाफ दूषित और भ्रामक प्रचार का वातावरण बनाना गैर-जिम्मेदाराना है। संविधान निर्माताओं ने बहुदलीय लोकतांत्रिक व्यवस्था को स्वीकार किया है, जिसमें प्रत्येक नागरिक के मत का समान महत्व है। 'एक नागरिक, एक मत' के सिद्धांत के आधार पर मतदाता सूची तैयार की जाती है और मतदान का अधिकार भारतीय नागरिकों को प्राप्त है। संविधान का अनुच्छेद 324 चुनाव आयोग को चुनावों के अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण की जिम्मेदारी देता है। भाजपा ने सवाल किया कि जब मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने के लिए एसआईआर कराया जा रहा है, तो विपक्ष को इससे आपत्ति क्यों है। मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र की पारदर्शिता और निष्पक्ष चुनाव के लिए जरूरी है। विपक्ष को संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाने के बजाय प्रक्रिया में सहयोग करना चाहिए। लोकतंत्र में प्रत्येक योग्य नागरिक को मतदान का अधिकार मिलना चाहिए, लेकिन मतदाता सूची में अपात्र प्रविष्टियों को बनाए रखने का समर्थन नहीं किया जा सकता। चुनाव आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारियों के निर्वहन में बाधा डालने के बजाय सभी राजनीतिक दलों को निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव व्यवस्था को मजबूत करने में सहयोग करना चाहिए।

सुरक्षित भोजन का सवाल



कुलभूषण उपमन्यु।

मानव जीवन के लिए हवा, पानी के बाद जिंदा रहने के लिए भोजन ही मूलभूत आवश्यकता है। मानव समाज आदि काल से ही भोजन के लिए संघर्षरत रहा है। सभ्यता का विकास जिस स्तर पर भी पहुंच जाए, भोजन की आवश्यकता हमेशा बनी ही रहेगी। आदिम समाजों में अधिकांश संघर्ष भोजन और भोजन प्रदान करने वाले क्षेत्रों के लिए ही होते रहे हैं। अधिकांश प्रवासन भी भोजन और आजीविका की तलाश में ही होते रहे हैं। यह प्रक्रिया आज भी किसी-न-किसी रूप में जारी है।

वर्तमान संदर्भ में भोजन का अर्थ सुरक्षित, पोषक, स्वच्छ, मिलावट-रहित और मनुष्य द्वारा खाने योग्य भोजन से है। हमारे संविधान निर्माताओं ने इस बुनियादी जरूरत को समझ कर संविधान की 'धारा 21' के अंतर्गत जीवन के अधिकार को मौलिक अधिकार का दर्जा दिया है।

उच्चतम न्यायालय ने इसकी व्याख्या आत्मसम्मान के साथ जीने के अधिकार के रूप में की है, जिसमें पर्याप्त सुरक्षित भोजन और बुनियादी जरूरतों तक पहुंच को शामिल किया गया है। 'धारा 47' राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांतों के अंतर्गत राज्य को निर्देश देती है कि भोजन में पोषक तत्वों में सुधार के साथ जीवन स्तर में सुधार करते हुए जन स्वास्थ्य में भी सुधार लाना सरकार की जिम्मेदारी है।

त्यौहारों के इस मौसम में हम क्या खा रहे हैं, वह कितना स्वास्थ्यप्रद और जहर-मुक्त है और उसके सेवन से हमें किस तरह की व्याधियां घेर सकती हैं, इसकी सुध लेना जरूरी है। प्रस्तुत है, इसी पर प्रकाश डालता कुलभूषण उपमन्यु का यह लेख। - *संपादक*

वर्ष 2006 में 'भोजन सुरक्षा एवं मानकीकरण अधिनियम' लाया गया। इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए एक नियामक प्राधिकरण बनाया गया है जो खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण, वितरण, बिक्री और आयात का नियमन और मानकीकरण की निगरानी करता है। वर्ष 2019 में 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम' द्वारा उपभोक्ताओं को असुरक्षित, मिलावटी, त्रुटिपूर्ण और गलत जानकारी देकर खाद्य सामग्रियों की बिक्री के विरुद्ध संरक्षण दिया गया है।

संविधान की उच्चतम न्यायालय द्वारा समय-समय पर 'धारा 21' के अंतर्गत की गई व्याख्याओं में भोजन के अधिकार में उपलब्धता, पंहुच, समर्थ्य के भीतर होना, सुरक्षा, पोषक तत्वों से युक्त होना और जानकारी शामिल है। वर्ष 2013 में 'भोजन का अधिकार कानून' बनाकर जरूरतमंद लोगों तक आर्थिक सहायता प्राप्त भोजन उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की गई है।

मिलावट के विरुद्ध भी पर्याप्त कानूनी प्रावधान किए गए हैं। उनके लागू करने में भले ही कुछ ढील रहती हो, जैसे कि आए दिन मिलावटी दुग्ध पदार्थ पकड़े जाने की खबरें आती रहती हैं। पकड़ के बावजूद इतने मामले होते हैं जो चिंता की बात है। यानी मिलावटखोरी सुरक्षित भोजन की उपलब्धता के रास्ते में बड़ी रुकावट है, किंतु शुद्ध और सुरक्षित भोजन की उपलब्धता के विषय में एक बात बिलकुल नजरंदाज की जा रही है, जिसके विषय में कोई स्पष्ट कानूनी प्रावधान भी नहीं है। वह है, कीटनाशकों और खरपतवार नाशकों के अंधाधुंध प्रयोग के कारण जहरीली हो रही खाद्य सामग्रियां। यहां तक कि रोगियों को स्वास्थ्य लाभ के लिए दिए जाने वाले फल भी जहरीले रसायनों से मुक्त नहीं हैं। सब्जियों में और भी ज्यादा स्थिति खराब है, क्योंकि उनको स्प्रे के बाद थोड़े अन्तराल में ही उपयोग कर लिया जाता है, जिससे जहर को शमित होने का समय भी नहीं मिलता।

भारत सरकार की 'सेंट्रल इन्सेक्टिसाइड बोर्ड एंड रजिस्ट्रेशन कमेटी' द्वारा लाल और पीले त्रिकोण से अंकित दवाइयों का छिड़काव प्रतिबंधित करने की सिफारिश की गई है, क्योंकि ये अति-जहरीले और अधिक-जहरीले की श्रेणी में आते हैं। इनमें नीले और हरे त्रिकोण से अंकित रसायनों का ही प्रयोग स्प्रे के लिए करना चाहिए, क्योंकि ये कम जहरीले और सुरक्षित श्रेणी में आते हैं, किंतु इन सिफारिशों को लागू करने का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है, जिससे इन जहरीले रसायनों के प्रयोग को नियंत्रित नहीं किया जा सके।

खरपतवार नाशकों में 'पैराक्यूएट' और 'ग्लाइफोसेट' जैसे रसायन अति जहरीले हैं और कैंसर कारक हैं। इनका असर भी जमीन में रह जाता है और फसलों तक पहुंच जाता है। इसका कुल प्रभाव उन इलाकों में देखा जा सकता है, जहां इन रसायनों का प्रयोग अधिक हो रहा है। पंजाब में बठिंडा का इलाका कैंसर बेल्ट बन चुका है। हिमाचल प्रदेश में भी कैंसर फैलने की दर राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है, क्योंकि यहां भी सब्जी, फलों पर कीटनाशकों और खरपतवार नाशकों का प्रयोग बढ़ता जा रहा है।

गेहूं, धान, मक्की जैसी फसलों में अब निराई-गुड़ाई की परंपरा खत्म होती जा रही है। फटाफट ऐसे रसायनों का स्प्रे किया जा रहा है, जो उस फसल के अलावा सब कुछ जला देते हैं, जिसमें स्प्रे के लिए उसे बनाया गया है। खेतों में खाली होने पर पनपने वाले नए-नए खरपतवारों के लिए 'पैराक्यूएट' और 'ग्लाइफोसेट' जैसे रसायनों को धड़ल्ले से प्रयोग किया जा रहा है।

स्प्रे में सावधानी के नाम पर भी जानकारी का पूर्ण अभाव ही दिखाई देता है। इसलिए सुरक्षित अन्न, सब्जियां और फल उपलब्ध करवाने के लिए इन अति जहरीले रसायनों की बिक्री प्रतिबंधित की जानी चाहिए। पर्याप्त जागरूकता फैलाने के लिए जरूरी कदम उठाने की योजना होनी चाहिए और किसानों को वैकल्पिक विधियां और रसायनों की जानकारी और उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए।

सरकार का जैविक और जहर मुक्त कृषि का संकल्प इस दिशा में बहुत अच्छा कदम है, किंतु इसको मुख्यधारा षि तक पहुंचने में अभी बहुत प्रयास करने की जरूरत है। आशा की जानी चाहिए कि सरकारें नागरिकों के जीवन के मौलिक अधिकार की रक्षा करने की अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए जरूरी कदम उठाने की पहल करेंगी।

(कुलभूषण उपमन्यु स्वतंत्र लेखक हैं और 'हिमालय नीति अभियान' के अध्यक्ष हैं)
(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

टीमवर्क का मतलब है एक-दूसरे की खूबियों को समझना, अलग-अलग विचारों का सम्मान करना और एक साझा लक्ष्य की दिशा में मिलकर काम करना : मनीष वाधवा, हस्तिनापुर के वीर, सोनी सब

मुंबई/ पटना (दैनिक नवसंदेश) । सोनी सब का हस्तिनापुर के वीर पांडवों और कौरवों के बचपन की यात्रा को दर्शाता है और उन अनुभवों को सामने लाता है, जो उनके कौशल, विश्वास और भाग्य को आकार देते हैं। जैसे-जैसे युवा राजकुमार द्रोणाचार्य (जितेन लालवानी) के मार्गदर्शन में चक्रव्यूह में महारत हासिल करना सीखते हैं, भीष्म पितामह (मनीष वाधवा) उन्हें यह समझाने के लिए एक अलग तरीका अपनाते हैं कि किसी युद्ध को जीतने के लिए केवल शारीरिक शक्ति और रणनीति ही पर्याप्त नहीं होती।

आने वाले एपिसोड्स में, भीष्म पितामह को एहसास होता है कि चक्रव्यूह में महारत हासिल करने के लिए पांडवों और कौरवों को सबसे पहले अपनी मानसिक चुनौतियों पर विजय पाना सीखना होगा। जहाँ पांडव इस वजह से संघर्ष कर रहे हैं, क्योंकि हर भाई नेतृत्व करना चाहता है, वहीं कौरव दुर्योधन के निर्णयों पर जरूरत से ज्यादा निर्भर हैं। उनकी इन कमजोरियों को पहचानने में मदद करने के लिए भीष्म पितामह जानबूझकर भाइयों के बीच मतभेद पैदा करते हैं। जैसे-जैसे पांडव एक-दूसरे के फैसलों पर सवाल उठाने लगते हैं और कौरव दुर्योधन (आयुध भानुशाली) के अधिकार को चुनौती देना शुरू कर देते हैं, दोनों समूहों को एहसास होता है कि उन्हें अपना नजरिया बदलने की जरूरत है। यह सीख उन्हें साथ मिलकर काम करने, स्वतंत्र रूप से सोचने और नेतृत्व तथा टीमवर्क के बीच संतुलन बनाने के महत्व को समझने में मदद करती है, ताकि वे चक्रव्यूह में महारत हासिल कर सकें।



आने वाले ट्रैक के बारे में बात करते हुए, मनीष वाधवा ने कहा, चक्रव्यूह केवल शारीरिक शक्ति या सही युद्ध रणनीति जानने तक सीमित नहीं है। इसके लिए मानसिक मजबूती, स्पष्ट सोच और साथ मिलकर काम करने की क्षमता भी जरूरी होती है। जहाँ पांडवों को यह सीखने की जरूरत है कि हर कोई नेतृत्व करने की इच्छा रखने के बजाय एक-दूसरे पर भरोसा करे, वहीं कौरवों को केवल दुर्योधन का अनुसरण करने के बजाय स्वयं भी सोचना सीखना होगा। मुझे लगता है कि यह एक महत्वपूर्ण सीख है, क्योंकि एक अच्छा योद्धा होना केवल अच्छी तरह युद्ध लड़ने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जानने के बारे में भी है कि कब नेतृत्व करना है, कब दूसरों की बात सुननी है और टीम के रूप में कैसे काम करना है।

टीमवर्क का मतलब है एक-दूसरे की खूबियों को समझना, अलग-अलग विचारों का सम्मान करना और एक साझा लक्ष्य की दिशा में काम करना। जब सभी एक-दूसरे का सहयोग करना और मिलकर काम करना सीख लेते हैं, तब सबसे कठिन चुनौतियों को भी पार करना आसान हो जाता है।

देखिए 'हस्तिनापुर के वीर', सोमवार से शनिवार रात 9 : 00 बजे, सिर्फ सोनी सब पर।

शून्य से शिखर तक का महानायक : कलम, क्रांति और कारपोरेट जगत का वह वटवृक्ष जो मौन हो गया

मुरली मनोहर श्रीवास्तव

अजीब दास्तां है ये, कहां शुरू कहां खतम,
ये मंजिलें हैं कौन सी, ना वो समझ सके न हम...।

आज जब रवीन्द्र किशोर सिन्हा (आरके सिन्हा) जी के महाप्रयाण की खबर आई, तो हिंदी सिनेमा के इस अमर गीत के बोल अनायास ही स्मृति पटल पर कौध गए। यह गीत केवल धुन नहीं, बल्कि बाबूजी के उस संपूर्ण जीवन-चक्र का जीवंत दर्पण है, जिसकी शुरुआत अभावों की धूल से हुई थी और जिसका विस्तार वैश्विक फलक तक पहुंचा। एक साधारण से इंसान का असाधारण गाथा बन जाना क्या होता है, यह आरक़े सिन्हा के जीवन को देखकर समझा जा सकता है। आज जब वे अनंत यात्रा पर निकल चुके हैं, तो भारतीय राजनीति, पत्रकारिता, कला-संस्ति और उद्योग जगत ने अपना एक ऐसा अभिभावक खो दिया है, जिसकी भरपाई असंभव है।

बक्सर के किराए के कमरे से बहियारा की माटी तक

आरके सिन्हा की संघर्ष-गाथा की जड़ें बिहार की ठेठ मिट्टी से जुड़ी थीं। उनका जन्म बक्सर में एक छोटे से किराए के मकान में हुआ था, जबकि उनका पैतृक गांव भोजपुर (आरा) जिले का ऐतिहासिक गांव श्बहियाराश है। वीर कुंवर सिंह की इस बागी और स्वाभिमानी भूमि के संस्कारों ने उनके व्यक्तित्व को बचपन में ही गढ़ दिया था।

अल्पायु में ही पिता का साया सिर से उठ गया। घर में फाकेमस्ती और घोर आर्थिक संकट था। लेकिन सिन्हा जी ने कभी अभावों के आगे घुटने नहीं टेके। वे गर्व से कहते थे- ष्अभाव इंसान को तोड़ते नहीं, बल्कि सोने की तरह तपाकर कुंदन बनाते हैं।ष अपने पैतृक गांव बहियारा और बक्सर की तंग गलियों की यादें उनके जीवन के आखिरी पड़ाव तक उनकी आंखों में तैरती रहीं।

पत्रकारिता का जुनून, जेपी की सीख और एसआईएस की नींव

70-80 के दशक में आरके सिन्हा एक निष्पक्ष, निडर और बेबाक पत्रकार के रूप में उभरे। वे आजीवन भीतर से एक पत्रकार ही रहे। अरबों रुपये के व्यापारिक साम्राज्य के शीर्ष पर बैठने के बाद भी रोज सुबह आठ बजे अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर देश-दुनिया के ज्वलंत मुद्दों पर लेखनी चलाना उनकी दिनचर्या का अटूट हिस्सा था।

पत्रकारिता के दिनों में ही 1971 के भारत-पाक युद्ध के समय वे वार कारेस्पान्डेंट (युद्ध संवाददाता) के रूप में सीमा पर डटे रहे। वहां उन्होंने बिहार रेजिमेंट के वीर जवानों के साथ मोर्चे पर दिन बिताए। अनुशासन, त्याग और वर्दी का सम्मान उनके दिल में यहीं से गहरे पैठा।

इसके बाद जब लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने संपूर्ण क्रांति का शंखनाद किया, तो सिन्हा जी व्यवस्था परिवर्तन की उस मशाल को लेकर अग्रिम पंक्ति में खड़े हो गए। जेपी आंदोलन में सक्रियता और क्रांतिकारी विचारों के कारण उन्हें अपनी पत्रकारिता की नौकरी गंवानी पड़ी।

बेरोजगार होकर जब वे लोकनायक जेपी के पास पहुंचे और अपनी व्यथा रखी, तो जेपी ने उन्हें एक ऐतिहासिक मंत्र दिया- सिन्हा, कुछ ऐसा करो जिससे तुम्हें खुद तो रोजगार मिले ही, साथ ही तुम दूसरों के लिए भी रोजगार के दरवाजे खोल सको।



रवीन्द्र किशोर सिन्हा (आरके सिन्हा) के साथ लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव (फाइल फोटो)।

जेपी का यह वाक्य उनके जीवन का सबसे बड़ा टर्निंग पाइंट बन गया। युद्ध के दौरान देखे गए भूतपूर्व सैनिकों की दयनीय आर्थिक स्थिति और बिहार के बेरोजगार भटके नौजवानों का दर्द उनके जेहन में था। 1974 में मात्र 250 की पूंजी और एक छोटे से गैरेज से उन्होंने सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज (एसआईएस) की नींव रखी। शुरुआत में लोगों ने उपहास उड़ाया, तंज कसे कि पढ़ा-लिखा पत्रकार अब दरबान तैयार करेगा। लेकिन सिन्हा जी के पास एक विजन था-निजी सुरक्षा को गरिमा, अनुशासन और पेशेवर पहचान दिलाना। उन्होंने अपनी पूरी ऊर्जा इसमें झोंक दी और इतिहास रच दिया।

बिहार से निकलकर सिंगापुर, अस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड तक परचम

किसी भी देश या समाज की रीढ़ उसका उद्योग और व्यापार होता है। सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर आज तक भारतीय व्यापार ने दुनिया को राह दिखाई है। बिहार जैसे राज्य में, जहां लोग प्रायः सुरक्षित नौकरियों या जीवन बसर की जुगत में ही उलझे रह जाते हैं, वहां से एक बहुराष्ट्रीय कंपनी खड़ी करना किसी चमत्कार से कम नहीं था।

आरक़े सिन्हा के इस विजन को नई वैश्विक उड़ान तब मिली, जब उनके सुपुत्र ऋतुराज सिन्हा ने कमान संभाली। ऋतुराज जी ने अपने पिता के संघर्ष को वैश्विक प्रतिष्ठा में बदल दिया। उन्होंने एसआईएस को भारतीय शेयर बाजार (एनएसई/बीएसई) में लिस्ट कराया और भारत से बाहर निकलकर अस्ट्रेलिया, सिंगापुर और न्यूजीलैंड तक इसका विस्तार किया।

सिन्हा साहब अक्सर गर्व से कहते थे कि एक पिता के जीवन की सबसे बड़ी पूंजी उसका वह पुत्र है जो उसके अधूरे ख्वाबों को दुनिया के नक्शे पर साकार कर दे। आज जब एसआईएस लाखों परिवारों के चूल्हे जलाने का साधन बना है, तो यह आरक़े सिन्हा के उसी 250 के संकल्प की परिणति है।

राजनीतिक शुचिता और सांस्कृतिक अनुराग

आरक़े सिन्हा भारतीय जनसंघ के दौर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों से प्रेरित होकर राजनीति में आए। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के स्थापना काल से ही वे इसके समर्पित सिपाही रहे। सत्ता में रहे हों या विपक्ष में, वे हमेशा दल के निष्ठावान, मौन और कुशल रणनीतिकार बने रहे। राज्य सभा सांसद के रूप में उच्च सदन में उन्होंने हमेशा नीतिगत और तार्किक बहस को प्राथमिकता दी। वे राजनीति को व्यक्तिगत लाभ का साधन नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम मानते थे।

राजनीति और उद्योग के साथ-साथ उनका साहित्यिक और सांस्तिक पक्ष भी अत्यंत समृद्ध था। वे डुमरांव (बक्सर) स्थित शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्लाह खां ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक थे। भारतीय संगीत, लोक-कला और संस्कृति के संरक्षण के लिए वे हमेशा तत्पर रहे। हमारी संस्था द्वारा उनके इस सांस्कृतिक अवदान को देखते हुए उन्हें लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया था, जिसे उन्होंने अत्यंत आत्मीयता से स्वीकारा था।

देहरादून के सात दिन : अनकहे पन्नों की वह अधूरी दास्तान

बाबूजी के जीवन के अनछुए पहलुओं को सबसे करीब से देखने का सौभाग्य मुझे मिला। उनकी दिली तमन्ना थी कि मैं उनकी संपूर्ण प्रामाणिक जीवनी लिखूं। इस उद्देश्य से वे वर्ष 2024 में मुझे पूरे एक सप्ताह के लिए अपने साथ देहरादून ले गए।

वे सात दिन स्मृतियों के अनमोल खजाने थे। शांत वादियों में रोज घंटों बैठकर उन्होंने अपने बचपन के अभाव, जेपी आंदोलन की तपिश, जेल की यातनाएं, व्यापारिक षड्यंत्र, राजनीतिक उतार-चढ़ाव और जीवन के हर हर्ष-विषाद को पूरी ईमानदारी से मेरे सामने खोलकर रख दिया। मैंने पूरी लगन से उनकी उस महागाथा को शब्दों में ढाला और पांडुलिपि तैयार की। देश के वरिष्ठ एवं पद्मश्री से सम्मानित मूर्धन्य पत्रकार श्री रामबहादुर राय जी ने सहर्ष इसका प्राक्कथन लिखने का दायित्व लिया।

पांडुलिपि पूरी होने पर मैंने देहरादून में उन्हें एक-एक शब्द पढ़कर सुनाया था। वे बेहद भावुक हुए, मेरी पीठ थपथपाई और अपनी जीवन-यात्रा को उस रूप में देखकर अत्यंत संतुष्ट हुए। मगर होनी को कुछ और मंजूर था। कुछ अपरिहार्य परिस्थितियों और व्यावहारिक विवशताओं के कारण पुस्तक के मुद्रण में थोड़ा विलंब हुआ। मन में यह टीस और कसक जीवन भर कांटे की तरह चुभती रहेगी कि मैं उस मुद्रित पुस्तक की पहली प्रति उनके जीवित रहते उनके हाथों में नहीं सौंप सका। काश, कुदरत ने उन्हें कुछ और मोहलत दी होती। लेकिन संतोष इस बात का है कि वे अपनी पूरी कहानी, अपनी संघर्ष-गाथा मेरे मुख से सुन चुके थे और उनका आशीर्वाद इस ति के साथ हमेशा के लिए जुड़ गया था।

एक युग का अवसान

आज जब आरक़े सिन्हा जी हमारे बीच नहीं हैं, तो ऐसा लगता है जैसे सिर से एक घना वटवृक्ष उठ गया हो। वे एक ऐसे पथ-प्रदर्शक थे जिन्होंने सिखाया कि अगर इरादों में सच्चाई हो, तो परिस्थितियां कितनी भी प्रतिकूल क्यों न हों, सफलता कदम चूमती है।

यह जीवनी जब भी प्रकाशित होकर पाठकों के हाथों में पहुंचेगी, वह केवल कागज के पन्नों की एक किताब नहीं होगी, बल्कि उस महामानव, उस कर्मयोगी के चरणों में एक लेखक के आंसुओं, स्मृतियों और तज्ञता की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सिन्हा जी, आप भले ही सशरीर विदा हो गए हों, लेकिन अपनी लेखनी, अपने विचारों और लाखों युवाओं के स्वाभिमान में आप सदैव अमर रहेंगे।

52वीं जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए दिल्ली की टीम घोषित

विक्की बसोया को मिली कप्तानी



नई दिल्ली (दैनिक नवसंदेश)। दिल्ली कबड्डी एसोसिएशन ने 52वीं जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता (बालक वर्ग) के लिए दिल्ली की 14 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कमान स्टार खिलाड़ी विक्की बसोया को सौंपी गई है।

संघ के महासचिव रामबीर सिंह ने बताया कि यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता 01 से 04 नवंबर 2026 तक पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स, पटना, बिहार में आयोजित होगी। इसमें देशभर की शीर्ष जूनियर टीमें खिताब के लिए भिड़ेंगी।

दिल्ली की टीम इस प्रकार है : कप्तान विक्की बसोया के अलावा टीम में सनी भाटी, बाबुल कुमार, सौरभ कुमार, मयंक यादव, निशांत, देव चौधरी, मोहित कुमार, तरुण, पवन कुमार, कार्तिक, राहुल यादव, अर्पित मौर्य और अभिषेक शामिल हैं।

टीम के साथ मुख्य कोच के रूप में सुरेश कुमार और सहायक कोच के रूप में योगेश पटना जाएंगे। महासचिव रामबीर सिंह ने कहा कि चयन प्रक्रिया में फिटनेस और हाल के प्रदर्शन को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है।

संघ के महासचिव रामबीर सिंह ने बताया कि यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता 01 से 04 नवंबर 2026 तक पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स, पटना, बिहार में आयोजित होगी। इसमें देशभर की शीर्ष जूनियर टीमें खिताब के लिए भिड़ेंगी।

कोस्मो फर्स्ट पटना में लेकर आए पीवीसी-फ्री ग्रीन ग्राफिक फिल्म्स, पारंपरिक विनाइल ग्राफिक्स का बेहतरीन विकल्प

फिल्म के ये आधुनिक समाधान दिवाली के दौरान त्योहारों के साइनबोर्ड, रिटेल डिस्प्ले और प्रचार अभियानों के लिए बेहतरीन विकल्प हैं

पटना (दैनिक नवसंदेश)। कोस्मो फर्स्ट, अपने कोस्मो फिल्म्स बिजनेस के माध्यम से, पटना में लेकर आए हैं ग्रीन ग्राफिक फिल्म्स- जो व्यवसायों, प्रिंटरों और साइनबोर्ड निर्माताओं को पारंपरिक पीवीसी-आधारित ग्राफिक फिल्मों का पीवीसी-मुक्त विकल्प प्रदान करती हैं। विजुअल अपील और मटीलियल इनोवेशन के संयोजन से डिजाइन किया गया यह प्रोडक्ट ऐसे ब्रांडिंग समाधानों की बढ़ती जरूरत को पूरा करता है, जो गुणवत्ता और प्रत्यास्थता के साथ ग्राफिक्स के जिम्मेदार विकल्प प्रदान करें।

पॉलीप्रोपाइलीन (बीओपीपी) से निर्मित, कोस्मो ग्रीन ग्राफिक फिल्म्स 100 फीसदी पीवीसी-रहित, थैलेट-रहित और हैलोजन-रहित हैं। पारंपरिक पीवीसी-आधारित ग्राफिक फिल्मों की तुलना में, ये एक अलग मटीरियल कम्पोजिशन और लाईटवेट कंस्ट्रक्शन से बनाए गए हैं, जिससे हैंडलिंग और इंस्टलेशन आसान हो जाता है। ये फिल्में सल्वेंट, इको-सल्वेंट, यूवी और एचपी लेटेक्स प्रिंटिंग तकनीकों का सपोर्ट करती हैं, जिससे स्पष्ट ग्राफिक्स और वाइब्रेन्ट रंग मिलते हैं। ये फिल्में ग्लास और मैट फिनिश में क्लियर और ग्रे एडहेसिव विकल्पों में उपलब्ध हैं, तथा व्यवसायों की विभिन्न ब्रांडिंग और डिस्प्ले संबंधी जरूरतों को पूरा करती हैं। रीसायक्लेबल होने के कारण से सस्टेनेबिलिटी को भी बढ़ावा देती हैं।

दिवाली के सीजन को देखते हुए यह नया प्रोडक्ट खासतौर पर प्रासंगिक हो जाता है जब रिटेलर, शोरूम, रेस्तरां और अन्य व्यवसाय ग्राहकों को लुभाने के लिए फेस्टिव साइनबोर्ड और प्रमोशनल डिस्प्ले में निवेश करते हैं। ग्रीन ग्राफिक फिल्म्स का उपयोग दुकान के साइनबोर्ड, विंडो ग्राफिक्स, स्टोर की सजावट, पाइंट-ऑफ-सेल डिस्प्ले और प्रमोशनल पैनल के लिए किया जा सकता है। ऐसे में यह त्योहारों के दौरान विजुअल कम्युनिकेशन के लिए पारंपरिक पीवीसी-आधारित मटीरियल का अच्छा विकल्प है। इस सीजन के अलावा भी इन फिल्मों का उपयोग रिटेल ब्रांडिंग, इवेंट ग्राफिक्स और प्रमोशन के अन्य ऐप्लीकेशन्स में भी किया जा सकता है, बशर्ते कि वे कथित इस्तेमाल के लिए उपयुक्त हों।



कोस्मो फिल्म्स के ग्लोबल बिजनेस हेड, कुलभूषण मलिक ने कहा, आजकल व्यवसाय केवल ब्रांडिंग मटीरियल के विजुअल अपील के दायरे से बढ़कर, इसकी बनावट, कार्यक्षमता और सस्टेनेबिलिटी को भी ध्यान में रखते हैं।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश (डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

आत्मनिर्भरता से विकसित भारत के तरफ बढ़ रहा देश : राधामोहन

पीएम किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त हुई जारी

पीपराकोठी(एनएसबी)। स्थानीय आईसीएआर स्थित सभागार में शुक्रवार को समारोह आयोजित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी करने का सीधा प्रसारण दिखाया गया. गुजरात के बनासकांठा में हुई पीएम मोदी द्वारा विशेष कार्यक्रम को किसानों को दिखाया गया. कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 9़34 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 18,690 करोड़ रुपये से अधिक की सम्मान राशि अंतरित किया़ इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय षि मंत्री राधामोहन सिंह थे़ इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत शाल व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया़ समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय षि मंत्री सह सांसद श्री सिंह ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है, जिससे वे खेती-किसानी से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा कर सकें़ इस योजना की इस किस्त जारी होने से देशभर के करोड़ों किसानों को लाभ मिलेगा़



समारोह को संबोधित करते पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह।

उन्होंने कहा कि भारत की समृद्धि का मार्ग गांवो से गुजरता है और गांव व किसानों के विकास के बिना देश की समृद्धि संभव नहीं है पीएम मोदी के आने के बाद साल में तीन बार दो दो हजार की राशि सीधे किसानों के खाते में जा रहा है. जो गरीब किसानों को प्राण वायु का काम करता है सबसे महत्वपूर्ण है कि इस जिले के चार लाख से ज्यादा किसानों के बीच सम्मान निधि की राशि दी जा रही है इस कार्यक्रम का आयोजन षि विज्ञान केंद्र, पीपराकोठी तथा जिला षि कार्यालय के सहयोग से संबंधित षि संस्थानों की भागीदारी के साथ किया गया़ मौके पर पूर्व केंद्रीय षि मंत्री राधामोहन सिंह, मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी, अखिलेश सिंह, श्यामबाबू सिंह, उपमेयर ड लालबाबू गुप्ता, केविके प्रमुख ड अरविंद कुमार सिंह, वरीय वैज्ञानिक ड एसके पुर्वे, डीएओ मृणाल शास्त्री, राजेश्वर सिंह, रिंकू पाठक, गुंजन जायसवाल, मनीष कुमार, राजकिशोर सिंह, गौरीशंकर साह, सहित सैंकड़ो षि विभाग के अधिकारी, कर्मी व किसान मौजूद थे़।

मेला से चोरी गई बाइक बरामद पुलिस की जांच में मिली सफलता

पीपराकोठी(एनएसबी)। थाना क्षेत्र में दुर्गा पूजा मेले के दौरान चोरी हुई मोटरसाइकिल को पुलिस ने बरामद कर लिया है शुक्रवार को मोहना पुल के समीप वाहन जांच के दौरान पुलिस को यह सफलता मिली. जानकारी के अनुसार, पुलिस वाहन जांच अभियान चला रही थी़ इसी दौरान एक व्यक्ति मोटरसाइकिल छोड़कर भागने लगा़ उसकी इस हरकत से पुलिस को संदेह हुआ़ इसके बाद पुलिस ने मोटरसाइकिल की जांच की, तो पता चला कि उक्त बाइक पीपराकोठी थाना कांड संख्या 567ध्26 से संबंधित है यह मोटरसाइकिल दुर्गा पूजा के दौरान पीपराकोठी मेले से चोरी हुई थी़ मोटरसाइकिल बरामद होने के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है हालांकि मोटरसाइकिल छोड़कर भागने वाले व्यक्ति की पहचान और गिरफ्तारी को लेकर विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है इस संबंध में थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने बाइक बरामद होने की पुष्टि की़ उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल की जब्ती सूची तैयार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

संक्षिप्त खबरें

जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के लिए प्रशिक्षण शुरू

जनवरी में 15 दिनों तक चलेगा स्व-गणना अभियान फरवरी में घर-घर जाकर होगा जनसंख्या परिगणना

मोतिहारी (एनएसबी)।जनगणना-2027 के द्वितीय चरण यानी जनसंख्या परिगणना के सफल संचालन को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय परिसर स्थित ड़ राजेंद्र भवन सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिलाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना पदाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश के विकास, प्रशासनिक नियोजन और भविष्य की नीतियों के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों से पूरी गंभीरता, निष्पक्षता, सावधानी और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपील कीस उन्होंने बताया कि जनगणना-2027 कई मायनों में ऐतिहासिक है। वर्ष 1872 से जारी श्रृंखला में यह 16वीं तथा स्वतंत्रता के बाद 8वीं जनगणना होगी। करीब 16 वर्षो के अंतराल के बाद होने वाली इस जनगणना में पहली बार डिजिटल माध्यम से आंकड़े एकत्र किए जाएंगे। जनगणना का प्रथम चरण मकान सूचीकरण का कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। अब द्वितीय चरण में जनसंख्या से संबंधित व्यक्तिगत विवरण निर्धारित संदर्भ तिथि एवं समय के आधार पर संकलित किया जाएगास



जिलाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना पदाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस बार मोबाइल ऐप के माध्यम से डिजिटल आंकड़ा संग्रहण के साथ पहली बार स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की व्यवस्था की गई है। स्व-गणना के माध्यम से दर्ज आंकड़ों का भी प्रगणकों द्वारा क्षेत्रीय सत्यापन एवं जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े लोक कल्याणकारी योजनाओं, संसाधनों के समुचित वितरण, विकास योजनाओं तथा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन जैसे महत्वपूर्ण कार्यो में उपयोगी होंगेस जिला नोडल पदाधिकारी (जनगणना)-सह-जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पहली बार वेब पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध होगी। जनवरी में 15 दिनों तक स्व-गणना चलेगी। इसके बाद फरवरी में प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना कार्य पूरा करेंगे।जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरि ने कहा कि जनगणना कार्य में लगाए गए सभी शिक्षक निर्धारित जिम्मेदारी को पूरी तत्परता के साथ समय पर पूरा करेंगे।प्रशिक्षण में सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी चार्ज पदाधिकारी, राज्य निदेशालय से प्रतिनियुक्त नोडल अधिकारी-सह-राज्य प्रशिक्षक शकील अहमद एवं संजीव कुमार, जिला मास्टर ट्रेनर रमेश कुमार एवं राजीव कुमार सिंह, प्रबंधन कोषांग के गोपाल जी मिश्रा एवं अमरेश कुमार तथा मीडिया संभाग के कमलेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

सड़क दुर्घटना में घायल युवक की हुई मौत

पीपराकोठी(एनएसबी)। थाना क्षेत्र के पंडितपुर बारा गाछी के एक युवक की मौत सड़क दुर्घटना के बाद ईलाज के क्रम में हो गई है बताया जाता है कि वह सड़क दुर्घटना गुरुवार को मठ गोपाल में हुई मृतक पंडितपुर बारा गाछी निवासी हरदेव राय का पुत्र जिम्मीलाल राय है घटना गोपाल चौक पर हुई थी. जहा मृतक बाइक से जा रहा था और ठेला में ठोकर लग गई घायल स्थिति में मोतिहारी के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया. जहा उसकी मौत शुक्रवार को हो गई मृतक को दो पुत्र व दो पुत्री है. जबकि उसकी पत्नी की मौत पहले ही हो गई है।

कमरे में बंद मिलीं पूर्व प्राचार्य आभा देवी, बदहाल हालत में रेस्क्यू

बेटियों के साथ जाने से किया इनकार, बुजुर्ग आश्रम में मिला नया सहारा

रक्सौल (एनएसबी)। शहर के वार्ड संख्या-21 स्थित सब्जी बाजार में गुरुवार की रात मानवता को झकझोर देने वाला मामला सामने आया। यहां अपने ही आवास के एक कमरे में पूर्व शिक्षिका एवं फुलचंद साह मध्य विद्यालय की पूर्व प्राचार्य आभा देवी (66) बदहाल स्थिति में मिलीं। सूचना मिलने पर डायल-112 और स्वच्छ रक्सौल की टीम मौके पर पहुंची और उन्हें रेस्क्यू कर अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया।बताया गया कि आभा देवी कमरे में काफी दयनीय स्थिति में थीं। कमरे में गी और दुर्गंध थी तथा उनकी हालत ऐसी थी कि वह स्वयं खड़ी होने में भी सक्षम नहीं थीं। अस्पताल में अनुमंडल उपाधीक्षक ड़ स्वाति सपन की देखरेख में उनका उपचार शुरू किया गया।आभा देवी दिवंगत वार्ड पार्षद ओम प्रकाश पांडे की पत्नी हैं। मामले की जानकारी मिलने के बाद लोगों में घटना को लेकर चिंता और नाराजगी देखी गई। स्थानीय लोगों ने कहा कि लंबे समय तक बच्चों को शिक्षा देने वाली पूर्व प्राचार्य का इस तरह की स्थिति में मिलना गंभीर सामाजिक चिंता का विषय है।

बेटियों के साथ जाने से किया इनकार

अस्पताल में अपनी बेटी को देखने के बाद आभा देवी भावुक हो गईं। हालांकि उन्होंने बेटियों के साथ जाने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि वह कहीं भी रह लेंगी, लेकिन बेटी के यहां नहीं जाएंगी। पुलिस ने उनकी इच्छा को प्राथमिकता देते हुए उन्हें अस्पताल से आनंद बुजुर्ग आश्रम पहुंचाया, जहां उनके रहने की व्यवस्था की गई है।स्वच्छ रक्सौल की टीम ने उनके इलाज और आवश्यक कानूनी सहायता में सहयोग की जिम्मेदारी ली है। वहीं, मामले में संपत्ति बेचने से संबंधित मामला सामने आने की भी बात कही जा रही है। पूरे प्रकरण की वास्तविक स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर मोतिहारी में आयोजित होगा 'यूनिटी मार्च', एवं 'राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह

सांसद राधामोहन सिंह होंगे मुख्य अतिथि

मोतिहारी (एनएसबी)। भारत की एकता, अखंडता एवं राष्ट्र की एकजुटता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर 2026 को राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में मोतिहारी में 'राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह' का आयोजन किया जाएगा। 25 बिहार बटालियन एनसीसी, मोतिहारी के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री सह सांसद श्री राधामोहन सिंह मुख्य अतिथि एवं एनसीसी बिहार झारखंड के एडीजी मेजर जनरल रविन्द्र सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगेस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 6रू30 बजे से 'यूनिटी मार्च' का आयोजन किया जाएगा जो जिला स्कूल से प्रारंभ होकर स्टेशन रोड में सरदार पटेल चौक पर समाप्त होगा। इसके पश्चात प्रातः 10रू30 बजे से ष्राष्ट्रीय एकता दिवस समारोहष् आयोजित होगा। यह आयोजन मोतिहारी के राजाबाजार स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में बिहार, झारखंड, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ से एनसीसी के लगभग 1500 कैडेट भाग लेकर देश की एकता, अखंडता, संप्रभुता और सामाजिक समरसता का संदेश देंगे।राष्ट्रीय एकता दिवस का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और आंतरिक सुरक्षा को सुदृ करने के साथ-साथ नागरिकों में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रीय कर्तव्यबोध की भावना को मजबूत करना है। सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और दृ नेतृत्व से देश की रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक योगदान दिया था। उनका जीवन और तित्व आज भी राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता हैस इस अवसर पर सांसद श्री राधामोहन सिंह युवाओं एवं उपस्थित नागरिकों को राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का संदेश देंगे। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को और सुदृ करने का प्रयास किया जाएगा।आयोजक संस्था ने मोतिहारी शहर के सभी नागरिकों, युवाओं एवं राष्ट्रप्रेमियों से 'रन फर यूनिटी' तथा राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में उत्साहपूर्वक भाग लेकर राष्ट्रीय एकता के संकल्प को मजबूत करने की अपील की।

एईडीपी कोर्स में एलएनडी कॉलेज की प्रगति अनुकरणीय : पूर्व शिक्षा सचिव

मोतिहारी(एनएसबी)। शहर के एलएनडी कलेज में नव संचालित कोर्स एईडीपी के प्रगति की समीक्षा करने पूर्व शिक्षा सचिव,बिहार सरकार सह स्टेट लीड अफ बिहार,क्रिस्प बैद्यनाथ यादव पहुंचे। इनके साथ उत्तुंग कुमार तिवारी,स्टेट कर्डिनेटर एईडीपी भी थे। सर्वप्रथम महाविद्यालय प्राचार्य प्रो (ड) मृगेंद्र कुमार ने आगंतुकों को बुके और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।इसके बाद अधिकारियों ने एईडीपी में नामांकित छात्र छात्राओं से मिलकर कोर्स से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर सार्थक चर्चा की। उनकी समस्याओं को जाना तथा साथ ही विभिन्न सुझावों को सरकार तक पहुंचाने की अपनी प्रतिबद्धता दुहराई। अधिकारियों ने एईडीपी कोर्स में कार्यरत सभी रिसोर्स पर्सन से भी सुझाव लिये तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एईडीपी कोर्स में अध्ययनरत छात्र छात्राओं ने मिलकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि एल एन डी कलेज के द्वारा एईडीपी कोर्स संचालन में किए गए कार्य पूरे बिहार के लिए अनुकरणीय है।छात्र छात्राओं की संतुष्टि और विषय के प्रति रुचि पूरे बिहार के लिए प्रेरणादायक है। महाविद्यालय मीडिया प्रभारी ड प्रभाकर कुमार ने बताया कि कलेज कैंपस में देर शाम तक छात्राओं की उपस्थिति के लिए पूर्व शिक्षा सचिव ने प्राचार्य सहित पूरे महाविद्यालय परिवार की प्रशंसा की। इस अवसर पर महाविद्यालय एईडीपी कोर्स कर्डिनेटर ड रविरंजन सिंह, ड दुर्वादल भट्टाचार्य, ड दुर्गेश मणि तिवारी, ड के के ष्णा, ड ज्योत्सना कुमारी, प्रो शुभम सहित प्रशाखा पदाधिकारी राजीव कुमार,कामेश भूषण, मणिभूषण,ड भुवनेश्वर सिंह,आशुतोष, अखिलेश कुमार,सिकंदर कुमार, विकास कुमार,राजेश कुमार सहित सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

एमसीई मोतिहारी में स्टार्टअपबैंक कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित

मोतिहारी(एनएसबी)। मोतिहारी कलेज अफ इंजीनियरिंग (एमसीई) के ई-सेल की ओर से 29 अक्टूबर को उद्योग विभाग, बिहार सरकार की पहल स्टार्टअप बिहार के तहत स्टार्टअपबैंक कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्टार्टअप उद्यमियों को बैंकों और वित्तीय संस्थानों से जोड़ना तथा उन्हें ऋण, वित्तीय सहायता और डिजिटल भुगतान सुविधाओं की जानकारी देना था।कार्यक्रम में कलेज के प्राचार्य प्रो (ड़) नवनीत कुमार मोतिहारी के अग्रणी बैंक प्रबंधक केएन सिंह, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अंकित कुमार परियोजना प्रबंधक राजन किशोर एवं अशोक तथा उद्योग विस्तार पदाधिकारी श्री उमाशंकर कुमार एवं श्री रमेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। ई-सेल के फैकल्टी इंचार्ज ड़ रवि कुमार ने कार्यक्रम का समन्वय किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री अंकित कुमार ने स्टार्टअप बिहार के अंतर्गत उपलब्ध सरकारी सहायता, उद्यमियों के लिए विभिन्न योजनाओं तथा जिला उद्योग केंद्र की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को अपने नवाचारी विचारों को व्यवसाय के रूप में विकसित करने और उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित कियास केएन सिंह ने बैंकिंग व्यवस्था के माध्यम से स्टार्टअप को वित्तीय सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई।

राजा बाजार में पतंजलि चिकित्सालय व ए वन मार्ट का शुभारंभ

उद्घाटन के पहले दिन उमड़ी ग्राहकों की भीड़, एक ही छत के नीचे मिलेंगी स्वास्थ्य व घरेलू जरूरतों की सुविधाएं

मोतिहारी(एनएसबी)। शहर के व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्र राजा बाजार में शुक्रवार को पतंजलि चिकित्सालय एवं 'ए वन मार्ट' का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतिष्ठान का उद्घाटन पतंजलि के बिहार प्रदेश प्रभारी अजीत कुमार, जिला प्रभारी वेद प्रकाश, नन्दलाल प्रसाद एवं मार्ट के संचालक राजकिशोर प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। इस अवसर पर बिहार प्रदेश प्रभारी अजीत कुमार ने कहा कि पतंजलि का उद्देश्य लोगों तक गुणवत्तापूर्ण स्वदेशी उत्पाद एवं प्रामाणिक आयुर्वेदिक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है। राजा बाजार में नए केंद्र के शुरू होने से शहरवासियों को पतंजलि के प्रमुख उत्पादों के साथ दैनिक उपयोग की सामग्री और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श की सुविधा एक ही स्थान पर मिल सकेगी।जिला प्रभारी वेद प्रकाश एवं नन्दलाल प्रसाद ने कहा कि मोतिहारी में पतंजलि की सेवाओं का विस्तार शहरवासियों के लिए उपयोगी पहल है। वहीं, संचालक राजकिशोर प्रसाद ने अतिथियों एवं ग्राहकों का आभार जताते हुए कहा कि ए वन मार्ट में ग्राहकों की सुविधा और जरूरतों का विशेष ध्यान रखा गया है। यहां उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।उद्घाटन के पहले ही दिन मार्ट एवं चिकित्सालय में स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर योग प्रभारी धीरा गुप्ता, शम्भू प्रसाद, युवा प्रभारी शशि सिंह, उदय सिंह सहित पतंजलि योगपीठ से जुड़े कई गणमान्य लोग, स्थानीय व्यवसायी एवं बड़ी संख्या में शहरवासी मौजूद थे।

रासायनिक खाद का सीमित इस्तेमाल करें किसान : विशेषज्ञ

रवि महोत्सव में प्रशिक्षण एवं उपादान वितरण कार्यक्रम आयोजित

पहाड़पुर(एनएसबी)। प्रखंड मुख्यालय स्थित ई-किसान भवन सभागार में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय रवि महोत्सव के तहत प्रशिक्षण एवं उपादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया,कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों महिला एवं पुरुष किसानों ने भाग लिया। इस दौरान किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने, मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने तथा रासायनिक उर्वरकों के संतुलित इस्तेमाल की जानकारी दी गई।कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड षि पदाधिकारी रत्नेश कुमार, षि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख अमित कुमार, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष ध्रुव चौरसिया तथा जदयू प्रखंड अध्यक्ष हीरालाल गिरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन किसान सलाहकार चंद्रभूषण पांडेय ने किया,मौके पर वक्ताओं ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि अधिक पैदावार की चाह में यूरिया, डीएपी एवं अन्य रासायनिक उर्वरकों का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल मिट्टी की गुणवत्ता और उर्वरा शक्ति को नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए किसानों को मिट्टी की जरूरत के अनुसार संतुलित मात्रा में उर्वरकों का इस्तेमाल करना चाहिए,उन्होंने खेती में गोबर खाद एवं अन्य जैविक खादों के प्रयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बनाए रखना और वैज्ञानिक षि पद्धतियों को अपनाना टिकाऊखेती के लिए आवश्यक है। इससे किसानों को बेहतर उत्पादन प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को आधुनिक षि तकनीकों के प्रति जागरूक करते हुए बेहतर खेती के लिए संतुलित उर्वरक प्रबंधन अपनाने की अपील की गई।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर चंपारण के 50 युवा व विशिष्टजन गुजरात रवाना

मोतिहारी (एनएसबी)। देश से नक्सलवाद के पूर्ण सफाये के बाद चिन्हित जिलों से युवाओं एवं विशिष्टजनों की टीम को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर गुजरात के केवड़िया में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रवाना किया गया। इसी क्रम में चंपारण से 50 युवाओं एवं विशिष्टजनों की टीम गुरुवार को गुजरात के लिए रवाना हुई।गांधी मैदान स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं उपमहापौर ड़ लाल बाबू प्रसाद ने टीम को रवाना किया। जिलाधिकारी ने सभी सदस्यों को यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे जिले में अमन, चौन और शांति के संदेश के वाहक बनें।उपमहापौर ड़ लाल बाबू प्रसाद ने कहा कि चंपारण का प्रतिनिधित्व करने वाले ये 50 विशिष्टजन राष्ट्रीय स्तर पर जिले की गौरवशाली पहचान को सामने रखेंगे। सरदार पटेल की प्रतिमा के समक्ष मिलने वाला संदेश पूरे चंपारण के लिए प्रेरणादायी होगा।गौरतलब है कि 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाती है।

बच्चों को अपने अधिकारों की जानकारी होगी, तभी सुरक्षित रहेगा बचपन : एडीजे

पॉक्सो कानून और डिजिटल अरेस्ट से बचाव को लेकर बच्चों को किया जागरूक शोषण के खिलाफ आवाज उठाने और अच्छे-बुरे स्पर्श की दी जानकारी





संबोधित करते एडीजे राघवेंद्र नारायण सिंह व कार्यक्रम के उपरांत एडीजे, विद्यालय प्रबंधन एवं बच्चों का सामूहिक चित्र।

मोतिहारी(एन एस बी)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के तत्वावधान में शुक्रवार को सेठ एम़ आर. जयपुरिया स्कूल में 'सुरक्षित बचपन अभियान' के तहत पक्सो अधिनियम, 2012 पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि, निदेशक एवं प्रधानाचार्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन कियास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ राघवेन्द्र नारायण सिंह ने विद्यार्थियों को बाल अधिकार, व्यक्तिगत सुरक्षा और कानून के प्रति जागरूक कियास अपने संबोधन में एडीजे राघवेन्द्र नारायण सिंह ने कहा कि देश के कानून की जानकारी सभी को होनी चाहिए। बच्चों को अपने अधिकारों की जानकारी होगी, तभी उनका बचपन सुरक्षित रहेगा और वे जीवन में बेहतर कर सकेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को पक्सो अधिनियम के प्रावधानों के साथ लाइफ एंड लिबर्टी अच्छे और बुरे स्पर्श की पहचान तथा व्यक्तिगत सुरक्षा के बारे में जानकारी दीस उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के शोषण या असहज परिस्थिति में बच्चों को चुप नहीं रहना चाहिए। उन्हें अपनी आवाज उठानी चाहिए और समस्या की शिकायत उसी स्थान पर करनी चाहिए, जहां उसका उचित समाधान हो सके। यदि कोई व्यक्ति लगातार परेशान करता है तो उसकी शिकायत करने से पीछे नहीं हटना चाहिए, चाहे वह कोई भी हो। उन्होंने अभिभावकों एवं विश्वसनीय शिक्षकों से ऐसी बात साझा करने की सलाह दीस एडीजे ने विद्यार्थियों को अनलाइन सुरक्षा और डिजिटल अरेस्ट जैसी साइबर धोखाधड़ी के प्रति भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षित बचपन अभियान को केवल कार्यक्रम तक सीमित न रखकर जन-जागरूकता के आंदोलन में तब्दील करने की जरूरत है, ताकि कोई बच्चा असुरक्षित या लापता न होस वही कार्यक्रम के पूर्व विद्यालय पहुंचने पर मुख्य अतिथि का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके बाद विद्यालय के निदेशक रोहित जायसवाल एवं प्रधानाचार्य रतन किशोर श्रीवास्तव ने उन्हें शल ओढ़ाकर सम्मानित कियास कार्यक्रम के बाद मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने विद्यालय परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान सुसज्जित पुस्तकालय, भाषा प्रयोगशाला, विज्ञान एवं गणित प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया तथा विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों और व्यवस्थाओं की जानकारी लीस जबकि कार्यक्रम का संचालन दीपेन्द्र कुमार ने किया। शिक्षिका दीक्षा दिशा, अंकिता कुमारी, अलीशा श्रीवास्तव एवं सूरज पासवान ने सहयोग किया। अमन गौतम ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का समन्वय अकादमिक समन्वयक भाव्या आनंद एवं शीतांशु सिन्हा ने किया। इस अवसर पर न्यायालय के कर्मी राजेश कुमार, अचरज कुमार, रुपेश कुमार राम एवं राहुल भारद्वाज सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित थे।

डीएम ने नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी छठ घाटों का किया निरीक्षण दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश

सहरसा शहर (एनएसबी)। लोक आस्था का महान पर्व छठ पूजा के मद्देनजर शुक्रवार को जिला अधिकारी दीपेश कुमार ने नगर निगम क्षेत्र स्थित सभी छठ घाट का निरीक्षण कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिला अधिकारी द्वारा सर्वप्रथम मत्स्यगंधा झील स्थित छठ घाट का गहन निरीक्षण कर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

उन्होने छठ पर्व में जलाशय एवं जलकुंभी को विशेष रूप सें साफ-सफाई के निर्देश दिए। तत्पश्चात मत्स्य विभाग के मत्स्य पोखर स्थित छठ घाट पर चल रहे साफ-सफाई का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार के द्वारा कायाकल्प अभियान के तहत इस छठ पोखर साफ-सफाई एवं रंग रोगन का कार्य किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन की टीम पूरी तरह से तत्पर है। जिलाधिकारी ने न्यू कॉलोनी स्थित छठ पोखर, गांधी पथ पोखर, मौसमत पोखर, शंकर चैक, पूरब बाजार राम जानकी ठाकुरबाड़ी, बायपास रोड स्थित छठ घाट, पॉलिटेक्निक स्थित छठ घाट, झपडा टोला एवं सहरसा बस्ती स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए सभी छठ घाटों को विशेष रूप से साफ सफाई करने के निर्देश नगर निगम को दिया गया है। जिसे 10 दिनों में सभी छठ घाटों की रंगाई पुताई एवं साफ सफाई करने के निर्देश दिए गए हैं। वही नगर निगम के आयुक्त प्रभात कुमार झा द्वारा बताया गया कि दीपावली से पहले ही नगर निगम अंतर्गत सभी 95 छठ घाटों की साफ सफाई पूरी कर लिया जाएगा। इस संबंध में निविदा प्रक्रिया पूरी कर संबंधित संवेदक को कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी द्वारा मत्स्य पोखर की चार दिवारी एवं बन रहे गेट की रंगाई पुताई कर आकर्षक बनाने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पूर्व मंत्री द्वारा प्रारंभ कराये गए भास्कर महोत्सव को भी मनाये जाने की बात कही। इस अवसर पर डीडीसी गौरव कुमार, एडीएम निशांत कुमार, श्रेयांश तिवारी, नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा, वार्ड पार्षद सहित अन्य प्रशासनिक टीम मौजूद रहे।


निरीक्षण करते डीएम, डीडीसी, एडीएम व अन्य।

संक्षिप्त खबरें

अंतर-महाविद्यालय तरंग महिला-पुरुष प्रतियोगिता 2026-27 4 एवं 5 नवंबर को : प्रधानाचार्या प्रो. उषा सिन्हा


बैठक में प्रधानाचार्या व अन्य।

सहरसा शहर (एनएसबी)। रमेश झा महिला महाविद्यालय में तरंग प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर कला एवं सांस्कृतिक समिति की बैठक प्रधानाचार्य कक्ष में शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रधानाचार्या प्रो. उषा सिन्हा ने किया। बैठक में भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा द्वारा आयोजित अंतर-महाविद्यालय तरंग महिला-पुरुष प्रतियोगिता 2026-27, जो 4 एवं 5 नवंबर को आयोजित होगी, में महाविद्यालय की सहभागिता एवं तैयारियों पर चर्चा की गई। इसमें प्रतिभागियों के चयन, अभ्यास, विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं में भागीदारी तथा प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में डॉ. वरुण कुमार, डॉ. अभय कुमार, डॉ. प्रत्यक्षा राज, डॉ. आरती, डॉ. संजीत कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, एवं सुश्री आकांक्षा सिंह सहित समिति के सदस्य उपस्थित हुए। महाविद्यालय का उद्देश्य छात्राओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना तथा विश्वविद्यालय स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें तैयार करना है।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया करवा चैथ, बादलों ने चंद्र दर्शन में डाली बाधा, कई जगहों पर महिलाओं ने मोबाइल में चंद्रमा की तस्वीर देखकर पूरी की व्रत की परंपरा


करवा चैथ करती महिला।

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को करवा चैथ का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। बहुअरबा, सहुरिया, सुगमा, रसलपुर, कुशमी, महारस, सरबेला, पहलाम, घोरदौड़, बनमा सहित विभिन्न गांवों में सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर निर्जला व्रत रखा। पर्व को लेकर महिलाओं में सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। इस दौरान महिलाओं ने सोलह शृंगार कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार करवा चैथ की कथा सुनी। पूरे दिन निर्जला व्रत रखने के बाद महिलाओं को शाम में चंद्रमा निकलने का इंतजार था। हालांकि, मौसम खराब रहने और आसमान में बादल छाए रहने के कारण चंद्र दर्शन में काफी परेशानी हुई। कई जगहों पर महिलाएं काफी देर तक आसमान की ओर निहारती रहीं, लेकिन बादलों के कारण चंद्रमा स्पष्ट दिखाई नहीं दिया। ऐसे में कई महिलाओं ने मोबाइल फोन में चंद्रमा की तस्वीर देखकर व्रत की परंपरा पूरी की और पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत का पारण किया। मौसम की बेरुखी के बावजूद महिलाओं की आस्था और उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। पूरे प्रखंड क्षेत्र में करवा चैथ को लेकर उत्सवी माहौल बना रहा।

सोनवर्षाराज पुलिस ने 261 कार्टून शराब सहित तीन व्यक्ति को किया गिरफ्तार


प्रेसवार्ता में डीएसपी

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। स्थानीय थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र के नगर पंचायत के मुख्य बाजार स्थित देहद मोड के समीप गुरुवार की देर रात भारी मात्रा में विदेशी शराब लदी हाइवा ट्रक जप्त किया। इस दौरान पुलिस ने पुलिस ने गुप्त सूचना पर गिट्टी लदे एक हाईवा ट्रक पर छुपा कर ले जारे विदेशी शराब की 261 कार्टून अवैध शराब के साथ एक बोलेनो कार सहित तीन व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है।

भारी मात्रा में बरामद अवैध शराब की खेप पकडाने से क्षेत्र के अवैध कारोबारी में हडकंप मच गया है। पकडे गए डाईवा ट्रक चालक सुपौल जिले के जदिया थाना क्षेत्र के मानगंज गांव निवासी दिनेश कुमार भगत , और बोलेनो कार से स्कार्ट कर रहे सुपौल जिले के जदिया थाना क्षेत्र के कोरियापट्टी गांव निवासी मदन कुमार व कुमारखंड थाना क्षेत्र के गढिया गांव निवासी मनिष कुमार है।बरामद अवैध अंग्रेजी शराब में 750 एम एल कि 46 कार्टून, 375 एम एल कि 184 व 180 एम एल कि 32 कार्टून शराब बरामद हुआ है। जो झारखंड से अंग्रेजी शराब की एक बडी खेप लेकर सुपौल जिले के जदिया जा रही थी। कि सोनवर्षा राज थाना पुलिस के द्वारा उसे पकड़ लिया गया। भारी मात्रा में बरामद अंग्रेजी शराब बरामदगी मामले में सिमरीबख्तियारपुर डीएसपी निशिकांत दूबे ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक बीआर नंबर की गिट्टी लदे हाईवा ट्रक से शराब की बडी खेप आ रही है। जिसके बाद डियू शाखा व सोनवर्षा राज थाना पुलिस की एक टीम गठित कर देर रात देहद मोड के समीप से ट्रक पकडा गया। जबकि साथ चल रहे बीआर 11 बी एच 2299 नंबर की एक बोलेनो कार पर सवार दो व्यक्ति जो स्कार्ट कर रहे थे उसे भी फिल्मी अंदाज में गिरफ्तार किया गया। पूछ ताछ के दौरान गिरफ्तार कारोबारी ने स्वीकार किया झारखंड से बडी खेप लेकर जदिया सुपौल जा रहे थे। उन्होंने बताया कि भारी मात्रा में बरामद अवैध शराब व गिरफ्तार तीनों कारोबारी सहित दोनों वाहनों पर उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

विधायक ई. आईपी गुप्ता ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर छात्रावास का किया भ्रमण, छात्रों की समस्याओं को विस में उठाने का दिया भरोसा


अंबेडकर छात्रावास का निरीक्षण करते विधायक।

सहरसा शहर (एनएसबी)। अखिल भारतीय पान महासंघ सह इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह विधायक इंजीनियर आईपी गुप्ता ने शुक्रवार को अपने मॉर्निंग वॉकिंग कार्यक्रम के तहत बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर छात्रावास का भ्रमण किया। इस दौरान विधायक श्री गुप्ता ने छात्रावास में रह रहे सभी छात्रों से आत्मीय मुलाकात की तथा उनकी शैक्षणिक, आवासीय एवं अन्य बुनियादी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। छात्रों ने भी खुलकर अपनी समस्याएं एवं अपेक्षाएं विधायक जी के समक्ष रखीं।

विधायक ने छात्रों को आश्वस्त करते हुए कहा कि छात्रों की समस्याएं केवल छात्रावास तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह उनके भविष्य और शिक्षा के अधिकार से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। उनकी जायज मांगों एवं समस्याओं को आगामी विधानसभा सत्र में प्रमुखता से उठाया जाएगा, ताकि संबंधित विभाग का ध्यान आकृष्ट कराकर समाधान की दिशा में ठोस पहल की जा सके। उन्होंने छात्रों को भरोसा दिलाया कि वे अगले सप्ताह पुनः छात्रावास पहुंचेंगे और समस्याओं की प्रगति एवं आवश्यक पहल की जानकारी लेंगे। विधायक का यह दौरा केवल एक औपचारिक भ्रमण नहीं, बल्कि युवाओं की आवाज सुनने, उनकी समस्याओं को समझने और उनके बेहतर भविष्य के लिए जनप्रतिनिधि की जवाबदेही निभाने की एक सकारात्मक पहल रही। इस अवसर पर मुख्य रूप से साथ में माले नेता कामरेड कुंदन यादव, इंडियन इंक्लूसिव पार्टी नेता रवि यादव सौर बाजार नगर पंचायत के विधायक प्रतिनिधि अमित कुमार, जिला अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विद्यानंद शर्मा उर्फ विद्या शर्मा, इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सह जिला सह प्रभारी डॉ. धनोज कुमार, राजद के वरिष्ठ नेता गोविंद दास, वीआईपी नेता रंजीत दास तांती, इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के 24 वार्ड अध्यक्ष कुमोद शर्मा तथा पार्टी के युवा नेता अभिषेक कुमार उर्फ बिट्टू सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। डॉ. धनोज कुमार की ओर से कहा गया कि शिक्षा, सम्मान और अधिकार के लिए संघर्ष करना ही एक बेहतर समाज की पहचान है। बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करते हुए वंचित एवं जरूरतमंद छात्रों को उनका हक और बेहतर शैक्षणिक वातावरण दिलाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

सहरसा के साहित्यिक इतिहास में एक नई पहल

शिक्षा विभाग द्वारा जिले की पहली साहित्यिक पुस्तक 'नवांकुर' का हुआ लोकार्पण


प्रखंड और विद्यालय की सीमाओं से आगे बढ़कर उनकी प्रतिभा को जिला स्तर पर पहचान मिल सके। पुस्तक के मार्गदर्शक जिला शिक्षा पदाधिकारी रोहित रौशन हैं, जबकि संपादन का महत्वपूर्ण दायित्व उच्च विद्यालय, सहसौल के शिक्षक आनन्द कुमार झा ने निभाया है। शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में इस पुस्तक की परिकल्पना को साकार करने का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना और उन्हें साहित्य की दुनिया से जोड़ना है। लोकार्पण के अवसर पर डीईओ रोहित रौशन ने कहा कि प्रत्येक बच्चे के भीतर कोई न कोई विशेष प्रतिभा अवश्य होती है। जरूरत है उस प्रतिभा को पहचानने, उचित अवसर देने और उसे आगे बढ़ाने की। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम पूरा करना और परीक्षा में बेहतर परिणाम प्राप्त करना ही नहीं है, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना भी है। पुस्तक के संपादक शिक्षक आनन्द कुमार झा ने कहा कि बच्चों के भीतर सृजन की अपार संभावनाएँ होती हैं। उनके मन में अनेक विचार, कल्पनाएँ और भावनाएँ जन्म लेती हैं, जिन्हें सही दिशा और मंच मिलने पर वे सुंदर साहित्यिक रचनाओं का रूप ले सकती हैं। ह्यनवांकुरह्ल इसी सोच का परिणाम है।

सहरसा शहर (एनएसबी)। जिले में स्कूली शिक्षा के साथ-साथ बच्चों की साहित्यिक एवं रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की दिशा में शिक्षा विभाग ने एक सराहनीय और अभिनव पहल की है। शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में जिले की पहली बाल साहित्यिक पुस्तक 'नवांकुर' का लोकार्पण डीईओ रोहित रौशन ने किया। यह पुस्तक जिले के साहित्यिक संसार में एक नई शुरूआत के रूप में देखी जा रही है। इसके माध्यम से जिले के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को अपनी मौलिक प्रतिभा, कल्पनाशीलता और साहित्यिक अभिरुचि को अभिव्यक्त करने का अवसर प्राप्त हुआ है। ह्यनवांकुरह्ल का मूल उद्देश्य बच्चों के भीतर छिपी साहित्यिक प्रतिभा को पहचानना, उसे विकसित करना तथा विद्यालयी शिक्षा को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। इस पुस्तक में जिले के सभी प्रखंडों के सरकारी एवं निजी विद्यालयों के बच्चों की स्वरचित साहित्यिक रचनाओं को स्थान दिया गया है। इसमें बच्चों द्वारा लिखी गई कविताएँ, कहानियाँ, गीत तथा अन्य मौलिक साहित्यिक अभिव्यक्तियाँ संकलित की गई हैं। इन रचनाओं में बच्चों के कल्पनाओं की उड़ान, प्रकृति के प्रति उनका लगाव, सामाजिक सरोकार, मानवीय संवेदनाएँ, जीवन के अनुभव और उनके सपनों की सुंदर अभिव्यक्ति देखने को मिलती है।

इस पुस्तक की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें बच्चों की अपनी लेखनी और मौलिक विचारों को प्राथमिकता दी गई है। इसका उद्देश्य केवल रचनाओं का संकलन करना नहीं, बल्कि विद्यालयों में एक ऐसी साहित्यिक संस्कृति विकसित करना है, जहाँ बच्चे पढ़ने के साथ-साथ स्वयं लिखने, सोचने, कल्पना करने और अपनी बात को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित हों। ह्यनवांकुरह्ल के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को एक साझा मंच पर लाने का प्रयास किया गया है, ताकि

बारिश व तेज हवा से धान की फसल को भारी नुकसान

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र में मौसम के बदले मिजाज ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। रुक-रुकर हो रही बारिश और तेज हवा के कारण खेतों में तैयार धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। पहले बाढ़ की विभीषिका झेल चुके किसानों पर अब बारिश और हवा की दोहरी मार पड़ रही है। इससे किसानों के सामने आर्थिक संकट गहराने लगा है। जानकारी के अनुसार, पूर्व में आई बाढ़ के कारण सहुरिया, ईटहरी, जमालनगर और सरबेला पंचायतों में बड़े पैमाने पर धान की फसल प्रभावित हुई थी। बाढ़ का पानी उतरने के बाद किसानों को उम्मीद थी कि बची हुई फसल से कुछ नुकसान की भरपाई हो सकेगी। लेकिन मौसम की बेरुखी ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

बिहार प्रदेश भवन व पथ निर्माण मजदूर संघ जिला वार्षिक अधिवेशन संपन्न

अध्यक्ष बने अभिषेक कुमार व जिला मंत्री राजा कुमार पासवान


मजदूर संघ जिला इकाई।

सहरसा शहर (एनएसबी)। बिहार प्रदेश भवन एवं पथ निर्माण मजदूर संघ जिला इकाई मधेपुरा का वार्षिक अधिवेशन भीरखी चैक स्थित सभागार में रंजन पासवान की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस मौके पर पथ एवं भवन निर्माण संघ के प्रदेश महामंत्री सुनील कुमार,आटो एवं ई रिक्शा संघ बेगूसराय के जिला महामंत्री पंकज कुमार,सहरसा बीएमएस जिलाध्यक्ष संतोष पासवान, बबलू पौद्दार, नगर परिषद चेयरमैन, सिप्पी कुमारी सहित लोगों द्वारा भारत माता, बीएमएस के संस्थापक मान्यवर दत्तोपंत ठेगड़ी एवं भगवान विश्वकर्मा के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वंदेमातरम गायन व श्रमिक गीत गायन के साथ हुई। इस मौके पर महामंत्री सुनील कुमार की उपस्थिति में जिला कार्यकारिणी एवं कार्य समिति पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिसके अंतर्गत जिला अध्यक्ष अभिषेक कुमार, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता, सुमन देवी, राकेश पासवान, जिला मंत्री राजा कुमार पासवान, सहायक जिला मंत्री दीपक पोद्दार, संगठन मंत्री राजकिशोर पासवान, कोषाध्यक्ष राहुल कुमार एवं कार्यसमिति सदस्य सुमित कुमार, जयप्रकाश कुमार, चांदनी देवी,सुधीर शर्मा,अरविंद पासवान एवं अरविंद मिस्त्री निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस अवसर महामंत्री सुनील कुमार ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ श्रमिकों का राष्ट्रवादी देशभक्त मजदूर संगठन है।

डीआईजी डॉ. कुमार आशीष ने सौरबाजार थाना का किया निरीक्षण


निरीक्षण करते पुलिस उप-महानिरीक्षक।

सहरसा शहर (एनएसबी)। पुलिस उप-महानिरीक्षक, कोशी क्षेत्र डा कुमार आशीष द्वारा शुक्रवार को जिलान्तर्गत सौरबाजार थाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पुलिस अधीक्षक एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में थाना में सधारित पंजियो एवं संचिकाओं का समुचित तरीके से सधारित करते हुये अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया है। थाना में लबित कांडों की समीक्षा कर अगले माह निष्पादन हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया। सौरबाजार थाना में पदस्थापित सभी अनुसंधानकत्ता को प्रत्येक माह कम-से-कम 10 कांडों का निष्पादन करने का निर्देश दिये। लंबित पुरानी शिकायतों का भी निपटारा करने का निर्देश दिये। पुलिस भवनों की स्थिति का भी जायजा लिया गया। थाना परिसर को साफ-सुथरा रखने हेतु निर्देश दिया गया है। थाना में कार्यरत पुलिस पदाधिकारी, पुलिस कर्मियों के द्वारा किये जाने वाले कार्यों का भी मूल्यांकन किया गया तथा आवश्यक निर्देश दिये। उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियो को आम जनता की समस्याओं को सुनकर उनकी समस्या का समाधान करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

एसएनएसआरकेएस कॉलेज के दो खिलाड़ियों का ईस्ट जोन हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन, प्रधानाचार्य ने दी बधाई


चयनित खिलाड़ी के साथ प्रधानाचार्य व अन्य।

सहरसा शहर (एनएसबी)। सर्व नारायण सिंह रामकुमार सिंह महाविद्यालय के दो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन ईस्ट जोन अंतर विश्वविद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। बीएनएमबी कॉलेज, साहूगढ़ में आयोजित दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर महाविद्यालय के खिलाड़ी अमन कुमार एवं अंशु पोद्दार का चयन भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा की टीम में किया गया है। दोनों खिलाड़ी अब बनारस हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी में आयोजित होने वाली ईस्ट जोन अंतर विश्वविद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा डिग्री कॉलेज, मधेपुरा में सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था।

इस शिविर में राष्ट्रीय खिलाड़ी दीपक प्रकाश रंजन एवं रूपक रंजन ने खिलाड़ियों को हैंडबॉल की तकनीकी बारीकियों एवं खेल कौशल का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के बाद खिलाड़ियों ने अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। चयन की विशेषता यह है कि अंशु पोद्दार का चयन गोलकीपर तथा अमन कुमार का चयन सेंटर पोजीशन के लिए हुआ है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. अनंत कुमार सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा महाविद्यालय के विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय स्तर पर चयन होना हमारे लिए गर्व और हर्ष का विषय है। खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता को मजबूत बनाता है। महाविद्यालय के स्पोर्ट्स डायरेक्टर प्रो. राम नरेश पासवान ने भी खिलाड़ियों की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ईस मोके पर डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, डॉ. नृपेन्द्र सिन्हा, डॉ. आर्य सिंधु, प्रो. ममता कुमारी, डॉ. अभय नाथ पाठक, प्रो. रंजय कुमार सिंह, प्रो. नवनीत सिंह. ने शुभकामनायें दी। वहीं महाविद्यालय के पी.टी.आई खुर्शीद अंसारी ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन एवं खेल कौशल के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है।

शपथ पत्र

मैं रीता देवी पति अशोक शर्मा उम्र -36 वर्ष ग्राम-घोड़दौड़, वार्ड नं.-03 थाना -बनमा इटहरी, जिला -सहरसा घोषणा करती हूँ कि भूलवश SBI खाता सं.-34056590875 मे मेरा नाम -रीना देवी व जन्मतिथि-01.01.1990 दर्ज हो गया है जबकि मेरा सही नाम रीता देवी व जन्मतिथि-04.01.1990 है।
शपथ-पत्र सं.-16567 दिनांक-24/10/26

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत स्कूल में पॉक्सो व बाल अधिकारों पर जागरूकता शिविर आयोजित

खगड़िया (एनएससबी)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जिले में 'सुरक्षित बचपन अभियान' संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा तथा यौन शोषण, बाल श्रम, बाल विवाह एवं साइबर अपराध जैसी गंभीर सामाजिक समस्याओं के प्रति जागरूक करना है। अभियान के तहत जिले के 200 से अधिक छात्र-छात्राओं वाले सरकारी एवं निजी विद्यालयों में 31 अक्टूबर तक विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से बच्चों को उनके अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा तथा किसी भी प्रकार के शोषण या उत्पीड़न की स्थिति में उपलब्ध कानूनी सहायता एवं संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में षुक्रवार को सेंट जेवियर स्कूल, खगड़िया में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, अविनाश चन्द्रा, न्यायिक दंडाधिकारी द्वितीय श्रेणी शिप्रा चौहान एवं न्यायिक दंडाधिकारी द्वितीय श्रेणी स्वाति प्रिया ने उपस्थित होकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को संबोधित किया तथा पक्सो अधिनियम, 2012, बाल अधिकार, व्यक्तिगत सुरक्षा, यौन शोषण से बचाव, बाल श्रम एवं बाल विवाह की रोकथाम तथा साइबर अपराधों से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। जागरूकता शिविर के दौरान



संबोधित करते न्यायिक अधिकारी।



कार्यक्रम में छात्र।

न्यायिक पदाधिकारियों ने बच्चों को पक्सो अधिनियम, 2012 के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि यह कानून 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण प्रदान करता है। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श की पहचान, व्यक्तिगत सीमाओं तथा किसी भी अनुचित व्यवहार का विरोध करने के महत्व के बारे में समझाया। बच्चों को बताया गया कि यदि उनके साथ अथवा किसी अन्य बच्चे के साथ कोई अनुचित घटना होती है, तो वे चुप न रहें और बिना किसी भय या संकोच के अपने माता-पिता, शिक्षक अथवा किसी विश्वसनीय वयस्क को इसकी जानकारी दें, ताकि समय पर आवश्यक सहायता एवं संरक्षण उपलब्ध कराया जा सके। न्यायिक पदाधिकारियों ने बाल श्रम की समस्या पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों से कम उम्र में काम कराना उनके शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं समुचित विकास के अधिकारों को प्रभावित करता है। प्रत्येक बच्चे को शिक्षा प्राप्त करने और सुरक्षित वातावरण में अपना बचपन बिताने का अवसर मिलना चाहिए। इसके साथ ही बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए बताया गया कि कम उम्र में विवाह बच्चों, विशेषकर बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वतंत्रता एवं भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। बाल विवाह की रोकथाम के लिए परिवार, विद्यालय और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। न्यायिक अधिकारियों ने डिजिटल युग में बच्चों की अनलाइन सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए न्यायिक पदाधिकारियों ने अनलाइन ठगी, साइबर उत्पीड़न, सोशल मीडिया के दुरुपयोग तथा अनजान व्यक्तियों से अनलाइन संपर्क के खतरों के बारे में जानकारी दी। बच्चों को सलाह दी गई कि वे इंटरनेट का सावधानीपूर्वक उपयोग करें तथा अपनी निजी जानकारी, पासवर्ड, ओटीपी एवं व्यक्तिगत तस्वीरें अनजान व्यक्तियों के साथ साझा न करें। किसी भी संदिग्ध अनलाइन गतिविधि या साइबर उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल अपने अभिभावकों एवं शिक्षकों को सूचित करें। कार्यक्रम के दौरान न्यायिक पदाधिकारियों ने बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा, समानता, सम्मान एवं समुचित विकास से जुड़े उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को भयमुक्त वातावरण में रहने, अपनी बात रखने तथा किसी भी प्रकार के शोषण या उत्पीड़न की स्थिति में सहायता प्राप्त करने का अधिकार है।

संक्षिप्त खबरें

जन समाधान दिवस पर 12 आवेदनों की हुई सुनवाई

खगड़िया (एनएससबी)। समाहरणालय सभाकक्ष में षुक्रवार को जन समाधान दिवस का आयोजन जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के द्वारा किया गया। इस दौरान आम नागरिकों से प्राप्त कुल 12 आवेदनों की सुनवाई की गई। अधिकारी ने एक-एक कर आवेदकों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। जन समाधान दिवस के दौरान प्राप्त आवेदन विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों से संबंधित थे। इनमें कार्यपालक अभियंता, खगड़ियाय जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल 1, भूमि सुधार उप समाहर्ता, अपर समाहर्ता, थानाध्यक्ष बेलदौर तथा कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, खगड़िया से संबंधित मामले प्रमुख रूप से शामिल थे। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर उनका निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता एवं गंभीरता बरतने तथा मामलों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब से बचने पर विशेष जोर दिया।

पीएम श्री भगवान उच्च विद्यालय में सामाजिक अंकेक्षण को लेकर कार्यक्रम

गोगरी (एनएससबी)। प्रखंड अंतर्गत पीएम श्री भगवान उच्च विद्यालय में सामाजिक अंकेक्षण को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, गोगरी, पंचायत समिति सदस्य एवं जीविका दीदियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में गोगरी प्रखंड की 10 पंचायतों के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक शामिल हुए। इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों ने विद्यालयों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं एवं विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने से जुड़े मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में विद्यालयों की समस्याओं को चिति कर उनके जल्द समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों की स्थिति की समीक्षा करना, समस्याओं को सामने लाना तथा संबंधित विभागों के समन्वय से उनका समाधान सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालयों की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने पर विशेष जोर दिया गया।

जीविका दीदियों ने निकाली जागरूकता रैली

परबत्ता (एनएससबी)। बिहार सरकार द्वारा संचालित नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत षुक्रवार को परबत्ता प्रखंड के जीविका दीदियों द्वारा मद्य निषेध को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में जीविका दीदियों ने नारे लगाकर लोगों को शराब के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। दीदियों ने कहा कि शराब न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि इससे परिवार की सुख-शांति और आर्थिक स्थिति पर भी बुरा असर पड़ता है। इस दौरान दीदियों द्वारा लोगों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया गया और नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में संकुल संघ के पदाधिकारी, कैडर एवं बड़ी संख्या में जीविका दीदियां उपस्थित थीं।

पीड़ित ने थाना में आवेदन देकर लगाया न्याय की गुहार

बेलदौर (एनएससबी)। थाना क्षेत्र के डुमरी पंचायत के पनसलवा गांव के वार्ड 8 में पैतृक जमीन व मकान पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए थानाध्यक्ष से न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में पनसलवा गांव के वार्ड 8 निवासी अमीर चंद्र सिंह के 26 बर्षीय पुत्र संजीव कुमार ने आरोप लगाया है कि उनके पैतृक जमीन व मकान का अब तक परिवार में बंटवारा नहीं हुआ है। इसके बावजूद उनके ही परिवार के तीन लोगों रामरशी सिंह, राम सिंह, रामवदन सिंह के द्वारा साजिश के तहत उनके निजी हिस्से की पक्की मकान के ऊपर जबरन दूसरी पक्की मकान बनाकर हड़पने की कोशिश की जा रही है।पीड़ित का आरोप है कि मना करने पर आरोपी दबंगई और पैसे के बल पर समाज के प्रतिनिधियों की भी नहीं सुन रहे हैं और धमकी दिया है कि तुम लोगों को जो करना है करो, हम सबको देख लेंगे। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि आरोपियों का संबंध अपराधी प्रवृत्ति के लोगों से भी है। पीड़ित ने थानाध्यक्ष से अविलंब निर्माण कार्य पर रोक लगाने और उचित न्याय दिलाने की मांग की है।

एस एल डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2026 में शानदार प्रदर्शन किया

खगड़िया (एनएससबी)। एस एल डीएवी पब्लिक स्कूल खगड़िया के बच्चों ने नई दिल्ली में संपन्न डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2026 में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रौशन किया है। स्कूल के छात्र निर्मल कुमार टुडू ने 6266 किलोग्राम कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीता एवं खोखो अंडर 14 बालिका वर्ग में स्कूल की टीम ने बिहार का प्रतिनिधित्व कर बिहार को विजेता बनाया और स्वर्ण पदक जीता। खो-खो में स्कूल की यह रिकर्ड उपलब्धि है क्योंकि नेशनल स्पोर्ट्स 2025 में भी स्कूल की अंडर 14 बालिका वर्ग की की टीम ने बिहार को विजेता बनाया था। डीएवी खगड़िया खिलाड़ियों की टीम ने 14 पदक और 2 विजेता ट्रफी जीतकर जब खगड़िया की धरती पर कदम रखा तो पूरे डीएवी खगड़िया परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। बच्चों के इस शानदार सफलता पर स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन ने भाग लेने वाले सभी बच्चों को बधाई दी और कहा कि डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2026 में शामिल इन सभी बच्चों ने क्लस्टर जोनल लेवल के प्रतिस्पर्धा को जीतकर आगे बढ़कर राष्ट्रीय स्तर पर अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया है। स्कूल के वरीय शारीरिक शिक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों के इस बेहतरीन प्रदर्शन के पीछे बच्चों का कठिन परिश्रम सभी खेल शिक्षकों का मार्गदर्शन और संलग अभिभावकगण का समर्थन रहा है। उन्होंने खेल शिक्षक अविनाश कुमार श्रीवास्तव, अन्मिता आनंद और गौरव कुमार को धन्यवाद दिया।



प्रतिभागी बच्चों के साथ शिक्षक।

पुलिस ने किया 78 किलो गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

परबत्ता (एनएससबी)। मड़ैया थाना क्षेत्र के कोलवारा गांव में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में 78160 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इस दौरान दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। मिली जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर परबत्ता अंचलाधिकारी हरिनाथ राम एवं मड़ैया के सहायक थानाध्यक्ष मनीष कुमार के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने कोलवारा गांव में छापेमारी की। टीम जब नारद मंडल के घर पहुंची तो घर के पीछे बसबिट्टी के समीप मकई के लारा में दबाकर रखे गए बैग और बोरी की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसमें छिपाकर रखा गया कुल 78160 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। कार्रवाई के दौरान कथित मुख्य आरोपी नारद मंडल छापेमारी की भनक लगते ही मौके से फरार हो गया। वहीं, मौके पर मौजूद उसकी पत्नी जनता देवी एवं दामाद राजीव कुमार, निवासी अभिया बाजार, थाना गोपालपुर, जिला भागलपुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इतनी बड़ी मात्रा में गांजा बरामद होने के बाद इलाके में चर्चाओं का बाजार गर्म है। पुलिस अब बरामद गांजे के स्रोत, इसकी आपूर्ति और संभावित तस्करी नेटवर्क की कड़ियां खंगालने में जुटी है। फरार नारद मंडल की गिरफ्तारी के लिए भी आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



-बरामद गांजा।

बेलदौर में काली पूजा को लेकर मूर्ति को दिया जा रहा है अंतिम रूप,तैयारी भी शुरू

बेलदौर (एनएससबी)। आगामी काली पूजा को लेकर बेलदौर प्रखंड क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। जानकारी हो कि प्रखंड के कुल चार प्रमुख स्थानों पर माँ काली की प्रतिमाओं का निर्माण युद्ध स्तर पर किया जा रहा है, ताकि समय रहते सभी तैयारियां पूरी की जा सकें।प्राप्त जानकारी के अनुसार बेलदौर क्षेत्र के बेला नौबाद पंचायत के मुरासी गाँव, पनसलवा गाँव के गाछी टोला, बोबील और बेलदौर बाजार में हर्षोल्लास के साथ काली पूजा का आयोजन किया जाता है। इन सभी जगहों पर मूर्तिकार मूर्ति को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए काली पूजा कमेटियों द्वारा जोर-शोर से चंदा और सहयोग राशि एकत्र की जा रही है।इस संबंध में बेलदौर स्थित काली स्थान के पुजारी बबलू भगत ने जानकारी दी कि इस पवित्र मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूरी होती है। हर वर्ष की तरह इस बार भी भक्तों के सहयोग से माँ काली की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की जा रही है। इस बार लाल बिहारी गुप्ता द्वारा माँ काली की भव्य प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की उम्मीद है। पूजा को लेकर इलाके का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया है।



काली मां की मूर्ति को अंतिम रूप देते मूर्तिकार।

अग्निपीड़ित परिवार को अंचल प्रशासन ने दी राहत सामग्री

बेलदौर (एनएससबी)। थाना क्षेत्र की दिघौन पंचायत के वार्ड नंबर तीन निवासी मोहम्मद नूर आलम की पत्नी अंजुम खातुन के घर में हाल ही में खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर से अचानक गैस रिसाव होने के कारण आग लग गई थी। इस दुर्घटना में घर में रखा अनाज, कपड़े, नकदी और अन्य घरेलू सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। घटना की सूचना मिलते ही राजस्व अधिकारी सत्यनारायण झा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपने अधीनस्थ कर्मियों को तुरंत घटनास्थल पर भेजकर नुकसान की विस्तृत जांच कराई। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद राजस्व अधिकारी सत्यनारायण झा स्वयं पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनका ढांढस बंधाया और सरकारी प्रावधान के तहत राहत सामग्री के रूप में पलीथिन शीट, चटाई व अन्य आवश्यक राहत सामग्री का वितरण किया। अधिकारी ने पीड़ित परिवार को आश्वस्त किया कि सरकारी नियमों के अनुसार उन्हें जल्द ही आपदा राहत के तहत आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाएगी। इस त्वरित प्रशासनिक सहायता से पीड़ित परिवार को इस कठिन समय में कुछ राहत मिली है।



अग्निपीड़ित को राहत सामग्री देते अधिकारी।

संक्षिप्त खबरें

मध्याह्न भोजन योजना को लेकर अभिभावकों में नाराजगी

बेलदौर (एनएससबी)। प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में मध्या भोजन योजना में भारी अनियमितता का मामला सामने आया है। प्रखंड क्षेत्र के कुर्बन पंचायत स्थित मध्य विद्यालय सठमा में शुक्रवार को नियमानुसार बच्चों को अंडा दिए जाने के बजाय सिर्फ एक केला दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है, जिससे ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक आद्या कुमार आलोक द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को बच्चों को अंडा देने के बजाय छुट्टी के समय केवल एक केला थमा दिया जाता है। जब इस संबंध में प्रधानाध्यापक से जानकारी ली जाती है, तो उनका तर्क होता है कि पांच रुपए में अंडा नहीं मिलता है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब साथ लगते चौथम प्रखंड क्षेत्र के विद्यालयों में बच्चों को सुगमतापूर्वक अंडा दिया जा रहा है, तो बेलदौर प्रखंड के इस विद्यालय में ऐसा क्यों नहीं हो सकता क्या बाजार में पांच रुपए में अंडा उपलब्ध नहीं है या फिर इसके पीछे कोई और खेल है। ग्रामीणों ने इस स्थिति को सीधे तौर पर एमडीएम की राशि में हेराफेरी और धांधली करार दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मध्य विद्यालय सठमा में कुल नामांकित छात्र-छात्राओं की संख्या 512 है, जबकि आधे की संख्या में बच्चें आते हैं। वहीं विद्यालय में कुल 9 शिक्षक कार्यरत हैं। षुक्रवार को 2 शिक्षक अवकाश पर थे और 1 शिक्षक खगड़िया में आयोजित किसी बैठक में शामिल होने गए थे। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानाध्यापक पर इससे पहले भी मध्या भोजन का सरकारी चावल चोरी कर बेचने के गंभीर आरोप लग चुके हैं। हालांकि, चावल बेचने और एमडीएम में गड़बड़ी के इन मामलों के बावजूद जिला शिक्षा पदाधिकारी की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे विद्यालय प्रबंधन के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने जिला पदाधिकारी से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषी प्रधानाध्यापक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

नशामुक्त बिहार अभियान को लेकर समीक्षा बैठक

खगड़िया (एनएससबी)। जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नशामुक्त बिहार अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अधीक्षक मद्यनिषेध, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी तथा सभी संबंधित प्रखंडों एवं नगर निकायों के पदाधिकारी जुड़े। बैठक में जिलाधिकारी ने 27 अक्टूबर से 26 नवंबर तक संचालित नशामुक्त बिहार अभियान के तहत जिलेभर में व्यापक जन-जागरूकता गतिविधियां संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, थानाध्यक्षों एवं नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने को कहा। जिलाधिकारी ने सार्वजनिक स्थलों पर नशामुक्ति से संबंधित बैनर-पोस्टर लगाने, सरकारी भवनों पर नशामुक्ति के संदेश एवं स्लोगन अंकित करने तथा चित्रांकन के माध्यम से आमजन को जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही, सार्वजनिक एवं अन्य उपयुक्त वाहनों के माध्यम से विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए अडियो जिंगल का प्रसारण सुनिश्चित करने को कहा, ताकि नशामुक्ति का संदेश अधिकाधिक लोगों तक पहुंच सके। ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए जीविका दीदियों के माध्यम से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के सहयोग से प्रचार-प्रसार करने पर भी जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों से अवैध शराब निर्माण की शिकायतें प्राप्त होती हैं, वहां विशेष रूप से नुक्कड़ नाटक, बैनर-पोस्टर एवं अन्य जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से शराब के दुष्प्रभावों की जानकारी दी जाए। बैठक में दीपावली एवं छठ पूजा के अवसर पर भी विभिन्न माध्यमों से नशामुक्ति का संदेश प्रसारित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को अभियान के दौरान संचालित गतिविधियों पर निगरानी रखने तथा विभागीय समन्वय के साथ निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने को कहा।

जागरूकता रथ को विधायक ने किया रवाना

बेलदौर (एनएससबी)। खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम के तहत बेलदौर विधायक पन्ना लाल सिंह पटेल ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एलईडी युक्त इस जागरूकता रथ के माध्यम से प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में किसानों को रबी फसलों की वैज्ञानिक खेती, उन्नत षि तकनीकों और षि विभाग की सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि किसानों को आधुनिक षि पद्धतियों की जानकारी देना आवश्यक है, ताकि वे कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकें। जागरूकता रथ के माध्यम से किसानों को रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। साथ ही मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के उपाय बताए जाएंगे। जागरूकता रथ ने बेलदौर प्रखंड क्षेत्र के बेलदौर नगर पंचायत, बोबिल पंचायत और सकरोहर पंचायत के विभिन्न गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान किसानों को रबी फसलों की वैज्ञानिक खेती, षि विभाग की योजनाओं और उन्नत तकनीकों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई गई।षि विभाग की इस पहल से किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में मदद मिलने के साथ ही खेती के नए तरीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इससे षि उत्पादन बढ़ाने और भूमि की उर्वरता को बनाए रखने में भी सहायता मिलने की उम्मीद है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रेम कुमार यादव, षि पदाधिकारी ड़ प्रभात रंजन, समाजसेवी ऋषभ कुमार, संतोष कुमार यादव सहित षि विभाग के कर्मी और दर्जनों किसान मौजूद थे।



रथ रवाना करते विधायक।

डीएम ने कटाव स्थल का किया निरीक्षण,समाधान का भरोसा

चौथम (एनएससबी)। प्रखंड क्षेत्र के ठुठ्ठी मोहनपुर पंचायत अंतर्गत खरेता गांव के मालिक टोला बासा के समीप बागमती नदी के भीषण कटाव से उत्पन्न स्थिति का जायजा लेने शुक्रवार को जिलाधिकारी विक्रम बीरकर कटाव स्थल पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नदी के कटाव की वर्तमान स्थिति, अब तक विभाग की ओर से कराए गए कटावरोधी कार्यो का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से कटाव की स्थिति एवं अब तक किए गए निरोधात्मक कार्यो की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्थल पर मौजूद स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से भी बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि बागमती नदी के लगातार कटाव के कारण खरेता गांव के मालिक टोला के समीप स्थिति बेहद गंभीर हो चुकी है। नदी का कटाव लगातार ग्रामीणों की जमीन और सड़क को अपनी चपेट में ले रहा है, जिससे लोगों के सामने आवागमन के साथ-साथ अपने घर और जमीन को बचाने की भी बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। जिलाधिकारी विक्रम बीरकर ने बताया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा खरेता गांव में हो रहे भीषण कटाव को लेकर चिंता जाहिर की गई थी और उन्हें इसकी जानकारी दी गई थी। इसी के मद्देनजर उन्होंने स्वयं कटाव स्थल का निरीक्षण कर जमीनी हकीकत का जायजा लिया है। उन्होंने कहा कि खरेता गांव के समीप कटाव की स्थिति काफी गंभीर है। हालांकि, वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए संबंधित विभाग की ओर से आवश्यक कटावरोधी कार्य कराए गए हैं। इन प्रयासों से कटाव की तीवता में कुछ कमी जरूर आई है, लेकिन समस्या की गंभीरता को देखते हुए आगे भी ठोस पहल की आवश्यकता है। ग्रामीणों की सबसे बड़ी चिंता आवागमन व्यवस्था को लेकर सामने आई। इस पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि खरेता गांव में बागमती नदी के कटाव और उससे उत्पन्न परिस्थितियों की जानकारी बाढ़ नियंत्रण विभाग के माध्यम से सरकार को भी उपलब्ध कराई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि यहां की स्थिति को देखते हुए तत्काल राहत के साथ-साथ आवागमन की समस्या के समाधान के लिए विभाग को आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया गया है। इस दिशा में जल्द ही विचार-विमर्श कर समाधान की दिशा में कदम उठाए जाने की संभावना है। जिलाधिकारी के अनुसार, फिलहाल स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप अस्थायी समाधान की संभावनाओं पर भी विचार किया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी से जल्द राहत मिल सके। वहीं, कटाव की गंभीरता और भविष्य में उत्पन्न होने वाले खतरे को देखते हुए स्थायी समाधान की दिशा में भी विभागीय स्तर पर पहल आवश्यक है। गौरतलब है कि नवादा घाट से धमहरा जाने वाली सड़क पर खरेता गांव से आगे मालिक टोला के समीप बागमती नदी का कटाव इतना भयावह हो चुका है कि सड़क का बड़ा हिस्सा पूरी तरह नदी में समा गया है। सड़क कट जाने के कारण इस मार्ग से आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। वहीं, लगातार हो रहे कटाव में अब तक कई एकड़ उपजाऊजमीन बागमती नदी की धारा में विलीन हो चुकी है। कटाव की चपेट में आने से कई परिवारों को अपना घर और आशियाना छोड़ने की नौबत आ चुकी है। इस अवसर पर अनुमंडल सदर पदाधिकारी धनंजय कुमार, बाढ़ अभियंत्रण विभाग के मनीष कुमार, चौथम थाना पुलिस निरीक्षक अजीत कुमार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि मुखिया प्रतिनिधि पप्पू कुमार, मिथिलेश यादव, सामाजिक कार्यकर्ता कपिल देव पासवान तथा दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।



निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

वंदे भारत की आधुनिक तकनीक और नवाचार पर इरिमी में मंथन

दो दिवसीय तकनीकी संगोष्ठी का भव्य आगाज, देशभर के वरिष्ठ रेल अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों का जुटा जमावड़ा, उभरती रेल प्रौद्योगिकी और ट्रेनसेट के भविष्य पर हुआ विचार-विमर्श

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। भारतीय रेल की आधुनिक तकनीकी क्षमता, नवाचार और भविष्य की रेल प्रणालियों को नई दिशा देने के उद्देश्य से भारतीय रेल यांत्रिक एवं विद्युत अभियंत्रण संस्थान (इरिमी), जमालपुर में शुक्रवार को दो दिवसीय तकनीकी संगोष्ठी का भव्य शुभारंभ हुआ। 30 एवं 31 अक्टूबर को आयोजित इस संगोष्ठी में वंदे भारत ट्रेनसेट की अत्याधुनिक तकनीक, उभरती रेल प्रौद्योगिकी, डेटा प्रबंधन और तकनीकी दक्षता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर देशभर से जुटे वरिष्ठ रेल अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए।कार्यक्रम का उद्घाटन पौधा भेंट करने और दीप प्रज्ज्वलन के साथ गरिमामय वातावरण में किया गया। इसमें भारतीय रेल के विभिन्न जोनों, मंडलों और उत्पादन इकाइयों से पहुंचे वरिष्ठ अधिकारियों, रेलवे विशेषज्ञों तथा तकनीकी क्षेत्र के प्रतिनिधियों




उद्घाटन करते अतिथि, स्वागत करते महानिदेशक, गुलदस्ता भेद करते डीन।

की उल्लेखनीय भागीदारी रही।संगोष्ठी के प्रारंभ में इरिमी के संकायाध्यक्ष एवं वरिष्ठ आचार्य प्रेम प्रकाश ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। इसके बाद संस्थान के महानिदेशक अनिमेष कुमार सिन्हा ने मुख्य संबोधन में ट्रेनसेट तकनीक के विभिन्न पहलुओं, आधुनिक रेल प्रणालियों और भारतीय रेल में तेजी से हो रहे तकनीकी बदलावों पर विस्तार से प्रकाश डाला।दक्षिण पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में आधुनिक तकनीक, नवाचार, डेटा प्रबंधन और तकनीकी दक्षता को भारतीय रेल की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार बताया। वहीं दक्षिण रेलवे के महाप्रबंधक यू सुब्बाराव ने वंदे भारत ट्रेनसेट में इस्तेमाल की जा रही अत्याधुनिक तकनीकों की चर्चा करते हुए कहा कि इस तरह के तकनीकी आयोजन रेलवे के अधिकारियों और विशेषज्ञों के बीच ज्ञान एवं अनुभव के आदान-प्रदान का सशक्त मंच हैं। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ प्रोफेसर, डब्ल्यूएमटी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इसके बाद विशिष्ट अतिथियों को स्मृति-चि भेंट कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर आर एस विर्दी, शक्ति घोषाल, आर. के़ उपाध्याय, के. के़ अटल, एस. के़ प्रसाद, के़ नारायण, डी़ साई बाबा, पूर्व महाप्रबंधक पूर्व रेलवे अरुण अरोड़ा, पूर्व प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर मनश कुमार पोद्दार, रामनाथ रंगास्वामी, रतिराज वर्मा एवं डी एस. कुमार सहित अनेक वरिष्ठ रेल अधिकारी और तकनीकी विशेषज्ञ उपस्थित थे।तकनीकी संगोष्ठी के माध्यम से इरिमी, जमालपुर में भारतीय रेल के आधुनिकीकरण, वंदे भारत जैसी आधुनिक ट्रेनसेट तकनीक और भविष्य की रेल चुनौतियों पर गंभीर मंथन की शुरुआत हुई है।

रेलवे को राजस्व देने में विफल रही मोबाइल फूड वैन, यात्रियों की बढ़ी परेशानी

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन गेट पर शुरू की गई मोबाइल फूड वैन महज ढाई माह में ही बंद हो गई। उद्घाटन के बाद ठीक से संचालित नहीं हो सकी इस फूड वैन को लेकर पहले भी यात्रियों की ओर से कई तरह की शिकायतें सामने आ रही थीं। यहां तक कि संचालक की मनमानी की शिकायत रेल मंडल के डीआरएम तक पहुंचने की बात कही जा रही थी।



स्टेशन गेट पर बंद पड़ा मोबाइल फूड वैन।

आखिरकार रेलवे को समय पर राजस्व देने में विफल रहने के कारण फूड वैन का संचालन बंद करना पड़ा।इधर पिछले एक सप्ताह से मोबाइल फूड वैन बंद रहने के कारण स्टेशन पहुंचने वाले यात्रियों को नाश्ता और भोजन के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। खासकर ट्रेन पकड़ने की जल्दी में रहने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों की सुविधा के उद्देश्य से शुरू की गई यह व्यवस्था अब स्टेशन गेट पर शोभा की वस्तु बनकर रह गई है।इस संबंध में सीएमआई संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि मोबाइल फूड वैन के प्रोपराइटर द्वारा रेलवे को निर्धारित समय पर राशि जमा नहीं की जा रही थी। इसी कारण फूड वैन का संचालन बंद किया गया है। प्रोपराइटर को बकाया राशि जमा करने के लिए कुछ समय दिया गया है। इसके बावजूद राशि जमा नहीं करने पर संबंधित कंपनी को ब्लैकलिस्टेड करने की कार्रवाई की जाएगी।अब देखना यह है कि रेलवे बकाया राशि की वसूली के साथ यात्रियों को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की वैकल्पिक व्यवस्था कब तक सुनिश्चित करता है।

कॉलेन्स किड्स स्कूल में दीपावली-छठ महोत्सव का शुभारंभ

बच्चों ने नृत्य और कविता पाठ से मोहा मन

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। कलेन्स किड्स स्कूल के प्री-प्राइमरी विंग में दीपावली एवं छठ महापर्व के उपलक्ष्य में आयोजित चार दिवसीय उत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ हुआ। पहले दिन यूकेजी के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्तिक प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के संस्थापक उमेश प्रसाद सिंह, उप-प्राचार्य सूरज जायसवाल एवं प्रशासक प्रणव कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान वक्ताओं ने दीपावली को बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक बताया। वहीं, छठ महापर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सूर्योपासना, प्रति संरक्षण, स्वच्छता, अनुशासन और आस्था का संदेश दिया। उन्होंने बच्चों को भारतीय संस्ति एवं परंपराओं का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया।सांस्तिक कार्यक्रम में बच्चों ने स्वागत गीत, श्आयो रे शुभ दिन आयो रेश और श्नवराई माझीश सहित विभिन्न गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। कविता पाठ के माध्यम से भी बच्चों ने अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का परिचय दिया। करीब 25 विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रस्तुतियों में भाग लिया। इनमें काशवी, ओमीषा, अंशिका, ष्टि, इशिका, देबोस्मिता, ष्णा, मयंक, माही, दिव्या, नव्या, कल्पना, नैना, रितिका, सौम्या एवं सान्वी शामिल रहे। उत्सव को सफल बनाने में प्रगति, करीना, नैना, अनीशा सहित हिमांशु सर एवं अन्य शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को त्योहारों के धार्मिक एवं सांस्तिक महत्व से परिचित कराने के साथ उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान किया गया।


कार्यक्रम प्रस्तुत करते नन्हे बच्चे।

संक्षिप्त खबरें

दिल्ली की कांग्रेस रैली को लेकर बाढ़ में संगठनात्मक बैठक

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। पटना जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण-2 के तत्वावधान में बाढ़ डाकबंगला परिसर में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गुरजीत सिंह ने की। इसमें आगामी 1 नवंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली कांग्रेस पार्टी की रैली की तैयारियों और उसमें कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक एवं ओडिशा के पूर्व सांसद ड़ आरसी सहित प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक राजकुमार, मोनू कुमार और राजेश रंजन शामिल हुए। वहीं, श्वोट बचाओ, देश बचाओश अभियान के प्रदेश पर्यवेक्षक राकेश कुमार की भी उपस्थिति रही। बैठक में उपस्थित नेताओं ने दिल्ली में प्रस्तावित रैली को सफल बनाने के लिए संगठनात्मक एकजुटता और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। इस दौरान पार्टी की आगामी रणनीति, जनसंपर्क और रैली में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया।
कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य विजय शंकर, जिला प्रवक्ता धर्मवीर कुमार सहित कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के माध्यम से पार्टी नेताओं ने संगठन को मजबूत बनाने और आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया।

अर्नव के असर से मौसम का बदला मिजाज, किसानों की बढ़ी चिंता

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। चक्रवाती तूफान अर्नव के प्रभाव से मौसम ने अचानक करवट ले ली है। मौसम में आए बदलाव और प्रतिकूल परिस्थितियों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। धान की तैयार हो रही फसलों पर इसका प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। कई किसानों के लिए मौसम का यह बदलाव परेशानी का सबब बन गया है।अचानक बदले मौसम के साथ तापमान में गिरावट महसूस की जा रही है और ठंड का असर भी धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। मौसम के बदले मिजाज से आम जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है। खासकर खेती-किसानी पर इसका असर चिंता का विषय बना हुआ है।किसानों को अब मौसम के अनुकूल होने का इंतजार है, ताकि धान की फसल को संभावित नुकसान से बचाया जा सके। ऐसे में मौसम की स्थिति पर नजर रखना और षि विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार फसलों की देखभाल करना जरूरी हो गया है।

कूड़ा उठाव नहीं होने से ग्रामीण परेशान

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। प्रखंड के पूर्वी इंद्ररुख पंचायत अंतर्गत हलीमपुर गांव के शिवाजी चौक पर घर-घर से कूड़े का उठाव नहीं होने के कारण ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। कचरा उठाव की समुचित व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीण मंदिर और महापुरुषों की प्रतिमाओं के स्थल के समीप कूड़ा-कचरा फेंकने को मजबूर हैं। इससे धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।सरकार शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण इलाकों तक स्वच्छता अभियान के तहत विभिन्न योजनाएं चला रही है। इसके बावजूद हलीमपुर गांव में कचरा उठाव की व्यवस्था सुचारु नहीं होने से स्वच्छता अभियान का उद्देश्य पूरा होता नहीं दिख रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नियमित कूड़ा उठाव नहीं होने से गांव में गी की समस्या बनी हुई है।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले में हस्तक्षेप कर कूड़ा उठाव की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश देने की मांग की है, ताकि गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।

पटना के मेड स्टार अस्पताल में अनुभवी चिकित्सक दंपती की सेवाओं से मरीजों के बीच बनी खास पहचान

सोनपुर (एन एसबी) बिहार की राजधानी पटना में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सकों की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण रही है। इसी क्रम में पटना के बेऊर जेल के समीप स्थापित मेड स्टार अस्पताल और चिकित्सक दंपती ड़ सुजीत एवं ड़ शिखा वर्मा की चिकित्सा सेवाओं को लेकर चर्चा सामने आई है। दोनों चिकित्सक अपने-अपने कार्यक्षेत्र में अनुभव रखने वाले बताए जाते हैं। मरीजों के प्रति उनका व्यवहार, उनकी चिकित्सा विशेषज्ञता और जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रयासों की सराहना करने वाले लोगों की भी चर्चा है।
पटना निवासी ड़ सुजीत एनएमसीएच, पटना में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनकी पत्नी ड़ शिखा वर्मा भी चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत रही हैं। ड़ सुजीत को हड्डी एवं जोड़ रोगों के उपचार के क्षेत्र में अनुभव प्राप्त है, जबकि ड़ शिखा वर्मा प्रसूति एवं मातृत्व संबंधी चिकित्सा सेवाओं से जुड़ी हैं। परिजनों एवं शुभचिंतकों के सहयोग से पटना में बेऊर जेल के समीप मेड स्टार नामक अस्पताल की स्थापना की गई। अस्पताल का उद्घाटन तत्कालीन कार्यक्रम में मंत्री श्री रामपाल यादव के हाथों हुआ। इस अस्पताल की स्थापना का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर लोगों को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक पहल के रूप में देखा गया।
जानकारी के मुताबिक, ड़ सुजीत का स्थानांतरण एनएमसीएच, पटना से श्री राम जानकी मेडिकल कलेज एवं अस्पताल, समस्तीपुर में हुआ, जहां वे अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वहीं, ड़ शिखा वर्मा वर्तमान में सदर अस्पताल, जहानाबाद में कार्यरत हैं। सरकारी अस्पताल में ड़ सुजीत उपलब्ध हैं, तो हड्डी एवं जोड़ संबंधी समस्याओं से परेशान अनेक मरीज उपचार के लिए पहुंचते थे। मरीजों की संख्या अधिक होने पर लंबी कतारें लगने की बात भी कही जाती है। ड़ सुजीत अपने कार्यकाल के दौरान एक दिन में लगभग 100 से 200 मरीजों को देखते थे। इसके बावजूद, मरीजों की बड़ी संख्या में पहुंचने और उनसे जुड़े अनुभवों की चर्चा यह संकेत देती है कि सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में अनुभवी चिकित्सकों की उपलब्धता आम लोगों के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए सरकारी अस्पतालों में समय पर उचित परामर्श और उपचार की सुविधा काफी राहत प्रदान करती है। चिकित्सा केवल रोग की पहचान और दवाइयां देने तक सीमित नहीं है। मरीज की परेशानी को समझना, उसकी बात ध्यानपूर्वक सुनना और उसे भरोसा दिलाना भी उपचार प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ड़ सुजीत के संबंध में कुछ मरीजों एवं स्थानीय लोगों की ओर से उनके व्यवहार और गरीब-असहाय लोगों के प्रति संवेदनशीलता की सराहना किए जाने की बात सामने आई है। ऐसे अनुभवों के आधार पर उन्हें जरूरतमंद मरीजों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार रखने वाला चिकित्सक बताया जाता है। महिलाओं के स्वास्थ्य, गर्भावस्था के दौरान देखभाल और सुरक्षित प्रसव की व्यवस्था किसी भी स्वास्थ्य प्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सकों की उपलब्धता महिलाओं और उनके परिवारों के लिए विशेष महत्व रखती है। ड़ शिखा वर्मा प्रसूति एवं मातृत्व संबंधी सेवाओं से जुड़ी चिकित्सक हैं। वे सोनपुर अनुमंडल अस्पताल में कार्यरत रही हैं और वर्तमान में सदर अस्पताल, जहानाबाद में सेवाएं दे रही हैं। उनकी चिकित्सा सेवाओं को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चा होने की बात कही गई है। चिकित्सा जगत में चिकित्सक का व्यवहार मरीज के अनुभव को प्रभावित करता है। बीमारी के कारण मरीज की शारीरिक परेशानी के साथ मानसिक तनाव और चिंता से भी गुजरते हैं। ऐसे में चिकित्सक का धैर्यपूर्वक उनकी बात सुनना और उपचार के बारे में स्पष्ट जानकारी देना महत्वपूर्ण होता है। ड़ सुजीत और ड़ शिखा वर्मा के संबंध में उपलब्ध विवरण में उनके मृदुभाषी स्वभाव और मरीजों की समस्याओं को समझने की क्षमता की सराहना किए जाने का उल्लेख है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार भी मरीज की स्थिति को समझना, उसकी परेशानियों को ध्यान से सुनना और उपचार के विकल्पों की जानकारी देना बेहतर चिकित्सकीय संवाद के आवश्यक पहलू हैं। सरकारी अस्पतालों में बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में चिकित्सकों पर मरीजों को उचित समय देने, उनकी समस्याओं का आकलन करने और उपलब्ध संसाधनों के भीतर बेहतर उपचार सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी होती है। हड्डी एवं जोड़ रोगों से संबंधित समस्याएं हों या गर्भावस्था और प्रसव के दौरान चिकित्सा देखभाल, दोनों ही क्षेत्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की भूमिका अहम है। अनुभवी चिकित्सकों की उपलब्धता से मरीजों को उचित परामर्श प्राप्त करने में सहायता मिल सकती है। ड़ सुजीत और ड़ शिखा वर्मा से जुड़ी यह कहानी चिकित्सा सेवाओं, चिकित्सक-मरीज संबंधों और सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं के महत्व पर ध्यान आकर्षित करती है।


डा. सुजीत।

डा. शिखा वर्मा।


श्री राम जानकी मेडिकल कलेज एवं अस्पताल, समस्तीपुर।

संक्षिप्त खबरें

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' कार्यक्रम के तहत जमालपुर विधानसभा स्तरीय प्रबुद्धजनों एवं बुद्धिजीवियों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्राण रंजन विकास ने की।
कार्यक्रम का मुख्य विषय एसआईआर पर संवाद रहा, जिसमें मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया और इसके महत्व को लेकर विचार-विमर्श किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी विकास सिंह तथा बिहार विधान परिषद सदस्य लालमोहन गुप्ता उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष शंभुशरण राय, सपना मेहता, जिला महामंत्री निशुतोष कुमार यादव एवं विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक समीर कुमार ने शिरकत की।संवाद कार्यक्रम में एसआईआर को लेकर प्रबुद्धजनों और बुद्धिजीवियों के विचारों को प्रमुखता से रखा गया। वक्ताओं ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने, मतदाता सूची को पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने तथा नागरिकों में चुनावी प्रक्रिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर चर्चा की। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के जागरूक एवं बुद्धिजीवी वर्ग के साथ सीधा संवाद स्थापित कर लोकतंत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान करना रहा।इस अवसर पर भाजपा के विभिन्न मंडलों के अध्यक्षों में वीरेंद्र कुमार भुट्टो, शंकर सिंह, मनीष दयाल गोस्वामी एवं चंद्रचूड़ साक्षी, राजीव कुमार सहित पार्टी के सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यक्रम में पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। संवाद के माध्यम से एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जनजागरूकता बढ़ाने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।


संवाद कार्यक्रम करते भाजपा।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

छपरा। मांझी थाना क्षेत्र के ताजपुर पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान भभौली गांव निवासी रामायण यादव के 40 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार यादव के रूप में हुई है। वह अपने पीछे पत्नी समेत आठ और दस वर्ष के दो पुत्रों को छोड़ गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, नीरज गांव में ही जनरल स्टोर,किराना की दुकान चलाते थे। शुक्रवार को दुकान के लिए सामान खरीदने ताजपुर गए थे। सामान लेकर बाइक से घर लौटने के दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मांझी पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। वहीं, ग्रामीणों ने पुलिस से घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर अज्ञात वाहन की पहचान करने की मांग की है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जनगणना 2027 दूसरे चरण की जनसंख्या परिगणना का प्रशिक्षण शुरू

छह नवंबर तक चार चरणों में 121 अधिकारी व कर्मी सीखेंगे लोगों की गणना की तकनीक

छपरा सदर। जनगणना 2027 के दूसरे चरण की तैयारियों को गति देने के लिए सारण जिले में शुक्रवार से अधिकारियों और कर्मियों का प्रशिक्षण शुरू हो गया। शहर के जिला अतिथि गृह (सर्किट हाउस) सभागार में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी सह प्रधान जनगणना अधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जनगणना को लेकर अब तक की जा रही कार्रवाई भूमिका और मुख्य जनगणना के तैयारी थी। वास्तविक कार्य द्वितीय चरण में जनसंख्या परिगणना होगी। इसमें लोगों की संख्या उनकी सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक स्थिती आदि को देखा जाएगा। जनगणना देश के विकास की दिशा तय करने वाला एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय महापर्व है। जिले में चल रही विभिन्न योजना, आयोजन और गतिविधियों के बावजूद आप सभी को प्रशिक्षण में बुलाया गया है। इससे इसकी गम्भीरता को समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस बार होने वाली जनगणना भारत की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना है। इसके लिए बनाए गए विशेष पोर्टल, जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली को गंभीरता से सीखें तथा प्रशिक्षण के दौरान व्यावहारिक अभ्यास अवश्य करें। सम्भवतः जनवरी और फरवरी माह में इसे पूर्ण किया जाना है। उन्होंने कहा कि जितना बेहतर प्रशिक्षण होगा, उतना ही सटीक और व्यवस्थित तरीके से जनगणना कार्य संपन्न हो सकेगा। उन्होंने शाम में प्रशिक्षण के क्षमतावर्द्धन की जांच परीक्षा आयोजित करने का निदेश अपर जिला जनगणना अधिकारी सह डीआईओ तारणी कुमार को दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण आगामी छह नवंबर तक चार चरणों में प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इसमें कुल 121 अधिकारी और कर्मचारी शामिल होंगे। प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 9रू30 बजे से शाम 6रू15 बजे तक चलेगा। निदेशालय स्तर से प्रतिनियुक्त जिला नोडल अदिति आनंद और सहयोगी आयुषी सिंह सह मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिया।

'पहला चरण रू 30 और 31 अक्टूबर'

पहले चरण में 36 अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें जिला जनगणना अधिकारी सह अपर समाहर्ता मुकेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी निशांत किरण, अपर प्रधान जनगणना अधिकारी सह नगर आयुक्त, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अंजनी कुमार लाल, अनुमंडल पदाधिकारी नीतेश कुमार के साथ अमनौर, बनियापुर, छपरा सदर, दरियापुर, दिघवारा, एकमा, गरखा, इसुआपुर, जलालपुर, लहलादपुर, मकेर, मांझी, मढ़ौरा, मशरक, नगरा, पानापुर, परसा, रिविलगंज, सोनपुर और तरैया के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह चार्ज अधिकारी तथा नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी सह चार्ज अधिकारी शामिल हो रहे हैं।

'दूसरा चरण रू एक और दो नवंबर'

दूसरे चरण में 21 कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें नगर निगम, छपरा के सहायक चार्ज अधिकारी तथा सारण जिले के सभी 20 ग्रामीण क्षेत्रों के सहायक चार्ज अधिकारी शामिल होंगे। विशेष रूप से सोनपुर नगर परिषद और सभी नगर पंचायत के सहायक चार्ज अधिकारी शामिल होंगे।

'तीसरा चरण रू तीन और चार नवंबर'

तीसरे चरण में 32 कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें जिला स्तर के दो नियमित लिपिक, सभी प्रखंड स्तर के एक-एक नियमित सहायक लिपिक तथा सभी नगर निकायों के एक-एक नियमित सहायक लिपिक शामिल होंगे।

'चौथा चरण रू पांच और छह नवंबर'

अंतिम चरण में 32 तकनीकी सहायकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें जिला स्तर के दो तकनीकी सहायक, सभी प्रखंड स्तर के एक-एक तकनीकी सहायक तथा सभी नगर निकायों के एक-एक तकनीकी सहायक शामिल होंगे। आदेश के अनुसार, सभी तकनीकी सहायकों को प्रशिक्षण के दौरान अपना लैपटप साथ लाना होगा।

'पूरा हो चुका है मकान सूचीकरण'

जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य पूरा हो चुका है। इसके तहत 17 अप्रैल से एक मई 2026 तक स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। वहीं, दो मई से 31 मई 2026 तक प्रगणकों ने घर-घर जाकर मकानों की सूची तैयार की और संबंधित जानकारियां एकत्र कीं।

संक्षिप्त खबरें

पूर्व जिला पार्षद दिलीप कुमार सिंह के पिता का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

विद्यापतिनगर एनएसबी। प्रखंड के बाजिदपुर बमौरा निवासी पूर्व जिला पार्षद सह भाजपा नेता दिलीप कुमार सिंह के पिता धीरन सिंह का बीते दिन निधन हो गया। वे करीब 95 वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर अंतिम दर्शन किए और श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। धीरन सिंह ने अपना पूरा जीवन सामाजिक कार्यों में व्यतीत किया। वे अपने पीछे पूर्व जिला पार्षद सह भाजपा नेता दिलीप कुमार सिंह, शिक्षक पुत्र अभिमन्यु कुमार सिंह सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन से परिवार के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों में भी शोक व्याप्त है। उनके निधन पर मुखिया मुकेश कुमार, रंजीत चौरसिया, शिक्षक नेता कैलाश राय, रमेश रजक, जयराज पासवान, मनोज कुमार सहित अन्य लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य रखने की कामना की।

लगातार बारिश और हल्की हवा से बढ़ी ठंड, जनजीवन प्रभावित

दो दिनों से सूर्य के दर्शन नहीं, घरों में दुबके लोग; किसानों और पशुपालकों की बढ़ी चिंता

विद्यापतिनगर एनएसबी । प्रखंड क्षेत्र में लगातार रुक-रुक कर हो रही बारिश और हल्की हवा चलने से ठंड का असर बढ़ने लगा है। बदलते मौसम के कारण लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हो गई है। आसमान में लगातार बादल छाए रहने से पिछले दो दिनों से लोगों को सूर्य के दर्शन तक नहीं हुए हैं। बारिश और ठंड के चलते अधिकांश लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं। वहीं, जरूरी काम से घरों से निकलने वाले लोग भी गर्म कपड़ों का सहारा लेकर किसी तरह अपने काम निपटा रहे हैं। खराब मौसम का असर किसानों और पशुपालकों पर भी पड़ने लगा है। धान की फसल को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है। वहीं, लगातार बारिश के कारण पशुओं के लिए हरे चारे की उपलब्धता और उसे जुटाने में पशुपालकों को परेशानी हो रही है। सड़कों पर वाहनों और राहगीरों की आवाजाही सामान्य दिनों की अपेक्षा कम देखी जा रही है। सरकारी कार्यालयों में भी लोगों की आवाजाही कम हो गई है। बढ़ती ठंड को देखते हुए लोगों ने मोटे और ऊनी कपड़ों का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। बारिश और ठंड का असर स्कूलों में भी देखने को मिल रहा है, जहां छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में कमी आई है। मौसम के बदले मिजाज से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। अब लोगों को बारिश थमने और आसमान साफ होने के साथ धूप निकलने का बेसब्री से इंतजार है।

प्रखंड नाजिर चंदन कुमार के स्थानांतरण पर भावभीनी विदाई, बीडीओ व कर्मियों ने दी शुभकामनाएं

विद्यापतिनगर एनएसबी। प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित प्रखंड नाजिर चंदन कुमार के स्थानांतरण पर विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में प्रखंड विकास पदाधिकारी मो महताब अंसारी सहित प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के कर्मियों ने उन्हें सम्मानित करते हुए उनके कार्यकाल की सराहना की। इस



अवसर पर बीडीओ ने कहा कि सरकारी सेवा में स्थानांतरण एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन अपने कार्यों, व्यवहार और सहयोग की बदौलत कर्मचारी सहकर्मियों के बीच विशेष पहचान बना लेते हैं। चंदन कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया और कार्यालय के कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं, सहकर्मियों ने उनके साथ बिताए कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए उनके सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और कार्य के प्रति समर्पण की प्रशंसा की। विदाई के दौरान बीडीओ ने मिथिला पाग माला व मोमेंटो भेंट सम्मानित किया। वही कर्मियों ने उन्हें अंगवस्त्र एवं उपहार देकर कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य और नई जिम्मेदारी के सफल निर्वहन की कामना की। समारोह का माहौल भावुक हो गया। मौके पर बीसीओ अजय कुमार, प्रधानलिपिक चंद्रप्रकाश लाल, मुकेश कुमार पाठक, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

हर बच्चे का बचपन हम सब की जिम्मेदारी - अनुज कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी

■ संत जेवियर्स स्कूल, दलसिंहसराय के परिसर में सुरक्षित बचपन अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित।

दलसिंहसराय, एनएसबी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेर्शानुसार अनुमंडल विधिक सेवा समिति, दलसिंहसराय के सौजन्य से गुरुवार को संत जेवियर्स स्कूल, दलसिंहसराय में सुरक्षित बचपन अभियान के तहत पोस्को एक्ट पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । विधिक जागरूकता शिविर में अनुज कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी, पैनल अधिवक्ता प्रभात कुमार मिश्र ने पोक्सो एक्ट पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए बच्चों को जागरूक करते हुए जागरूकता, सुरक्षा और संरक्षण हर बच्चे का अधिकार की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि हर बच्चे का बचपन हम सब की जिम्मेदारी है । मुख्य वक्ता अनुज कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी ने बच्चों को गुड टच- बैड टच, व्यक्तिगत सुरक्षा, ऑनलाइन फ्राड से बचाव व आत्मरक्षा के बारे में जानकारी दिया । उन्होंने यह बताया कि डरें नहीं, चुप नहीं रहें, और किसी गलत हरकत की जानकारी तुरंत अपने माता पिता, शिक्षक या पुलिस को दें। पैनल अधिवक्ता प्रभात कुमार मिश्र ने निःशुल्क कानूनी सहायता व हेल्पलाइन नबरों की जानकारी दिया ।कार्यक्रम के मौके पर विद्यालय के निदेशक विजय कुमार चौधरी, प्राचार्य उज्जवल कुमार गौतम, उप प्राचार्य ऋषि कुमार , अवधेश पाठक, रिजवान अहमद, रंजीत कुमार ठाकुर, अनुराग कुमार चौधरी, हेमंत कुमार झा, कृष्ण मोहन झा, मनीषा कुमारी, अभिषेक कुमार मिश्रा , निशा वर्मा, प्रज्ञा भारती, संगीता कुमारी, नीता गोस्वामी, अमीषा कुमारी, दीपक कुमार, अविनाश कुमार आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद थे। विधिक सेवा कर्मी गंगेश झा, पारा विधिक स्वयं सेविका रानी कुमारी इत्यादि सहित सैकड़ों विद्यार्थीगण सम्मिलित हुए ।

द्वितीय चरण की जनगणना को लेकर प्रभारी अधिकारियों की जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण आरंभ

समस्तीपुर एनएसबी । भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण हेतु समस्तीपुर जिला में जिला स्तरीय पदाधिकारीयों, अनुमंडल प्रभारी अधिकारीयों तथा प्रखंड एवं शहरी प्रभारी अधिकारीयों एवं उनके तकनीकी सहायकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण जिला स्तर पर चार (04) बैच में निर्धारित किया गया है । जिसमें शुक्रवार को प्रथम बैच का प्रशिक्षण आरंभ हुआ। प्रधान जनगणना अधिकारी सह जिला पदाधिकारी रौशन कुमार के निदेर्शानुसार जिला जनगणना अधिकारी सह अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में अपर जिला जनगणना अधिकारी सह जिला सांख्यिकी पदाधिकारी



अशोक कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार एवं जनगणना कार्य निदेशालय पटना से आये प्रशिक्षक सुमन सिन्हा & अन्नु गुप्ता द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात अपर जिला जनगणना अधिकारी सह जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने पौधा देकर जिला जनगणना अधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी का स्वागत किया। अपने संबोधन में जिला जनगणना अधिकारी ब्रजेश कुमार ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को उपलब्ध कराये गये पीई मैनुअल का गहन अध्ययन करने एवं प्रशिक्षक द्वारा दिये जाने वाले प्रशिक्षण को गहनता से आत्मसात हेतु निर्देशित किया। वहीं अपर जिला जनगणना अधिकारी अशोक कुमार ने प्रथम चरण की छोटीझछोटी गलतियों से सीख लेकर पुनरावृत्ति से बचने एवं जनगणना के महत्व की विस्तृत जानकारी दिया। जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी द्वारा कार्य के दौरान आने वाली तकनीकी समस्याओं के संबंध में जानकारी दी गई । साथ ही अनुमंडल जनगणना अधिकारी समस्तीपुर सदर एवं दलसिंहसराय ने कार्य के दौरान होने वाले त्रुटि एवं समाधान के विषय में जानकारी दी।

लोटस वैली स्कूल में सुरक्षित बचपन अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट एवं बाल सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

दलसिंहसराय एनएसबी।बच्चों के सुरक्षित, संरक्षित एवं भयमुक्त भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से अनुमंडल विधिक सेवा समिति, दलसिंहसराय के सौजन्य से शुक्रवार को लोटस वैली स्कूल परिसर में ह्यसुरक्षित बचपन अभियानह्ल के तहत पॉक्सो एक्ट 2012 पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा, लैंगिक अपराधों से बचाव एवं कानूनी संरक्षण के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राकेश रंजन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि "हर बच्चे को सुरक्षित वातावरण मे जीने, सीखने औऱ आगे बढ़ने का अधिकार है।" उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा, सम्मान और संरक्षण केवल परिवार की ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए बच्चों को जागरूक करना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाना बेहद जरूरी है।

उन्होंने पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को गुड टच-बैड टच, व्यक्तिगत सुरक्षा, आत्मरक्षा तथा ऑनलाइन फ्रॉड एवं साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने बच्चों को निर्भीक होकर अपनी बात रखने की सीख देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की गलत हरकत, शोषण या असहज स्थिति का सामना करने पर डरें नहीं, चुप न रहें और इसकी जानकारी तत्काल अपने माता-पिता, शिक्षक अथवा पुलिस को दें। आपकी चुप्पी अपराध करने वालों का मनोबल बढ़ा सकती है। वहीं, पैनल अधिवक्ता प्रभात कुमार मिश्र ने पॉक्सो एक्ट के कानूनी प्रावधानों एवं बच्चों को प्राप्त विधिक अधिकारों की जानकारी देते हुए निःशुल्क कानूनी सहायता की प्रक्रिया और विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया। शिवानी नंदनी, उपनिरीक्षक, दलसिंहसराय ने भी बच्चों को पोक्सो एक्ट की जानकारी देते हुए कहा कि अगर किसी के साथ कुछ गलत हरकत होती हैं तो उसकी जानकारी आप टोल फ्री नंबर के साथ नजदीकी पुलिस स्टेशन मे दे। पुलिस हर समय आपके अधिकारों के रक्षा के लिए तैयार हैं।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी बाल सुरक्षा एवं कानूनी अधिकारों से संबंधित जानकारियां प्राप्त कीं। इस कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक दिनेश कुमार सिंह, चेयरमैन राजीव रंजन, सचिव मनीष रंजन, प्राचार्य रुपेश रंजन, उप प्राचार्य प्रीतिका तावांग, रंधीर, संजय शरण, लालबाबू, रूपम सिंह, गौरी कुमारी, स्मिता सहित विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं एवं विधिक सेवा कर्मी गंगेश झा, पारा विधिक स्वयंसेविका रानी कुमारी, शोएब रब्बानी, न्यायालय कर्मी सहित सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

सुरक्षित बचपन अभियान' के तहत विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (बाल्सा) के निर्देश पर चल रहे सुरक्षित बचपन अभियान के तहत शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार समस्तीपुर के द्वारा शम्भूपट्टी स्थित पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अखौरी नील किशोर सिन्हा व मंच संचालन आशा सेवा संस्थान के सचिव अमित कुमार वर्मा ने किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो अधिनियम, 2012) के प्रावधानों, उनके विधिक अधिकारों, 'गुड टच एवं बैड टच' के अंतर तथा आत्मसुरक्षा के उपायों के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान जेजेबी सदस्य निर्भय कुमार ने बच्चों से कहा कि आप अपने शरीर के स्वयं मालिक हैं। अगर आपका कोई सम्बन्धी भी आपको बैड टच करता है या करने कि कोशिश करता है तो उसका विरोध करें, और अपने अभिभावक व शिक्षक को इसकी जानकारी दें। वहीं सीडब्लूसी अध्यक्ष रंजू कुमारी ने कहा कि मानसिक और शारीरिक रूप से सुरक्षित वातावरण बच्चों का बुनियादी अधिकार है। किसी भी तरह के दुर्व्यवहार या असहज स्थिति में बच्चों को संकोच छोड़कर तुरंत अपने अभिभावकों, शिक्षकों या समिति से संपर्क करना चाहिए। समाज को भी बच्चों के प्रति संवेदनशील और सजग रहने की जरूरत है। कपूर्रीग्राम थाना की एसआई पूजा कुमारी ने कहा कि पुलिस प्रशासन बच्चों की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। बच्चों को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1098 चाइल्डलाइन और 112 की जानकारी होनी चाहिए, ताकि किसी भी खतरे की आशंका पर तत्काल सहायता प्राप्त की जा सके। पैनल अधिवक्ता रूपम कुमारी जायसवाल ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार का उद्देश्य हर बच्चे तक न्याय और विधिक सहायता सुलभ कराना है। यदि किसी बच्चे के अधिकारों का हनन होता है, तो विधिक सेवा प्राधिकार उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता और परामर्श उपलब्ध कराता है। वहीं प्राचार्य ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास और उनकी सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपने अधिकारों व सुरक्षा को लेकर जागरूक बनते हैं। अंत में शपथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप प्राचार्य चन्दन कुमार, पारा विधिक स्वयंसेवक विजय कुमार, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षकेतर कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

एसडीओ ने की भरण-पोषण से संबंधित मामलों की सुनवाई

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार के नेतृत्व में माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान कुल 10 मामले प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 07 मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया। वहीं, शेष 03 मामलों के संबंध में संबंधित पक्षों को अगली सुनवाई के लिए नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। इस सुनवाई का मुख्य उद्देश्य माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण, सम्मान तथा अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना और उनसे संबंधित समस्याओं का संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ समाधान करना था। अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने ऐसे मामलों में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए समयबद्ध कार्रवाई की महत्ता पर बल दिया, ताकि जरूरतमंद माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों को त्वरित न्याय मिल सके तथा उनके सम्मानपूर्ण जीवनयापन के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित हो सके। प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के प्रति संवेदनशील एवं उत्तरदायी व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा उनके हितों का संरक्षण सुनिश्चित करना है।

जर्जर विद्यालय भवन पर मंडराया हादसे का खतरा, रसोईघर की दीवारें गिरीं; बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क

चिंगिया बांध निर्माण के दौरान मशीनों के कंपन से भवन को नुकसान पहुंचने की आशंका, भवन निर्माण विभाग की एसडीओ प्रियंका कुमारी ने किया निरीक्षण

विद्यापतिनगर एनएसबी । प्रखंड क्षेत्र के वाजिदपुर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के जर्जर भवन की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने गंभीरता दिखाई है। बच्चों की सुरक्षा और संभावित हादसे की आशंका को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर भवन निर्माण विभाग की एसडीओ प्रियंका कुमारी विद्यालय पहुंचीं और पूरे भवन का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के चारों ओर घूमकर भवन की जर्जर स्थिति का जायजा लिया।गौरतलब है कि विद्यालय भवन के ठीक पीछे चिंगिया बांध का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी भराई के लिए भारी मशीनों के इस्तेमाल और कंप्रेसर से उत्पन्न कंपन के कारण पहले से जर्जर विद्यालय भवन को और नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। बताया जाता है कि विद्यालय भवन से सटाकर मिट्टी की भराई की गई है। वहीं, भवन के ठीक सटे रसोईघर की दीवारें भी गिर चुकी हैं। गनीमत रही कि इस दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि मशीनों के लगातार कंपन से भवन के और क्षतिग्रस्त होने तथा गिरने का खतरा बना हुआ है। ऐसी स्थिति में विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की जान पर भी खतरा उत्पन्न हो सकता है।संभावित खतरे को देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने एहतियाती कदम उठाते हुए विद्यालय को फिलहाल बंद कर दिया है। साथ ही विद्यालय के बच्चों और शिक्षक-शिक्षिकाओं को दो अलग-अलग विद्यालयों में शिफ्ट कर दिया गया है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। इसी मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर भवन निर्माण विभाग की एसडीओ प्रियंका कुमारी ने विद्यालय पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय मुखिया मुकेश कुमार, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार जसवाल उर्फ बिट्टू भी मौजूद थे। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि विद्यालय के जर्जर भवन की मरम्मत अथवा नए भवन के निर्माण को लेकर प्रशासन कब तक ठोस कदम उठाता है? बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द उचित कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि विद्यालय में सुरक्षित माहौल में पठन-पाठन की व्यवस्था दोबारा शुरू हो सके।

मुसरीघरारी में पुलिस मुठभेड़, दो गिरफ्तार

गोली लगने से एक आरोपी घायल, पिस्टल, कारतूस व बाइक बरामद

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के गंगापुर में बुधवार शाम पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में मनीष कुमार के पैर में गोली लगी। वहीं, पुलिस ने दिलीप राय को भी गिरफ्तार कर लिया। मौके से एक पिस्टल, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा, दो मोबाइल और एक बाइक बरामद की गई। पुलिस के अनुसार, 29 अक्टूबर की शाम करीब 7:15 बजे एसटीएफ, डीआईयू और मुसरीघरारी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने गंगापुर उच्च विद्यालय के पास एक गाछी में छापेमारी की थी। पुलिस को देखते ही आरोपियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में मनीष घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया।

दलसिंहसराय में 16वें शारदीय नवरात्र महोत्सव सह चतुर्थ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारी तेज

1 नवंबर को होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह

दलसिंहसराय नगर एनएसबी। विजुअल आर्ट फाउंडेशन, दलसिंहसराय द्वारा आयोजित 16वें शारदीय नवरात्र महोत्सव सह चतुर्थ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही हैं। इसी क्रम में होटल अनन्या रेसीडेंसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा एवं आयोजन के उद्देश्यों की जानकारी साझा की गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मो० सुलेमान ने बताया कि आगामी 1 नवंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर देशभर में कला, संस्कृति एवं सामाजिक गतिविधियों के क्षेत्र में योगदान देने वाले लोगों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जाएगा। विजुअल आर्ट फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष प्रो० (डॉ.) संजीव प्रकाश एवं सचिव उत्सव जयसवाल ने आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य कला एवं संस्कृति को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक योगदान देने वाले लोगों को पहचान और सम्मान प्रदान करना है। समारोह के दौरान दुर्गा पूजा और कृष्ण पूजा समितियों, प्रतिभाशाली कलाकारों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस पहल के माध्यम से स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय लोगों के बीच आपसी समन्वय एवं सांस्कृतिक संवाद को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज देशभर में कला एवं संस्कृति से जुड़ी अनेक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। ऐसे में दलसिंहसराय में आयोजित यह महोत्सव कला, संस्कृति, सामाजिक सहभागिता और सम्मान की भावना को एक मंच पर जोड़ने की विशेष पहल है। यह आयोजन क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने के साथ-साथ कला एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े लोगों को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मौके पर सज्जन कुमार, वार्ड पार्षद बलराम पंडित, आलमगीर अंसारी, शैलेश कानू, प्रेम कुमार,मोती कुमार, सुनील कुमार, रूपक कौशल, कुणाल गुप्ता, अमित प्रकाश, चंदन चौधरी , जिगर गुप्ता उपस्थित थे। आयोजकों ने सभी पूजा समितियों, कलाकारों, पत्रकारों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स से इस आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की है।

समस्तीपुर के 10 प्रखंडों में बाल संरक्षण समितियों को किया जा रहा सशक्त, बाल विवाह और बाल श्रम रोकने पर जोर

गांव से पंचायत स्तर तक बच्चों की सुरक्षा के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान

समस्तीपुर/एनएसबी। बच्चों को बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण और मानव तस्करी जैसी घटनाओं से बचाने के लिए समस्तीपुर जिले के 10 प्रखंडों में बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों के गठन और सक्रियकरण की पहल की गई है। इसके तहत गांव और पंचायत स्तर पर समितियों को सशक्त बनाने के साथ बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया।

जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र, और जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के संयुक्त प्रयास से जिला पंचायती राज विभाग, जिला प्रशासन और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से यह अभियान चलाया गया। दो अक्टूबर गांधी जयंती से 28 अक्टूबर तक चले इस अभियान के तहत आकांक्षी प्रखंड हसनपुर और खानपुर के अलावा विद्यापतिनगर, मोहीउद्दीन नगर, मोहनपुर, पटोरी, मोरवा, सरायरंजन, पूसा और समस्तीपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों को शामिल किया गया। भारत सरकार के ह्यसुरक्षित बाल ग्राम के लिए सुरक्षित बचपनह्ल अभियान के तहत इस पहल का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा बाल संरक्षण के लिए सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। जवाहर ज्योति बाल विकास केंद्र के संस्थापक सचिव सह बाल अधिकार कार्यकर्ता सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा, उनके



अधिकारों, पॉक्सो अधिनियम-2012 और ऑनलाइन सुरक्षा को लेकर व्यापक जनजागरूकता जरूरी है। बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने और उनके विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए सभी संबंधित पक्षों को मिलकर काम करना होगा।

काजल राज ने बताया कि बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों का गठन जिला, प्रखंड, पंचायत और वार्ड स्तर पर किया गया है। जिला स्तर पर जिलाधिकारी, प्रखंड स्तर पर प्रखंड प्रमुख, पंचायत स्तर पर मुखिया और वार्ड स्तर पर वार्ड सदस्य पदेन अध्यक्ष होते हैं।

संस्था के प्रशासनिक पदाधिकारी पप्पू यादव ने कहा कि बच्चों के साथ होने वाली घटनाओं की रोकथाम के लिए वार्ड सदस्य और मुखिया की सक्रिय भूमिका जरूरी है। उन्होंने जमीनी स्तर पर बाल संरक्षण तंत्र को मजबूत करने और बच्चों से जुड़ी किसी भी घटना पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने पर जोर दिया।

जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र के परियोजना समन्वयक अविनाश कुमार के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रखंडों में बाल संरक्षण समितियों को सक्रिय करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके तहत हसनपुर में कुमारी स्नेहा, खानपुर में बलराम चौरसिया, विद्यापतिनगर में ललिता कुमारी, मोहीउद्दीन नगर में निवेदिता आनंद, मोहनपुर में संगीता कुमारी, पटोरी में पल्लवी लता, मोरवा और पूसा में विभा कुमारी तथा सरायरंजन में खुशबू कुमारी को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, समस्तीपुर प्रखंड में चंचला कुमारी, शोभानंद सिंह और मयंक कुमार सिन्हा इस अभियान से जुड़े हैं। सभी संबंधित कर्मी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर स्थानीय मुखिया और वार्ड सदस्यों से संपर्क करेंगे।

पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर संपन्न हुआ ग्रीन जनरेशन 2026 कार्यक्रम

गयाजी (एनएसबी)। काउंसिल ऑफ मगध वूमेन एम्पावरमेंट के तत्वावधान में शुक्रवार को मगध हायर सेकेंडरी स्कूल, गांधीजी नगर, कुजापी, गयाजी में एक दिवसीय पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम ह्यग्रीन जनरेशन 2026ह्ल का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य थीम छोटे-छोटे प्रयासों से बड़ा बदलाव और हमारी पृथ्वी के प्रति हमारी जिम्मेदारी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथि वक्ता डॉ. राकेश कांत कमल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों का अभिनंदन किया।



कार्यक्रम में अतिथि वक्ताओं के रूप में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय , दिल्ली के स्कूल ऑफ एनवायरनमेंटल साइंसेज के डॉ. अश्विनी तिवारी, दिल्ली विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. मुकेश महतो, जे ए न यू के स्कूल ऑफ एनवायरनमेंटल साइंसेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. अमित मिश्रा तथा डॉ. राकेश कांत कमल उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने जल संरक्षण, वृक्षारोपण, प्लास्टिक के उपयोग में कमी, कचरा प्रबंधन, ऊर्जा संरक्षण तथा प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विद्यार्थियों को उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि पर्यावरण की सुरक्षा केवल सरकार या किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव अपनाए, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा परिवर्तन संभव है। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष श्री नवीन रंजन एवं सचिव श्रीमती तमकनत मैडम की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच पोस्टर मेकिंग, मॉडल,एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल बचाने, पेड़ लगाने तथा प्लास्टिक मुक्त वातावरण का संदेश दिया। प्रतियोगिता में प्रस्तुत कृतियों का मूल्यांकन कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में वर्ग नवम की निशी कुमारी ने प्रथम, खुशी कुमारी ने द्वितीय तथा ब्यूटी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं उर्जेश कुमार को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। इसके अतिरिक्त वर्ग दशम से आरती कुमारी एवं हर्ष कुमार तथा वर्ग अष्टम से विवेक कुमार को भी उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए चयनित किया गया। सभी चयनित विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों की प्रतिबद्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सामूहिक पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। सभी ने प्रकृति की रक्षा करने, अधिक से अधिक पौधे लगाने, जल एवं ऊर्जा की बचत करने तथा प्लास्टिक के अनावश्यक उपयोग से बचने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन विद्यालय के अंग्रेजी शिक्षक श्री दिवेश कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक श्री सत्येंद्र कुमार , गणेश कुमार एवं श्री दिनु आदर्श भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन डॉ. प्रवीण रंजन गाँधी द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। अंत में राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता, सामाजिक जिम्मेदारी एवं प्रकृति संरक्षण की भावना विकसित करने की दिशा में एक सार्थक पहल प्रस्तुत की। कार्यक्रम का मूल संदेश रहा कि ह्लहर छोटा प्रयास पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम है।

संक्षिप्त खबरें

रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गया के प्रभारी निरीक्षक बनारसी यादव हुए सम्मानित

गयाजी (एनएसबी)। अनंत कुमार राय, भारतीय पुलिस सेवा , पुलिस अधीक्षक, रेल, पटना जिआरपी गया कांड संख्या 254/26 दिनांक-07.10.26 धारा 305(उ) बीएनएस (जहरखुरानी) के सफल उद्भेदन मे राजकीय रेल पुलिस के साथ मिलकर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गया के प्रभारी निरीक्षक बनारसी यादव द्वारा किए गए योगदान के मद्देनजर निरीक्षक प्रभारी गया को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त कांड के सफल उद्भेदन में उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्य, कर्तव्यनिष्ठा एवं सक्रिय भूमिका के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए यह प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उनके इस कार्य से रेलवे क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को प्रोत्साहन मिला है। इस अवसर पर उनके कार्यों की सराहना की गई तथा भविष्य में भी इसी प्रकार निष्ठा, तत्परता एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

एनडी पी एस एक्ट के कांड में संलिप्त एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

गयाजी (एनएसबी)। दिनांक-22-02-2026 को थानाध्यक्ष लुटुआ थाना को सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम सकुवाही डुमरी, डुमरी नाला के पास वन क्षेत्र में अफीम की खेती की जा रही है। उक्त सूचना से वरीय पुलिस पदाधिकारी को अवगत कराते हुए, लुटुआ थानाध्यक्ष, लुटुआ थाना के पुलिस पदाधिकारी/कर्मी एवं सशस्त्र बल के सहयोग से ग्राम सकुवाही डुमरी, डुमरी नाला के पास, वन क्षेत्र में अफीम की खेती को विनष्ट किया गया था। इस संबंध में लुटुआ थाना कांड सं0-15/26, दिनांक-22-02-2026, दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। लुटुआ थाना द्वारा लंबित कांडो में वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष छापामारी अभियान के अन्तर्गत इस कांड में संलिप्त एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में इस कांड में संलिप्त 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम संतोष उर्फ नरेश सिंह भोक्ता, पे० स्व० चरित्र सिंह, सा० छमनिया, थाना लुटुआ जिला गया है

पर्यवेक्षण गृह का हुआ निरीक्षण

गयाजी (एनएसबी)। दिनांक 30.10.2026 को वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण, गया द्वारा पर्यवेक्षण गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पर्यवेक्षण गृह की सुरक्षा व्यवस्था, अभिलेखों के संधारण, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, साफ-सफाई, चिकित्सा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया गया। साथ ही, पर्यवेक्षण गृह में आवासित बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं उनकी देखभाल से संबंधित व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया गया। इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, अभिलेखों का उचित संधारण करने तथा आवासित बच्चों को नियमानुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

धान अधिप्राप्ति की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक



गयाजी। जिले में आगामी 15 नवंबर 2026 से प्रारंभ होने वाली धान अधिप्राप्ति की तैयारियों को लेकर आज जिला पदाधिकारी गया श्री शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में जिला पदाधिकारी ने धान अधिप्राप्ति कार्य को पारदर्शी, सुचारू एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि जिले के सभी पैक्स का रैंडम आधार पर अनिवार्य रूप से सत्यापन कराया जाए। साथ ही सभी पैक्स गोदामों का भौतिक सत्यापन अविलंब सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिप्राप्ति कार्य प्रारंभ होने से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूरी हो सकें। जिला पदाधिकारी ने राइस मिलों के सत्यापन को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सभी राइस मिलरों का निबंधन तेजी से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पैक्स एवं राइस मिलों के बीच टैगिंग की प्रक्रिया पूरी सावधानी एवं व्यवस्थित तरीके से सुनिश्चित की जाए, ताकि धान अधिप्राप्ति एवं उसके प्रसंस्करण में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। बैठक में बताया गया कि जिले में अब तक कुल 2209 किसानों का निबंधन किया जा चुका है। जिला पदाधिकारी ने शेष इच्छुक किसानों का निबंधन तेजी से कराने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देशित किया कि किसान सलाहकारों को लगातार अपने-अपने क्षेत्रों में भेजकर किसानों को धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया के संबंध में जागरूक करें। इसके अतिरिक्त प्रत्येक गांव में किसान चौपाल आयोजित कर किसानों को निबंधन, धान बिक्री एवं अधिप्राप्ति से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाए। गोदामों में आवश्यक आधारभूत सुविधाओं एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जिला पदाधिकारी ने सभी गोदामों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा प्रत्येक गोदाम के समीप धर्मकांटा की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि धर्मकांटों की जांच माप-तौल पदाधिकारी द्वारा अनिवार्य रूप से की जाएगी तथा इसका सत्यापित प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही धान अधिप्राप्ति कार्य में प्रयुक्त होने वाले सभी वाहनों को जीपीएस युक्त रखने का निर्देश दिया गया।

पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के क्रियान्वन को लेकर डीएम ने किया बैठक

अरवल (एनएसबी) जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जिले के अधिकाधिक विद्युत उपभोक्ताओं को योजना का लाभ सुगमतापूर्वक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, अरवल एवं कलेर, श्री मुकुंद कुमार तथा सोलर पैनल अधिष्ठापन से संबंधित वेंडरों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले के इच्छुक विद्युत उपभोक्ताओं को अपने आवासीय परिसरों में रूफटॉप सोलर पैनल अधिष्ठापित कराने में आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना तथा विद्युत विभाग, संबंधित पदाधिकारियों एवं अधिकृत वेंडरों के बीच बेहतर एवं प्रभावी समन्वय स्थापित करना था। जिला पदाधिकारी द्वारा बैठक के दौरान निर्देश दिया गया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक किसी भी विद्युत उपभोक्ता को आवेदन, आवश्यक दस्तावेजों, वेंडर के चयन, सोलर पैनल के अधिष्ठापन, विद्युत कनेक्शन से संबंधित तकनीकी प्रक्रियाओं अथवा अनुदान प्राप्त करने में किसी प्रकार की अनावश्यक कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं वेंडरों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए इच्छुक उपभोक्ताओं को योजना से संबंधित आवश्यक जानकारी, तकनीकी मार्गदर्शन एवं प्रक्रियागत सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि उपभोक्ता अपने घरों पर आसानी से सोलर पैनल अधिष्ठापित कराकर योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। जिला पदाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि विद्युत विभाग एवं संबंधित वेंडर उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु सक्रिय भूमिका निभाएँ तथा आवेदन से लेकर सोलर पैनल के अधिष्ठापन एवं अनुदान प्राप्ति तक की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं सुविधाजनक बनाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।



बैठक करते डीएम।

इंडोर स्टेडियम में हुआ जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन



कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

अरवल (एनएसबी)। जिला स्तरीय युवा उत्सव-2026 का भव्य आयोजन, युवाओं ने कला एवं सांस्कृतिक प्रतिभा का किया प्रदर्शन कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना तथा जिला प्रशासन, अरवल के सयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव-2026 का आयोजन इंडोर स्टेडियम, अस्पल में किया गया। जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस के निदेर्शानुसार आयोजित इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन उप विकास आयुक्त श्री शैलेश कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस वर्ष युवा उत्सव का मुख्य विषय 'विकसित भारत एवं नशा मुक्त भारत रखा गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को अपनी कला, संस्कृति एवं रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करना तथा उनके माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्र निर्माण की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। उद्घाटन समारोह के अवसर पर उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति और उसकी प्रगति के आधार होते हैं। देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ कला, संस्कृति, खेलकूद एवं रचनात्मक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस प्रकार के आयोजन युवाओं की प्रतिभा को निखारने, उनमें आत्मविश्वास विकसित करने तथा अपनी सांस्कृ तिक विरासत से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।उन्होंने युवा प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब युवा अपनी ऊर्जा, ज्ञान, कौशल और रचनात्मक क्षमता का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने नशा मुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर बल दिया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के विकास में बाधक है। युवाओं को स्वयं नशे से दूर रहकर अपने परिवार, मित्रों एवं समाज के अन्य लोगों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। स्वस्थ, जागरूक एवं नशामुक्त युवा ही सशक्त और विकसित भारत की आधारशिला हैं। इस जिला स्तरीय युवा उत्सव में जिले के कुल 30 विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में कुल 94 प्रतिभागियों की सहभागिता रही। इनमें लोक समूह गायन में 52, लोक समूह नृत्य में 32 तथा चित्रकला प्रतियोगिता में 10 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विभिन्न विधाओं में प्रतिभागियों ने अपनी कला, रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक अभिव्यक्ति से उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिताओं के परिणाम निम्नवत रहे लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्लस टू उच्च विद्यालय, जयपुर कलेर। द्वितीय स्थान प्लस टू उच्च विद्यालय, फखरपुर, अरवल। तृतीय स्थान प्लस टू उच्च विद्यालय, किंजर। लोक समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्लस टू उच्च विद्यालय, करपी। द्वितीय स्थान पीएम श्री उच्च विद्यालय, रोहाई। चित्रकला प्रतियोगिता चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्लस टू उच्च विद्यालय, बेलसार, कलेर के प्रतिभागियों ने प्राप्त किया।

कृषि विज्ञान केंद्र लोदीपुर में पीएम-किसान की 24वीं किस्त का हुआ सीधा प्रसारण

मेहंदिया (एनएसबी)। कृषि विज्ञान केंद्र, लोदीपुर में शुक्रवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त हस्तांतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण-सह-कृषक गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान एवं महिला किसानों ने भाग लिया। इस दौरान किसानों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना और किस्त हस्तांतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड कलेर के 20' सूत्री अध्यक्ष ब्रजेन्द्र कुमार सिंह, पंचायत समिति प्रतिनिधि तथा कृषि विज्ञान केंद्र की वरीय वैज्ञानिक डॉ. अनीता कुमारी, सस्य वैज्ञानिक डॉ. बिनोद कुमार सिंह एवं प्रखंड कृषि समन्वयक कलेर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर किसानों को पीएम-किसान सम्मान निधि योजना के महत्व और कृषि क्षेत्र के विकास में इसकी भूमिका की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि यह योजना किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के साथ खेती-किसानी में सहयोग करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। वहीं, खेत बचाओ अभियान के तहत आयोजित कृषक गोष्ठी में मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने और भूमि संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया। किसानों को मिट्टी की जांच कराने, हरी खाद का प्रयोग करने तथा दलहनी फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया गया। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को रबी फसलों की वैज्ञानिक खेती, उन्नत बीजों के चयन, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण एवं आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने की सलाह दी। साथ ही किसानों की खेती से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए गए।



गया जिला जदयू कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया पार्टी का 23वां स्थापना दिवस

गयाजी (एनएसबी)। जनता दल (यूनाइटेड) का 23वाँ स्थापना दिवस आज गया जिला जनता दल (यूनाइटेड) कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्री अजय कुशवाहा की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की उपस्थिति में केक काटकर स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री अजय कुशवाहा ने कहा कि जनता दल (यूनाइटेड) का स्थापना दिवस पार्टी की विचारधारा, सामाजिक न्याय, समावेशी विकास, लोकतांत्रिक मूल्यों और संगठनात्मक एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने का अवसर है।

उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में बिहार में विकास, सुशासन, महिला सशक्तीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं सामाजिक न्याय के क्षेत्र में अनेक कार्य किए गए हैं। उनके विचारों और कार्यों से प्रेरणा लेकर पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन की मजबूती के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे आपसी समन्वय, एकजुटता और समर्पण के साथ पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुँचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने पार्टी की विचारधारा और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जदयू नेता अवध बिहारी पटेल, विनोद कुमार,एलेकजेंडर खान जितेंद्र दास, ज्योति दांगी , प्रभात राउत, बृजराज पांडे, कैलाश पासवान,पप्पू दांगी,हुजैफा कादरी,लालजी प्रसाद,विनोद यादव, शर्मा, अर्जुन राम, नीरज राय,सुनीता देवी, श्रीधर कुशवाहा सहित जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जनसंख्या परिगणना को लेकर दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



प्रशिक्षण में भाग लेते पदाधिकारी व कर्मी।

अरवल (एनएसबी)। दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित जिला पदाधिकारी अमृषा बैस की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के जनसंख्या परिगणना को लेकर दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 30 एवं 31 अक्टूबर 2026 को निर्धारित है। कार्यक्रम में जिला स्तरीय पदाधिकारीगण एवं सभी चार्ज पदाधिकारी शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी ने जनगणना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनगणना देश के विकास की आधारशिला है। इसके माध्यम से प्राप्त जनसंख्या, परिवारों की स्थिति, आवासीय सुविधाओं तथा सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियों से संबंधित विश्वसनीय आंकडे विकास योजनाओं के निर्माण, संसाधनों के उचित वितरण एवं भविष्य की नीतियों के निर्धारण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अतः जनगणना कार्य में प्रत्येक आंकड़ा एवं प्रत्येक प्रविष्टि अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिला पदाधिकारी ने सभी चार्ज पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में जनगणना कार्य की सूक्ष्म कार्ययोजना तैयार करें तथा निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य की सफलता जिला एवं चार्ज स्तर पर कार्यरत पदाधिकारियों की सक्रियता, कार्यकुशलता, जिम्मेदारी एवं आपसी समन्वय पर निर्भर करती है। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या परिगणना) को लेकर दो

प्रशिक्षण के क्रम में जनगणना से संबंधित प्रश्नावली, निर्धारित परिभाषाओं, डिजिटल माध्यमों, डेटा प्रविष्टि, सत्यापन एवं निर्धारित प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला पदाधिकारी ने सभी चार्ज पदाधिकारियों को प्रशिक्षण के प्रत्येक सत्र को गंभीरता से लेने तथा जनगणना से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को भली-भांति समझने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी विषय पर कोई संदेह हो तो प्रशिक्षण के दौरान ही उसका समाधान प्राप्त करें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की त्रुटि की संभावना नहीं रहे। शुद्धता, पारदर्शिता एवं गोपनीयता पर विशेष जोर जिला पदाधिकारी ने कहा कि जनगणना कार्य में आंकड़ों की शुद्धता सर्वोपरि है। सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी निर्धारित दिशा-निदेर्शों एवं परिभाषाओं के अनुरूप ही सूचनाओं का संकलन एवं प्रविष्टि सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की जल्दबाजी, अनुमान अथवा लापरवाही से बचने की आवश्यकता है। साथ ही, जनगणना के दौरान प्राप्त व्यक्तिगत जानकारियों की गोपनीयता बनाए रखना सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। संपूर्ण कार्य निर्धारित कानूनी प्रावधानों एवं आधिकारिक दिशा-निदेर्शों के अनुरूप संपन्न किया जाना चाहिए। समयबद्ध कार्य एवं प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने का निर्देश जिला पदाधिकारी ने सभी चार्ज पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में जनगणना कार्य की नियमित निगरानी एवं प्रगत्ति की समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला स्तर, चार्ज स्तर, पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों के बीच प्रभावी समन्वय बनाए रखने पर बल दिया। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या, क्षेत्रीय कठिनाई अथवा मानव संसाधन से संबंधित चुनौती उत्पन्न होने पर तत्काल संबंधित उच्चाधिकारी के संज्ञान में लाते हुए निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उसका समाधान सुनिश्चित करने को कहा। जनसहभागिता एवं जनविश्वास को बताया महत्वपूर्ण जिला पदाधिकारी ने कहा कि जनगणना की सफलता में आम नागरिकों की सहभागिता एवं सहयोग अत्यंत आवश्यक है। जनगणना कार्य में लगे कर्मियों को आम नागरिकों के साथ विनम्र एवं सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए तथा उन्हें जनगणना के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में समुचित जानकारी देनी चाहिए। आम लोगों के बीच यह विश्वास कायम करना आवश्यक है कि जनगणना देश के विकास एवं बेहतर भविष्य के निर्माण की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। उन्होंने सभी चार्ज पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि वे टीम भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं जवाबदेही के साथ करें। कार्य की गुणवत्ता, समयबद्धता एवं टीम को उचित मार्गदर्शन देना प्रत्येक पदाधिकारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। अंत में जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आपसी समन्वय एवं प्रतिबद्धता के साथ जनगणना-2027 के द्वितीय चरण अर्थात जनसंख्या परिगणना से संबंधित सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करें, ताकि जिले में जनगणना का कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर शुद्धता एवं पारदर्शिता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके।

संक्षिप्त खबरें

पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय, हाजीपुर में सतर्कता जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन

हाजीपुर/एनएसबी। पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय, हाजीपुर में महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, श्री डिम्पी गर्ग के नेतृत्व में आज सतर्कता जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ह्यसतर्कता संदेश-2026ह्ल पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक-सह-मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री पंकज कुमार सिन्हा ने महाप्रबंधक का स्वागत किया तथा सतर्कता संगठन के कार्यकलापों एवं गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस कार्यशाला में प्रधान विभागाध्यक्षो एवं मुख्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। विस्तृत विचार-विमर्श के उपरांत एक संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया, जो अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी रहा। इसके अतिरिक्त आम नागरिकों के बीच सतर्कता जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों पर वीडियो प्रदर्शन एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।



पेंशनर समाज के संस्थापक लाल बाबू साह का निधन

गोरौल/एनएसबी। बिहार पेंशनर समाज, प्रखंड इकाई गोरौल के संस्थापक सदस्य एवं संगठन के मजबूत स्तंभ रहे लाल बाबू साह का 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिवार,शुभचिंतकों एवं बिहार पेंशनर समाज के सदस्यों के बीच शोक की लहर दौड़ गई।उनके निधन को पेंशनर समाज ने संगठन के लिए अपूरणीय क्षति बताया है।पेंशनर समाज के अध्यक्ष महावीर प्रसाद,उपाध्यक्ष राजा प्रसाद एवं मोहनलाल ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि लाल बाबू साह केवल संगठन के संस्थापक ही नहीं,बल्कि पेंशनर समाज की एक मजबूत पहचान और प्रेरणास्रोत थे।उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी संगठन को बिखरने नहीं दिया तथा सभी सदस्यों को साथ लेकर चलने का काम किया।पेंशनरों के हक और अधिकारों की लड़ाई में वे हमेशा संघर्षशील रहे।शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।उनके विचार,समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा सदैव सदस्यों को प्रेरित करती रहेगी।उन्होंने कहा कि लाल बाबू साह के निधन से पेंशनर समाज ने अपना एक अनुभवी,कर्मठ और समर्पित साथी खो दिया है। उनकी कमी संगठन को लंबे समय तक महसूस होती रहेगी।उनका योगदान और संगठन को मजबूत बनाने में निभाई गई भूमिका हमेशा याद रखी जाएगी।इस दुखद समय पर बिहार पेंशनर समाज, प्रखंड इकाई गोरौल के सभी सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

जर्जर भवनों में अध्ययन करने को विवश है विद्यार्थी

बिदुपुर/एनएसबी। बिदुपुर प्रखंड के बिदुपुर पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिदुपुर डीह के जर्जर भवनों में अध्ययन करने को विवश है विद्यार्थी।जान जोखिम में डालकर शिक्षक भी पढ़ाते है और विद्यार्थी भी पढ़ते है।प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय के पांच कमरे में से तीन कमरों के छत से बरसात का पानी टपकते रहते है,जिस कारण विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को काफी परेशानी होती है।विद्यालय प्रशासन के द्वारा विगत कई वर्षो से विभाग के वरीय पदाधिकारियों को लिखित एवं ऑन लाइन रिपोर्ट में भी जानकारी दिए जा रहे है ,उसके बाद भी विभाग के द्वारा इन जर्जर कमरे के जीर्णोद्धार या नए कमरे के निर्माण के संबंध में अब तक कोई पहल नहीं किए गए है।विद्यालय के प्रभारी एच एम अशोक प्रसाद ने बताया कि उनके विद्यालय में साढ़े पांच सौ के करीब नामांकित विद्यार्थी है,जिसमें से साढ़े तीन सौ से अधिक औसतन विद्यार्थियों की उपस्थिति होती है।उन्होंने बताया कि पूर्व के प्रभारी एच एम और उनके द्वारा भी विभाग को इस संबंध में जानकारी दिए गए है,उसके बाद भी कमरे का जीर्णोद्धार या नए कमरे के निर्माण के लिए अब तक पहल नहीं किए गए है।इस संबंध में स्थानीय समाजसेवी शत्रुघ्न प्रसाद राय एवं विजय राय ने भी बताया कि जर्जर भवन के कारण विद्यार्थी और शिक्षक जान जोखिम में डाल के अध्ययन करने और शिक्षण कार्य करते है।कमरे के छत से बरसात की पानी टपकने से विद्यालय की गतिविधि अस्त व्यस्त हो जाते है।विदित हो कि यह क्षेत्र पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का क्षेत्र है,उसके बाद भी विद्यालय की रख रखाव पर विभाग के द्वारा ध्यान नहीं दिया जाना काफी आश्चर्य की बात है।स्थानीय अभिभावकों में भी विभाग के प्रति असंतोष देखा जा रहा है।

न्यायालय द्वारा गांजा तस्कर को 15 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1.50 रुपया लाख जुर्माना

25.850 किलोग्राम गांजा बरामदगी मामले में अभियुक्त दोषसिद्ध

हाजीपुर/एनएसबी। नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के क्रम में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-द्वितीय श्री ग्यासुद्दीन की न्यायालय ने राजापाकर थाना कांड संख्या 160/2021, एनडीपीएस जीआर संख्या 48/2021 में अभियुक्त विजय कुमार को वाणिज्यिक मात्रा में गांजा के परिवहन एवं विक्रय से संबंधित मामले में दोषसिद्ध करते हुए 15 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 1,50,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने पर अभियुक्त को अतिरिक्त 1 वर्ष 6 माह के कारावास की सजा भुगतनी होगी। यह सजा एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20(बी)(ii)(सी) के तहत सुनाई गई है। विशेष लोक अभियोजक, एनडीपीएस श्री सुमित कुमार के अनुसार, राजापाकर थाना पुलिस द्वारा छापेमारी के दौरान बेलकुंडा जाने वाली पक्की सड़क पर राजापाकर पश्चिमी स्थित शिव मंदिर के पास एक टेम्पो (पंजीकरण संख्या इफ31 ढअ 7533) को संदिग्ध स्थिति में देखा गया। पुलिस वाहन को देखकर चालक ने विपरीत दिशा में भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस बल ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम विजय कुमार बताया। टेम्पो की विधिवत तलाशी लेने पर पीले रंग के प्लास्टिक बोरे में रखे पांच बंडलों से कुल 25.850 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। अभियुक्त के पास से एक मोबाइल फोन, आधार कार्ड और पैन कार्ड भी जब्त किए गए। विशेष लोक अभियोजक श्री सुमित कुमार ने बताया कि अभियोजन पक्ष की ओर से न्यायालय में छह गवाहों की गवाही कराई गई। इसके अतिरिक्त 19 वस्तु प्रदर्श प्रस्तुत किए गए तथा जब्त गांजा के विनष्टीकरण से संबंधित प्रमाणपत्र को भी साक्ष्य के रूप में प्रदर्शित कराया गया। अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।

तख्त साहिब में मिलेगी ओपीडी में चिकित्सकीय परामर्श

पटना सिटी/एनएसबी। तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब परिसर में विशेषज्ञ डॉक्टरों से चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध मेदांता अस्पताल की ओपीडी मे मिलेगी. जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने अरदास कर इसकी शुरूआत की. इस मौके पर प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, महासचिव इन्द्रजीत सिंह,वरीय उपाध्यक्ष लखिवन्दर सिंह, कनीय उपाध्यक्ष गुरविन्दर सिंह और सचिव हरबंस सिंह उपस्थित थे.अध्यक्ष ने कहा कि देश-विदेश से आने वाली संगत के साथ-साथ तख्त साहिब के कर्मचारियों को भी बिना किसी शुल्क के स्वास्थ्य जांच और विशेषज्ञ डॉक्टरों से चिकित्सकीय परामर्श दी जायेगी.

स्मैक व हथियार के साथ दो गिरफ्तार, बरामद हुआ कार

पटना सिटी/एनएसबी। अगमकुआं थाना के छोटी पहाड़ी टीओपी के पुलिस की ओर से गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर कार से स्मैक व हथियार बरामद किया है. पुलिस इस मामले में दो को गिरफ्तार किया है. अपर थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के बाद पुलिस टीम ने कार को रोक कर तलाशी ली गयी. तलाशी के क्रम में सौ ग्राम स्मैक पदार्थ,एक देसी कट्टा व पांच गोली बरामद किया गया है. अपर थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में फतुहा निवासी शैलेश कुमार और बिहटा निवासी रिंकू कुमार गोस्वामी को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार दोनों से पुलिस टीम पूछताछ में जुटी है. पुलिस ने कार को भी जब्त कर लिया है.

बरामद हुआ शराब,एक गिरफ्तार

पटना सिटी/एनएसबी। ओर आलमगंज थाना के गुलजारबाग टीओपी की पुलिस टीम ने छापेमारी कर 86.2 लीटर देशी शराब बरामद किया है.तब मेहंदीगंज थाना की पुलिस ने भी छापेमारी कर 70 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया है. इसी प्रकार से चौक थाना की पुलिस ने लाल इमली स्थित काली स्थान के पास छापेमारी कर 72 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ धंधेबाज नन्हकी राय को गिरफ्तार किया है.

ग्यारहवीं बिहार स्टेट सब-जूनियर सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता का आगाज

16 जिलों के 200 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा, हाजीपुर में दो दिवसीय डे-नाइट प्रतियोगिता का पीएचईडी मंत्री संजय सिंह ने किया उद्घाटन

हाजीपुर/एनएसबी। हाजीपुर स्थित कुशवाहा आश्रम में ग्यारहवीं बिहार स्टेट सब-जूनियर सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। बिहार सरकार के पीएचईडी मंत्री माननीय संजय सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। अतिथि भाजपा नेता अनिल चंद्र कुशवाहा आयोजन अध्यक्ष सतीश पाठक जी मुन्ना सिंह मुन्ना टेंट हाउस रवि कुमार सचिन आर सिटी कॉलेज एंड मैनेजमेंट हाजीपुर रवि कुमार पीटीआई पत्रकार राजेंद्र कुमार बनफूल इंजीनियर जवाहरलाल सिंह राम इकबाल सिंह मुरलीधर सिंह कैलाश सिंह राजीव कुमार निर्देशक सन जोसेफ पब्लिक हाई स्कूल सराय राजीव रंजन आर्यन स्कूल ऑफ साइंस डीपीएस पब्लिक स्कूल के निर्देश इरफान खान पूर्वी चंपारण सचिव दीपक कश्यप जी डॉक्टर मनीष रोशन दस वैशाली स्वास्थ्य विभाग राजीव रंजन निर्देश इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि और अतिथि के रूप में सभी सम्मानित अतिथियों को स्वागत किया गया स्वागत वैशाली जिला शॉप टेनिस संघ के सचिव रवि रंजन कुमार ने आंगस्ट और माला और बुके देकर सम्मानित किया इस अवसर पर सॉफ्ट टेनिस बिहार के महासचिव धर्मवीर कुमार, उपाध्यक्ष आलोक आजाद, वैशाली जिला सचिव रवि रंजन सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में बिहार के 16 जिलों से लगभग 200 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उद्घाटन के अवसर पर मंत्री संजय सिंह ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सॉफ्ट टेनिस बिहार के महासचिव धर्मवीर कुमार ने बताया कि कुशवाहा आश्रम में दो दिनों तक डे-नाइट मैचों का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान एकल, युगल, टीम इवेंट और मिक्स्ड डबल्स मुकाबले खेले जाएंगे। विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ी इन स्पधाओं में अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह की राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं से युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने, प्रतिस्पर्धात्मक अनुभव प्राप्त करने और आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। प्रतियोगिता के आयोजन से बिहार में सॉफ्ट टेनिस खेल को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। यह प्रतियोगिता स्वर्गीय सच्चिदानंद पाठक स्मृति में आयोजन कराया गया इस आयोजन का अध्यक्ष आदरणीय सतीश पाठक और आयोजन सचिव रवि रंजन कुमार ने बताया कि यह प्रतियोगिता वैशाली जिला सॉफ्टवेयर निसान एवं आर सिटी कॉलेज मैनेजमेंट आफ हाजीपुर के सजन से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस बात की जानकारी वैशाली जिला शॉप टेनिस के सचिव रवि रंजन कुमार ने दी



एन पी एस महमदपुर टोला सेहान के बच्चों ने निकाली छठ पर्व की झांकी

महुआ/एनएसबी। आस्था का महा पर्व छठ पर्व को देखते हुए महुआ अनुमंडल क्षेत्र के चेहरा कला प्रखंड के नव सृजित प्राथमिक विद्यालय महमदपुर टोला सेहान में विद्यालय के बच्चों के द्वारा झांकी की प्रस्तुति की गई।बच्चों की बेहतर प्रस्तुति को देखकर जमकर प्रशंसा की। इस मौके पर उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ-साथ कई अन्य लोगों ने कहा कि हिंदू धर्म का सबसे बड़ा महत्वपूर्ण एवं पवित्र पर्व छठ पूजा जिस में रौना मईया को डूबते और उगते सूर्य को अर्क देकर पवित्र पर्व का समापन किया जाता है इस पर्व में मुख्य रूप से महिलाओं का अहम भूमिका होती है पकवान और फल का भारी संख्या में एकत्रित करना परता है और पानी में डूबकर कर स्नान के पश्चात रौना मईया को खरे होकर आस्था के साथ शांतिपूर्ण ढंग से अर्क देना इस पर्व का असल कार्य है इस पर्व को लेकर नवसृजित प्राथमिक विद्यालय महमदपुर टोला सेहान प्रखंड चेहरा कलां में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं ने एक झांकी निकाली और पर्व के महत्व को कुमारी अमीता, शमा परवीन, मृत्युंजय सिंह, एजाज अहमद आदिल, नागेंद्र कुमार इत्यादि ने प्रकाश डाले। इस झांकी में अभिलाषा कुमारी, कृति कुमारी, आरती कुमारी समेत अन्य छात्र छात्राएं शामिल हुई।



एके 47 बरामदगी मामले में एनआईए ने पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता को किया गिरफ्तार

एनआईए की कार्रवाई पर अधिवक्ता के परिजनों ने उठाया सवाल

हाजीपुर/एनएसबी। मुजफ्फरपुर में एके 47 बरामदगी मामले में एनआईए ने एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता संदीप कुमार सिन्हा को देर रात गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई।एनआईए की टीम ने अधिवक्ता को केस नंबर फउ.ठड-11/2024/ठक्अ/उछ्कमें नगर थाना क्षेत्र के जौहरी बाजार स्थित उनके कार्यालय के पास से गिरफ्तार किया।हालांकि एनआईए की इस कार्रवाई पर अधिवक्ता संदीप कुमार सिन्हा के परिजनों ने सवाल खड़ा किया है और बताया कि एनआईए जानबूझकर अधिवक्ता को फंसा रही है।गिरफ्तार अधिवक्ता के पिता ने बताया कि इससे पहले दो बार एनआईए की टीम रेड कर चुकी है।उन्होंने बताया कि पहली रेड में घर से कुछ बरामद नहीं हुआ था लेकिन दूसरी रेड में एनआईए ने प्लांट कर घर के बाहर स्थित एक कमरे में रिवाल्वर रख कर बरामदगी दिखाई।वहीं अधिवक्ता के चचेरे भाई ने बताया कि दूसरी बार एनआईए द्वारा की गई कार्रवाई और जप्ती सूची को पटना एनआईए कोर्ट में चैलेंज किया गया है जिसमें कोर्ट एनआईए से जवाब मांग रही है और उसी दुर्भावना से ग्रसित हो कर एनआईए ने उनके भाई को गिरफ्तार किया है।अधिवक्ता के पिता ने बताया कि एनआईए की टीम ने दूसरी रेड में उनकी लाईसेंस गन और कुछ कैश भी लेकर चली गई थी जिसकी शिकायत एनआईए डीजी से लेकर प्रधानमंत्री तक से की गई है और शायद यही वजह है कि एनआईए अधिवक्ता को परेशान कर रही है।बता दे कि मुजफ्फरपुर एके 47 बरामदगी मामले में अभी तक 6 से अधिक लोगो की गिरफ्तारी हो चुकी है और कल देर रात एनआईए ने अधिवक्ता संदीप कुमार सिन्हा को गिरफ्तार कर लिया है और अब इस मामले में शामिल सभी आरोपियों पर शिकंजा कस दिया है।

कार्यशाला में जूनोटिक बीमारियों से बचाव के बतायें गये उपाय

पटना सिटी/एनएसबी। नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के बीएससी नर्सिंग कॉलेज में माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग की ओर से जूनोटिक बीमारियों से बचाव पर कार्यशाला आयोजित हुई. जिसका उद्घाटन विभागाध्यक्ष डॉ प्रो संजय कुमार और प्राचार्या संध्या सिंह ने करते हुए उपस्थित नर्सिंग के विद्यार्थियों को जूनोटिक बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई. बचाव के उपाय पर चर्चा की गयी. आयोजन में डॉ सत्येन्दु सागर, डॉ आदित्य राज,डॉ राहुल, डॉ दीप्ति,डॉ प्रभात व डॉ सुशांत के साथ घनश्याम गिरि,प्रणव कुमार,संजीव चौधरी व अनुराग कुमार श्रीवास्तव के साथ अन्य चिकित्सक,पीजी व नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित थे.

गुरु महाराज के प्रकाश पर्व में सरकार करेगी सहयोगः सीएम

प्रकाश पर्व को ले अधिकारियों व पदधारकों के साथ की बैठक,लगायी हाजिरी

पटना सिटी/एनएसबी। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज की जनवरी माह में आयोजित होने वाले 360 वां प्रकाश पर्व में सरकार प्रबंधक कमेटी के साथ मिल कर सहयोग करेगी,ताकि प्रकाश पर्व की भव्यता व संगत को सुविधा मिल सके. यह बात मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार की शाम तख्त साहिब में अधिकारियों और प्रबंधक कमेटी के पदधारकों के साथ बैठक करते हुए कही. सीएम के साथ उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी भी थे. बैठक में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के साथ अन्य विभाग के अधिकारी और प्रबंधक कमेटी के पदधारकों में अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, महासचिव इन्द्रजीत सिंह,वरीय उपाध्यक्ष लखिवन्दर सिंह, कनीय उपाध्यक्ष गुरविन्दर सिंह और सचिव हरबंस सिंह उपस्थित थे.इससे पहले सीएम ने राज्य के सुख शांति व समृद्धि की कामना करते हुए दरबार साहिब में अरदास की. दरबार साहिब में जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने गुरुघर का आशीष सिरोपा दिया और गुरु महाराज के पवित्र वस्तुओं का दर्शन कराया.

वैशाली में अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन 2026 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक, समयबद्ध कार्य पूरा करने के निर्देश

11 से 13 दिसंबर 2026 तक आयोजित होगा सम्मेलन

हाजीपुर/एनएसबी। बिहार की ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक धरती वैशाली में आगामी 11 से 13 दिसंबर 2026 तक अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन 2026 का आयोजन बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप परिसर में किया जाएगा। इस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन की तैयारियों को लेकर संग्रहालय परिसर में कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार के सचिव श्री प्रणव कुमार, भा.प्र.से. की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संग्रहालय निदेशालय के निदेशक श्री कृष्ण कुमार, भा.प्र.से., कला एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त सचिव श्री महमूद आलम, भवन निर्माण विभाग के अपर सचिव श्री राजेश कुमार सिंह, बिहार विरासत विकास समिति के कार्यपालक निदेशक प्रो. अनिल कुमार, बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप, वैशाली के अपर निदेशक डॉ. विमल तिवारी तथा आयोजन से जुड़े विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों, तैयारियों की प्रगति और आपसी समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई।

समीक्षा के दौरान आयोजन स्थल एवं आसपास की व्यवस्थाओं, अतिथियों के आवागमन, सड़क एवं यातायात प्रबंधन, निर्बाध बिजली आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं, सुरक्षा तथा देश-विदेश से आने वाले प्रतिनिधियों के लिए आवश्यक सुविधाओं पर विचार-विमर्श किया गया। सचिव श्री प्रणव कुमार ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी करने के निर्देश दिए, ताकि सम्मेलन में शामिल होने वाले बौद्ध भिक्षुओं, धर्मगुरुओं, विद्वानों एवं अन्य अतिथियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन 2026 के दौरान त्रिपिटक पाठ एवं धार्मिक अनुष्ठान, शैक्षणिक सत्र, पर्यटन पर गोलमेज चर्चा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विरासत भ्रमण जैसे आयोजन प्रस्तावित हैं। सम्मेलन का उद्देश्य बौद्ध धर्म की समृद्ध विरासत को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करना तथा वैशाली सहित बिहार की ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ करना है।



रैगिंग मामले में कमेटी ने की सुनवाई,देना होगा शपथ पत्र

पटना सिटी/एनएसबी। एनएमसीएच कॉलेज प्रशासन ने रैगिंग मामले में शुक्रवार को भी कॉलेज प्राचार्या डॉ प्रो उषा कुमारी की अध्यक्षता में एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक हुई. बैठक में उपस्थित 2024 के विद्यार्थियों की जांच की गयी. प्राचार्या ने बताया कि अभी तक किसी विद्यार्थी की ओर से रैगिंग की शिकायत नहीं पायी गयी. इसके साथ ही बैठक मे यह भी तय किया गया कि सत्र 2024 के विद्यार्थियों को प्रथम श्रेणी दंडाधिकारी के शपथ पत्र हस्ताक्षर के साथ देना होगा. यह नियम आगे भी विद्यार्थियों पर प्रभावी रहेगा. इसके अलावा सत्र 2024 के ही विद्यार्थी रौशन कुमार, शिव गौरव, गौरव कुमार, आलोक कुमार,जानव राज, राशि कुमार,आशीष शाह व शिवम प्रसाद एंटी रैगिंग में शामिल किया गया है. जो कॉलेज में इस प्रकार की घटना पर नजर रखें एवं तत्काल आवश्यक कार्रवाई करें. बैठक में एंटी रैगिंग कमेटी के सदस्य के साथ वार्डन व सहायक वार्डन उपस्थित थी. बताते चले कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी), आल इंडिया एंटी रैगिंग कमेटी व बिहार सरकार के लोक शिकायत विभाग की ओर से वर्ष 2026 में नामांकन लेने वाले विद्यार्थियों के साथ रैगिंग होने की शिकायत कॉलेज प्रशासन को भेजी गयी थी. इसमें विभाग के स्तर पर कॉलेज प्रशासन से जवाब मांगा गया था.

देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

सोशल मीडिया पर हथियार लहराने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने की कार्रवाई

हाजीपुर/एनएसबी। महुआ थाना क्षेत्र के सैदपुर बिलंदपुर गांव में पुलिस ने छापेमारी कर देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान अमोद कुमार राय के रूप में हुई है। वह गांव के ही अकलू राय का पुत्र बताया गया है।

इस संबंध में महुआ एसडीपीओ पोलसत कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। जब इस वीडियो के बारे में वरीय पदाधिकारी को भी सूचना मिली, तो वायरल वीडियो को गंभीरता से देखते हुए एसएसपी सर के निर्देश पर मामले को महुआ थाना भेजा गया और वीडियो का सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान वीडियो में देखा गया कि एक व्यक्ति के द्वारा अवैध हथियार को लहराया जा रहा है। इसके आधार पर अपराधी की पहचान कर उसके घर में छापेमारी की गई, जहां से अवैध देसी कट्टा बरामद किया गया, जो गैर लाइसेंसी था। इसी क्रम में युवक को गिरफ्तार किया गया और कार्रवाई करते हुए युवक के आपराधिक इतिहास की जांच चल रही है। पुलिस गिरफ्तार युवक से पूछताछ कर मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। सोशल मीडिया पर हथियार का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में चर्चा का माहौल है।



प्रकृति संरक्षण से ही मानव जीवन सुरक्षित- डीएफओ, मंडल कारा में पर्यावरण जागरूकता सह पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। मंडल कारा में आशा सेवा संस्थान एवं वन प्रभाग के संयुक्त तत्वावधान में 77वें वन महोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य पर्यावरण जागरूकता सह पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कारा अधीक्षक प्रशांत कुमार ओझा ने की। कार्यक्रम के दौरान कारा परिसर में पौधों का रोपण किया गया। साथ ही, जेल परिसर के भीतर पर्यावरण संरक्षण, बागवानी और हरियाली बढ़ाने में उत्कृष्ट योगदान देने वाले बंदियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि वन प्रमंडल पदाधिकारी, राजकुमार शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि "पेड़-पौधे हमारी जीवनरेखा हैं। ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के इस दौर में प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण ही सबसे कारगर उपाय है। मंडल कारा के बंदियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किया जा रहा कार्य अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि, जब व्यक्ति प्रकृति से जुड़ता है, तो उसके विचारों में सकारात्मक बदलाव स्वतः आने लगता है।" अधीक्षक मंडल कारा प्रशांत कुमार ओझा ने कहा कि मंडल कारा केवल सजा भुगतने की जगह नहीं, बल्कि सुधार और सकारात्मक पुनर्वास का केंद्र है। बंदियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और उन्हें बागवानी से जोड़ना उनके मानसिक तनाव को कम कर सकारात्मक दिशा में ले जाता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आशा सेवा संस्थान के सचिव अमित कुमार वर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आवश्यक सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर समाजसेवी केशव किशोर प्रसाद, कारा उपाधीक्षक शिवमंगल प्रसाद एवं सहायक अधीक्षक प्रेरणा कुमारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में कारा अधीक्षक प्रशांत कुमार ओझा ने आगत अतिथियों का स्वागत और अंत में सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार सहित धन्यवाद ज्ञापन किया।

अंगारघाट में मारपीट और हंगामा, दो गिरफ्तार

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। अंगारघाट थाना क्षेत्र में रास्ता रोककर मारपीट और हंगामा करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक विधि-विरुद्ध किशोर को अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस ने मामले में एक बाइक, गांजा पीने वाला चिलम और मोबाइल फोन बरामद किया है। किशोर को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय से 30 अक्टूबर को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, घटना 26 अक्टूबर की सुबह करीब 8:45 बजे की है। आरोप है कि एक व्यक्ति के घर से निकलने के दौरान कुछ लोगों ने स्कॉर्पियो से उसका रास्ता रोक लिया और उसके साथ मारपीट की। इसके बाद हंगामा भी किया गया। पीड़ित के आवेदन पर अंगारघाट थाना में कांड संख्या 116/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

संक्षिप्त खबरें

झीरवां से 10 लीटर चुलाई शराब के साथ एक गिरफ्तार

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव थाना क्षेत्र के झीरवां गांव में दरोगा गीतेश गौरांग ने पुलिस बल के सहयोग से सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक आरोपित को झोला में प्लास्टिक की अलग-अलग थैली में रखे 10 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। जबकि तीन आरोपित मौके से फरार हो गई। गिरफ्तार आरोपित की पहचान उचकागांव थाना क्षेत्र के झीरवां गांव की रेखा देवी के रूप में की गई है। जबकि मौके से फरार आरोपितों की पहचान इसी गांव की मालती देवी, अनीता देवी और सुगांती देवी के रूप में की गई है। मामले में चारों आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी करने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित को शुक्रवार के दिन न्यायालय में प्रस्तुत किया। पुलिस मामले में फरार अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह छापेमारी कर रही है।

उचकागांव में अलग-अलग मामले में चार गिरफ्तार



उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग जगहों पर पुलिस ने सूचना के आधार पर छापेमारी कर अलग-अलग मामले में फरार चल रहे चार आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसे शुक्रवार के दिन न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। बीते आठ अगस्त के दिन उचकागांव थाना क्षेत्र के मुड़ी बरारी गांव स्थित अपने खेत में काम कर रहे किसान ओसीहर कुमार को चाकू, फाइटर और लाठी से हमला कर घायल करने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान उचकागांव थाना क्षेत्र के बरारी जगदीश गांव के समुद मियां के रूप में की गई है। जबकि दो अलग-अलग जगहों पर शराब बरामदगी मामले में फरार चल रहे दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान उचकागांव थाना क्षेत्र के महैचा गांव के बुलेट राम और बलेसरा गांव के अनुज शर्मा के रूप में की गई है। इस दौरान पुलिस ने थाना क्षेत्र के बरारी जगदीश गांव में संदिग्ध रुप से घूम रहे एक बरारी जगदीश गांव के रुखसार खान को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

परिवादों के समयबद्ध निष्पादन का निर्देश

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) 'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिला पदाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला पदाधिकारी समीर सौरभ की उपस्थिति में जनता दरबार आयोजित हुआ। इसमें कुल 05 आवेदनों पर सुनवाई हुई, जिनमें 04 भूमि एवं राजस्व तथा 01 अन्य विभाग से संबंधित थे। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को आवेदनों की जाँच कर नियमानुसार त्वरित एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब नहीं हो तथा आम नागरिकों को त्वरित राहत मिले।

वासंतिक रबी महाभियान में किसानों को दी गयी कृषि संबंधित योजनाओं की जानकारी



पंचदेवरी (दैनिक नवसंदेश) प्रखंड के चक्रपान स्थित कृषि कार्यालय परिसर में शुक्रवार को वासंतिक रबी महाभियान-2026 के तहत प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह उपादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन सीओ उमा कुमारी व बीएओ गुड्डी आनंद ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इसके बाद किसानों को रबी की खेती का पाठ पढ़ाया गया। बीएओ ने आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों, प्रमाणित बीजों और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी किसानों को दी। उन्होंने कहा कि सभी किसान आधुनिक तकनीकों का प्रयोग कर खेती करें। ऐसा करने से कम लागत में अच्छी आमदनी होगी। कृषि समन्वयक पंकज पांडेय ने किसानों को बताया कि विभाग द्वारा अनुदानित दर पर तेलहन व दलहन के बीज उपलब्ध कराये जायेंगे। इसके लिए किसानों को ऑनलाइन आवेदन करना पड़ेगा। फिर अंगूठा लगाकर बीज प्राप्त करना होगा। अब ओटीपी के माध्यम से कृषि कार्यालय से बीज नहीं मिलेगा। नोडल कृषि समन्वयक सुमंत दुबे व प्रदीप मिश्र द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही जीवामृत बनाने के तरीकों की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में विभाग के पदाधिकारियों ने बताया कि वासंतिक रबी महाभियान को सफल बनाने को लेकर अब पंचायत स्तर पर तीन नवंबर से चैपाल शुरू किया जायेगा। मौके पर सहायक तकनीकी प्रबंधक हरिभूषण सिंह, रितेश कुमार यादव, किसान सलाहकार राजेश कुमार राय, राजेश सिंह, आतम सिंह, अक्षय कुमार, जवाहर लाल, जितेंद्र मिश्र, अरविंद सिंह, संगम त्रिपाठी, प्रभु सिंह, राम प्रवेश सिंह, नजमा खातून, शुभावती देवी, मोमतारा खातून, रामावती देवी, कौशल्या देवी, महंत सिंह आदि मौजूद थे।

बथुआ बाजार में अयोध्या राम मंदिर की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र, गूंजे जय श्रीराम के नारे

हथुआ एसडीएम और एसडीपीओ सहित आधा दर्जन थानों की पुलिस ने रखी चप्पे-चप्पे पर नजर

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) बथुआ बाजार में आयोजित पारंपरिक महावीरी अखाड़ा मेला श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस मेले में पुरानी चैक के अखाड़े द्वारा प्रस्तुत अयोध्या के भव्य राम मंदिर की झांकी पूरे क्षेत्र में मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। राम मंदिर की यह मनमोहक झांकी जिस भी मोहल्ले और गली से गुजरी, वहां छतों से श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर उसका स्वागत किया। पूरा बथुआ बाजार जय श्रीराम और जय हनुमान के नारों से गूंज उठा। ऐतिहासिक महावीरी अखाड़े के इस मेले में लाढ़पुर, सोंगढ़वा, बिरछा बथुआ, कुँवर बथुआ, कंठी बथुआ और छतु बथुआ सहित कुल एक दर्जन से अधिक अखाड़ों के दल पहुंचे। जहां पारंपरिक रूप से उनका मिलान हुआ। इस दौरान युवाओं और अखाड़े के खिलाड़ियों ने सड़कों पर उत्साह के साथ पारंपरिक लाठियां और गटका का अद्भुत खेल दिखाया। श्रद्धालुओं का यह रोमांचक नजारा देख मन मुग्ध हो गया। मेले के दौरान विधि-व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। हथुआ एसडीएम और एसडीपीओ लगातार मेले की मॉनिटरिंग करते रहे। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के तहत बथुआ बाजार मस्जिद के पास विशेष रूप से पुलिस बल की तगड़ी व्यवस्था की गई थी। इसके साथ ही फुलवरिया, श्रीपुर, हथुआ, मीरगंज, उचकागांव, भोरे, विजयीपुर, गोपालपुर और कटेया सहित आधा दर्जन से अधिक थानों की पुलिस बल और अधिकारी तैनात रहे। सुरक्षा और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सभी संवेदनशील और अति संवेदनशील चैक-चैराहों पर सीसीटीवी कैमरों के साथ-साथ ड्रोन कैमरों से लगातार निगरानी रखी गई। जिससे पूरा मेला शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।





विधिक सेवा प्राधिकरण ने चलाया सुरक्षित बचपन अभियान



(लोगो को समझाते न्यायिक पदाधिकारी)



(कार्यक्रम में मौजुद लोग)

गोपालगंज/एनएसबी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार गोपालगंज द्वारा बच्चों की सुरक्षा व उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सुरक्षित बचपन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज शुक्रवार को विभिन्न न्यायिक पदाधिकारीगण द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों के विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। न्यायिक पदाधिकारीगण में अखौरी अभिषेक सहाय जिला अपर एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ द्वारा सेंट जोसेफ स्कूल गोपालगंज, पंकज चंद्र वर्मा जिला अपर एवं सत्र न्यायाधीश षष्ठम द्वारा उत्क्रमित उच्च विद्यालय मानिकपुर कन्या में, राकेश रंजन सिंह जिला अपर एवं सत्र न्यायाधीश नवम द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय हिरपाकड़ में, धीरज कुमार मिश्रा जिला अपर एवं सत्र न्यायाधीश बारह द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय भीतभेरवा, विवेक कुमार त्रिपाठी जिला अपर एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय सह उच्च माध्यमिक विद्यालय मसानथाना में, अमरेंद्र कुमार राज सबजज प्रथम द्वारा उत्क्रमित उच्च विद्यालय यादोपुर शुक्ल में, अनूप कुमार उपाध्यक्ष सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय एकड़ेरवा एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोटवा, देवेन्द्र प्रसाद सबजज चैदह द्वारा ग्रेस इंग्लिश स्कूल सासामुसा में, राकेश रंजन सबजज सप्तम द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाबू विशुनपुर में, जितेंद्र कुमार न्यायिक दंडाधिकारी द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरारी जगदीश आदि विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को पोक्सो एक्ट 2012 के प्रावधान के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बच्चों को यौन उत्पीड़न, गलत स्पर्श (बेड टच), बाल सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि किसी बच्चे के साथ गलत व्यवहार या यौन उत्पीड़न की घटना होने पर उसे चुप नहीं रहना चाहिए बल्कि इसकी सूचना भरोसेमंद अभिभावक शिक्षक या नजदीकी थाने को देनी चाहिए। उन्होंने बच्चों को बाल सहायता हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी भी दी गई। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सुरक्षित वातावरण में रहने शिक्षा प्राप्त करने और सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार है। बच्चों के साथ किसी भी प्रकार की शोषण या दुर्व्यवहार कानूनी अपराध है। बच्चों को यह समझना जरूरी है कि उनके साथ कुछ गलत होने पर वह कहां जाएं किससे मदद ले और कानून उनकी सुरक्षा के लिए क्या प्रावधान करता है। न्यायिक पदाधिकारीगण ने शिक्षकों/अभिभावकों से अपील की कि वह बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान दें बच्चे कहां जा रहे हैं, किन लोगों के साथ रह रहे हैं, मोबाइल पर क्या देख रहे हैं और किससे बातचीत कर रहे हैं इसकी जानकारी रखें। उन्होंने कहा कि बच्चों पर निगरानी रखना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि उनके साथ दोस्त की तरह व्यवहार करना भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि कई बार बच्चे अपने साथ हुई गलत घटनाओं को माता-पिता से बता नहीं पाते उन्हें डर रहता है कि सच्चाई बताने पर उन्हें ही दोषी बताया जाएगा या उनके साथ मारपीट की जाएगी। इसलिए अभिभावकों को बच्चों की बात धैर्य पूर्वक सुननी चाहिए और उन्हें भरोसा दिलाना चाहिए कि किसी भी परेशानी में परिवार उनके साथ खड़ा है। साथ ही साथ बाल विवाह एवं बाल श्रम की भी जानकारी दी गई। अभियान के माध्यम से बच्चों को बाल विवाह, बाल श्रम तथा बाल सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों की जानकारी देना उन्हें शोषण से बचाना और किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में बिना डर के सहायता मांगने की के लिए प्रेरित करना है। साथ ही बताया गया कि सुरक्षित बचपन अभियान का पहला चरण 26 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विद्यालयों में बच्चों के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने और समाज में बाल अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त के अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकार गोपालगंज के विभिन्न पैनल अधिवक्ता द्वारा अलग-अलग प्रखंडों में विधिक जागरूकता आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की कड़ी में प्रमोद कुमार पैनल अधिवक्ता द्वारा बरौली प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सदौवा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय हसनपुर, राजकीय मध्य विद्यालय सलेमपुर, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघवार, उच्च विद्यालय सह $2 विद्यालय हलुआर, पैनल अधिवक्ता अशोक कुमार पाण्डेय द्वारा बैकुण्ठपुर एस एस विद्यालय गांधुआ, मध्य विद्यालय नरवार कन्या विद्यालय फजलापुर में, मध्य विद्यालय दिघवा साउथ में अन्य सभी पैनल अधिवक्ता द्वारा गोपालगंज जिले के सभी प्रखंड के विभिन्न विद्यालय में बच्चों को पोक्सो एक्ट, गुड टच-बेड टच आदि के बारे में बताया गया।

दहेज हत्या मामले में पति गिरफ्तार

पांच लाख रुपये और बाइक की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता की हत्या का आरोप, पति गिरफ्तार ● भाई ने पति समेत पांच लोगों को किया नामजद ● अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही छापेमारी



(गिरफतार युवक)

कटेया (दैनिक नवसंदेश) कटेया थाना क्षेत्र के भाटपोइया गांव में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मृतका के मायके वालों ने पांच लाख रुपये और मोटरसाइकिल की मांग पूरी नहीं होने पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के पति दिवाकर कुमार मिश्र को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, अन्य नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, मृतका प्रीति के भाई राकेश कुमार शर्मा ने बताया है कि उनकी बहन की शादी 4 दिसंबर 2023 को हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार भाटपोइया गांव निवासी दिवाकर कुमार मिश्र के साथ हुई थी। शादी के दौरान मायके पक्ष की ओर से उपहार स्वरूप सोने-चांदी के आभूषण, कपड़े, नकदी, बर्तन सहित अन्य सामान दिए गए थे। इसके बावजूद शादी के कुछ समय बाद से ही पति और उसके परिवार के लोग प्रीति पर मायके से पांच लाख रुपये और एक मोटरसाइकिल लाने का दबाव बना रहे थे। मृतका के भाई ने आरोप लगाया है कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने के कारण उनकी बहन को प्रताड़ित किया जा रहा था। इसी बीच 29 अक्टूबर की रात करीब 1रू24 बजे प्रीति के पति दिवाकर कुमार मिश्र ने फोन कर बताया कि उसकी तबीयत खराब है और परिजन उसे देखने के लिए पहुंचें। इसके करीब दस मिनट बाद दोबारा फोन कर प्रीति की मौत होने की सूचना दी गई। बहन की मौत की खबर मिलते ही मायके पक्ष के लोग आनन-फानन में भाटपोइया गांव पहुंचे। वहां घर के पूजा घर में प्रीति का शव पड़ा मिला। मृतका के भाई ने आरोप लगाया है कि उनकी बहन की गला दबाकर हत्या की गई है। इस मामले में पुलिस ने पति दिवाकर कुमार मिश्र, राजा कुमार मिश्र, पुष्पा देवी, मनोज मिश्र और बेबी देवी को नामजद आरोपित बनाया है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पति दिवाकर कुमार मिश्र को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, शेष नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही।

भाभी की अंतिम विदाई में शामिल होने पैतृक गांव हथुआ पहुंचे बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत



स्वयं कंधा देकर श्मशान घाट तक ले गए पार्थिव शरीर ● हिंदू रीति-रिवाज से दी अंतिम विदाई

हथुआ (दैनिक नवसंदेश) बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत शुक्रवार की सुबह अपने पैतृक गांव हथुआ प्रखंड के भरतपुरा पहुंचे और अपनी भाभी नीलम देवी की अंतिम शवयात्रा में शामिल हुए। मुख्य सचिव बनने के बाद पहली बार इस तरह दुख की घड़ी में पैतृक गांव पहुंचे प्रत्यय अमृत को भावुक देखकर वहां उपस्थित ग्रामीणों की आंखें भी नम हो गईं। मुख्य सचिव ने अपनी दिवंगत भाभी नीलम देवी के पार्थिव शरीर को कंधा दिया और स्वयं श्मशान घाट तक पहुंचे। वहां हिंदू रीति-रिवाज एवं वैदिक परंपराओं के अनुसार उन्हें पंचतत्व में विलीन होने के लिए अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों, ग्रामीणों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुख्य सचिव के चचेरे भाई स्वर्गीय प्रदीप श्रीवास्तव की पत्नी नीलम देवी (60 वर्ष) का हाल ही में एक निजी अस्पताल में हृदय संबंधी ऑपरेशन हुआ था। बुधवार की शाम उन्हें स्वस्थ अवस्था में गांव लाया गया था। लेकिन एंबुलेंस से उतरते ही उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और वे अचेत हो गईं। अस्पताल ले जाने के क्रम में उनका निधन हो गया। बताया गया कि उनकी मृत्यु हृदय गति रुकने से हुई। निधन की सूचना मिलते ही मुख्य सचिव के पिता एवं पूर्व कुलपति डॉ. रिपुसूदन प्रसाद श्रीवास्तव सहित परिवार के अन्य सदस्य गांव पहुंचे। परिजनों के आगमन की प्रतीक्षा में पार्थिव शरीर को दो दिनों तक हथुआ अनुमंडलीय अस्पताल में रखा गया। शुक्रवार की सुबह बेटी रश्मि के पहुंचने के बाद पैतृक श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके छोटा पुत्र मुकेश कुमार ने दी। इस दुखद अवसर पर डिप्टी कमिश्नर समीर परिमल, प्रेम सिन्हा, पर्यावरण मित्र डॉ. सत्य प्रकाश, राजेश श्रीवास्तव, अनिल सिंह, राजकुमार बैठा, प्रेमचंद्र त्रिपाठी, अस्तित्व अंकुर, अरुण कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। शोक और संवेदना के इस क्षण में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत का अपनी भाभी को कंधा देकर अंतिम विदाई देना वहां उपस्थित लोगों के लिए अत्यंत भावुक पल रहा।

जनगणना के द्वितीय चरण को लेकर प्रशिक्षण

जिला पदाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी ने किया प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन

जनगणना का द्वितीय चरण फरवरी 2027 से होगा प्रारंभ

पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से होगी संपन्न



गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) जिला परिषद सभागार में जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या परिगणना) के सफल एवं सुचारू संचालन को लेकर जिला स्तरीय एवं चार्ज स्तरीय पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी समीर सौरभ द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना के द्वितीय चरण की प्रक्रिया, कार्ययोजना, समय-सीमा एवं विभिन्न पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि जनगणना-2027 का द्वितीय चरण वर्ष 2027 में प्रारंभ होगा। इसके अंतर्गत 1 फरवरी से 28 फरवरी 2027 की मध्यरात्रि को संदर्भ तिथि मानते हुए जनसंख्या परिगणना का कार्य किया जाएगा। वहीं, 1 मार्च 2027 को संदर्भ तिथि मानते हुए यह प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगे संपन्न होगी। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि प्रथम चरण की तरह द्वितीय चरण में भी स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) का विकल्प उपलब्ध रहेगा। इसके माध्यम से नागरिक स्वयं अपनी आवश्यक जनगणना संबंधी जानकारी डिजिटल माध्यम से दर्ज कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि इस बार की जनगणना पूर्णतः डिजिटल माध्यम से संपन्न कराई जाएगी। इसके लिए आधुनिक तकनीक एवं डिजिटल उपकरणों का उपयोग किया जाएगा। प्रशिक्षण में पदाधिकारियों को जनगणना कार्य के विभिन्न तकनीकी एवं प्रशासनिक पहलुओं से अवगत कराया गया तथा कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर शुद्धता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, निदेशक डीआरडीए, वरीय कोषागार पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी कार्यपालक पदाधिकारी एवं सभी अपर चार्ज जनगणना पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

गीली सड़क पर फिसली बाइक, युवक गंभीर रूप से घायल

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) विशंभरपुर थाना क्षेत्र के सिसवा गांव के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल युवक की पहचान बरौली थाना क्षेत्र के बरौली निवासी आसिफ अली के रूप में हुई है।मिली जानकारी के अनुसार, आसिफ अली किसी काम से जलालपुर बाजार गए थे। वहां से वापस लौटने के दौरान सिसवा गांव के समीप सड़क गीली होने के कारण उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई।इससे वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।दुर्घटना के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने उन्हें एक निजी चिकित्सक के यहां पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

तूफानी बारिस ने किसानों की तोड़ी कमर

100 बीघे से अधिक धान की फसल बर्बादउपादान वितरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में जुटे सैकड़ों किसान

आलू और सरसों की बुवाई पर भी संकट



फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) अर्नव तूफान के असर से हुई बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। खेतों में लहलहा रही धान की फसल से लेकर कटाई के बाद खेतों में रखे धान तक को भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं, आलू और सरसों की बुवाई कर चुके किसानों के सामने भी फसल बर्बाद होने का संकट खड़ा हो गया है। शुरूआती आकलन के अनुसार, 100 बीघे से अधिक क्षेत्र में धान की फसल प्रभावित हुई है। इससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है और उनकी आर्थिक स्थिति पर भी संकट मंडराने लगा है।बारिश और तेज हवा के कारण धान की खड़ी फसल खेतों में गिर गई है। इससे धान की बालियां जमीन से सट गई हैं। खेतों में पानी जमा होने के कारण फसल की कटाई और तैयार धान को सुरक्षित निकालना भी मुश्किल हो गया है। जिन किसानों ने धान काटकर खेतों में रखा था, उनकी फसल भी बारिश की चपेट में आ गई। नमी बढ़ने से धान के दाने खराब होने और गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है। तूफान की बारिश ने आलू और सरसों की खेती करने वाले किसानों की चिंता भी बढ़ा दी है। पूर्व के दिनों में आलू की बुवाई कर चुके किसानों के खेतों में पानी जमा होने से बीज सड़ने और अंकुरण प्रभावित होने का खतरा है। वहीं, सरसों की बुवाई के बाद खेतों में जलजमाव से बीज गलने की समस्या उत्पन्न हो रही है। इससे पौधों के विकास पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।किसानों का कहना है कि खेती में पहले ही बीज, खाद, जुताई और मजदूरी पर काफी खर्च हो चुका है। अब मौसम की मार ने उनकी उम्मीदों को झटका दिया है। यदि जल्द खेतों से पानी नहीं निकला और मौसम अनुकूल नहीं हुआ, तो किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।